हिन्दी दैनिक
पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित
# रोजनामा इन्डो गल्फ
www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com
सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम
पटना, रविवार | 06 अप्रैल 2025 | वर्ष : 03 अंक :93 | पृष्ठ -12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण

## ब्रीफ न्यूज

### आयुष्मान भारत योजना लागू करने के लिए शनिवार को केंद्र के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर होगा: रेखा गुप्ता



एजेंसी

**नई दिल्ली:** राजधानी में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत दिल्ली सरकार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के क्रियान्वयन के लिए शनिवार को केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने वाली है। यह जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी।एक बयान के अनुसार, शुक्रवार को गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।इस योजना के तहत दिल्ली में पात्र परिवारों को 10 लाख रुपये तक का वार्षिक स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा, जिसमें केंद्र से पांच लाख रुपये और दिल्ली सरकार से अतिरिक्त पांच लाख रुपये मिलेंगे।गुप्ता ने कहा कि यह योजना लाखों दिल्लीवासियों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करेगी।

## 'मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान': 'मित्र विभूषण'

# अवॉर्ड मिलने पर बोले पीएम मोदी...जानिए श्रीलंकाई मेडल की खासियत

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पड़ोसी देश श्रीलंका में हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार (5 अप्रैल) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित किया है।**



एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पड़ोसी देश श्रीलंका में हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शनिवार (5 अप्रैल) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित किया है। ढट मोदी ने कहा कि यह मेरा नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है।

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था। उनके पहला विदेशी मेहमान बनने का सौभाग्य मुझे मिला। यह हमारे विदेशी संबंधों की गहराई का प्रतीक है।

सुरक्षा सहयोग पर काम करने के लिए हम सहमत

कोलंबो में मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि हमारे सुरक्षा हित समान है। दोनों देशों की सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़ी है। एक-दूसरे पर निर्भर है। भारत के हितों के प्रति उनकी संवेदनाओं के लिए मैं राष्ट्रपति दिसानायके का आभारी हूं। रक्षा सहयोग में संपन्न किए गए महत्वपूर्ण समझौते का हम स्वागत करते हैं। कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव और हिंद महासागर में सुरक्षा सहयोग पर भी मिलकर काम करने के लिए हम सहमत हैं।नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने सबका साथ, सबका विकास का विजन अपनाया है। हम अपने सहयोगी देशों की प्राथमिकताओं को भी महत्व देते हैं। पिछले 6 महीनों में ही हमने 100 मिलियन डॉलर से अधिक के ऋणों को अनुदान में बदला है। हमारा द्विपक्षीय ऋण पुनर्गठन समझौता श्रीलंका के लोगों को तत्काल सहायता और राहत प्रदान करेगा। आज हमने ब्याज दर कम करने का फैसला किया है। यह दशार्ता है कि भारत आज भी श्रीलंका के लोगों के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई। मोदी ने भारतीय मछुआरों को रिहा करने और उनकी नावों को छोड़ने की बात कही। तमिल मुद्दे पर मोदी ने कहा कि उन्हें यकीन है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की उम्मीदों को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के तहत मिले पूरे अधिकारों को लागू करेगी।

ढट मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की मौजूदगी में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (वअए) और श्रीलंका के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (टङ्गव) का आदान-प्रदान हुआ। यह समझौता भारत, वअए और श्रीलंका के बीच सहयोग को बढ़ाने के लिए है, जिसमें मुख्य रूप से एनर्जी, समुद्री व्यापार, और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्र शामिल हो सकते हैं।कोलंबो में नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संयुक्त रूप से सौमपुरा सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। प्रोजेक्ट का मकसद श्रीलंका की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। भारत की नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन और श्रीलंका की सेलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (उएइ)मिलकर इसे डेवलप कर रहे हैं।श्रीलंका सरकार यह सम्मान उन देशों के राष्ट्राध्यक्षों को देती है, जिनके श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध होते हैं। भारत के ऐतिहासिक तौर पर श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। इन अच्छे संबंधों को ही मान्यता देते हुए श्रीलंका की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को यह सम्मान दिया है। यह गैर-नागरिकों को दिया जाने वाला श्रीलंका का सर्वोच्च सम्मान है।

## वक्फ विधेयक को लेकर पर्सनल लॉ बोर्ड ने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा



**बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दीदी द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र में कहा गया है, विधेयक द्वारा किए गए संशोधन में ऐसे बदलाव शामिल हैं जो वक्फ संस्थान के प्रशासन और स्वायत्तता को प्रभावित करते हैं।**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन विधेयक पर अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का समय मांगा है। विधेयक को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिल गई है।राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के साथ यह अधिनयम बन जाएगा। बोर्ड की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दीदी द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र में कहा गया है, विधेयक द्वारा किए गए संशोधन में ऐसे बदलाव शामिल हैं जो वक्फ संस्थान के प्रशासन और स्वायत्तता को प्रभावित करते हैं।पत्र में आगे कहा गया है, आपसे मिलने का हमारा उद्देश्य हाल ही में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और देश भर में मुस्लिम समुदाय के लिए इसके निहितार्थ के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करना है। बोर्ड ने दावा किया कि यह विधेयक पूरी तरह से असंवैधानिक है और देश के मुसलमानों पर हमला है।बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दीदी द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र में कहा गया है, विधेयक द्वारा किए गए संशोधन में ऐसे बदलाव शामिल हैं जो वक्फ संस्थान के प्रशासन और स्वायत्तता को प्रभावित करते हैं।

## नक्सलियों से अमित शाह की अपील, हथियार छोड़ मुख्यधारा में लौटें, मारे जाने पर कोई नहीं होता खुश



एजेंसी

**दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके दंतेवाड़ा के दौरे पर हैं। अमित शाह ने कहा कि अगले मार्च तक हम पूरे देश को इस लाल आतंक (नक्सलवाद) से मुक्त कराने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अब वो समय चला गया जब यहां गोलियां चलती थीं, बम फटते थे। मैं उन सभी लोगों से, जिनके हाथ में हथियार हैं, सभी नक्सली भाइयों से आग्रह करने आया हूं कि वे अपने हथियार छोड़ दें। जब कोई नक्सली मारा जाता है तो कोई खुश नहीं होता, लेकिन इस क्षेत्र को विकास की जरूरत है।अमित शाह ने कहा कि विष्णु देव साय और विजय शर्मा ने घोषणा की है कि जो गांव हर नक्सली को सरेंडर करवाएगा, उस गांव को नक्सल मुक्त घोषित किया जाएगा और विकास निधि के रूप में एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने अपील की कि मुख्यधारा से जुड़िए, भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार आपकी पूरी सुरक्षा करेगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

## वक्फ बिल का बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किया बचाव, बोले- इसमें सुधार की आवश्यकता



एजेंसी

**पटना:** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को वक्फ बोर्ड में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए इसकी संपत्तियों पर व्यापक विवादों का हवाला दिया। खान ने उत्तर प्रदेश में वक्फ बोर्ड के प्रभारी पूर्व मंत्री के रूप में अपने अनुभव साझा किए और कहा कि वक्फ की 90 प्रतिशत से अधिक संपत्तियां कानूनी विवादों में उलझी हुई हैं। उन्होंने कहा, "यह दुर्लभ है कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग धर्मार्थ उद्देश्यों, जैसे कॉलेज, विश्वविद्यालय या अनाथालय चलाने के लिए किया जाता है। इसके बजाय, वे बड़े पैमाने पर संपन्न वर्ग के हितों की सेवा करते हैं।आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि जब मैं यूपी में मंत्री था, तो कुछ समय तक मैंने वक्फ विभाग संभाला था। मुझे हमेशा ऐसे लोगों से मिलना पड़ता था, जिनके पास संपत्ति से जुड़े मामले चल रहे होते थे। वक्फ संपत्तियां लोगों के कल्याण के लिए होती हैं। उन्होंने कहा कि पटना में बहुत सारी वक्फ संपत्तियां हैं, लेकिन पटना में वक्फ के तहत कोई एक अस्पताल या अनाथालय बताइए। वहां सिर्फ मामले ही बनते हैं। इसमें बहुत सुधार की जरूरत थी। और यह वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है। राज्यसभा ने वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को बृहस्पतिवार को लंबी चर्चा के बाद 95 के मुकाबले 128 मतों से मंजूरी दे दी। इस विधेयक के बारे में सरकार ने दावा किया कि इसके कारण देश के गरीब एवं पसमांदा मुसलमानों एवं इस समुदाय की महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में काफी मदद मिलेगी। इसी के साथ संसद ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 को मंजूरी प्रदान कर दी। लोकसभा ने बुधवार देर रात करीब दो बजे इन्हें पारित किया था।

## तेजस्वी यादव ने वक्फ बिल को बताया असंवैधानिक, बोले- देश को बांटना चाहती है भाजपा



एजेंसी

**पटना:** राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 की कड़ी निंदा करते हुए इसे असंवैधानिक बताया और भाजपा पर इसका इस्तेमाल देश को बांटने और महत्वपूर्ण मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए करने का आरोप लगाया। उनकी टिप्पणी संसद के दोनों सदनों द्वारा लंबी और गहन बहस के बाद विधेयक पारित होने के बाद आई। यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राजद ने लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ विधेयक का विरोध किया है। हमारे सभी सांसदों ने इसके खिलाफ मतदान किया। हम सभी का मानना ??है कि यह एक असंवैधानिक विधेयक है, यह अनुच्छेद 26 का उल्लंघन है। तेजस्वी ने भाजपा पर ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने के लिए विधेयक को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा के लोग ध्रुवीकरण करना चाहते हैं, देश को बांटना चाहते हैं, वे बेरोजगारी, महंगाई, पलायन, आर्थिक स्थिति, गरीबी जैसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहते हैं। यादव ने सत्तारूढ़ पार्टी की वैचारिक जड़ों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, आरएसएस और भाजपा संविधान के खिलाफ हैं क्योंकि वे नागपुर (आरएसएस मुख्यालय) के कानून को लागू करना चाहते हैं। हम धर्मनिरपेक्ष हैं।

## वक्फ बिल पर चल रही डिबेट के दौरान संसद में उपस्थित नहीं थे अभिषेक बनर्जी? जानें आरोपों पर (टीएमसी सांसद ने क्या कहा



एजेंसी

**पश्चिम बंगाल:** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौहाद सिद्दीकी पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा है कि डायमंड हार्बर के सांसद और टीएमसी के अन्य विधायक इस सप्ताह की शुरूआत में संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा और मतदान का हिस्सा नहीं थे। बनर्जी ने सिद्दीकी की टिप्पणी को झूठा करार दिया और उनसे इसे वापस लेने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि अगर वह 48 घंटे के भीतर ऐसा करने में विफल रहे तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वक्फ विधेयक गुरुवार को राज्यसभा में 128-95 मतों से पारित हो गया, जबकि एक दिन पहले लोकसभा में इसके पक्ष में 288 मत पड़े थे, जबकि इसके खिलाफ 232 सांसदों ने मतदान किया था। अभिषेक बनर्जी के वकील संजय बसु ने नौशाद को दिए गए नोटिस में कहा यह ध्यान देने योग्य बात है कि आपने मेरे मुवक्किल के खिलाफ झूठ फैलाने और गलत तथा भ्रामक बयान देने का विकल्प चुना है, ताकि मुस्लिम आबादी और पश्चिम बंगाल के लोगों को यह विश्वास दिलाया जा सके कि मेरे मुवक्किल उस समय लोकसभा में मौजूद नहीं थे, जब मतदान प्रक्रिया चल रही थी। पश्चिम बंगाल विधानसभा में आईएसएफ के एकमात्र विधायक सिद्दीकी एक स्थानीय बंगाली समाचार पोर्टल को दिए साक्षात्कार में कहा कि अभिषेक बनर्जी सहित कई टीएमसी सांसदों ने वक्फ विधेयक पर बहस में हिस्सा नहीं लिया।

## वक्फ पर डैमेज कंट्रोल में जुटी जेडीयू, मुस्लिम नेताओं से कराई PC, बताया पार्टी ने क्यों दिया BJP का साथ



एजेंसी

**पटना:** भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने को ऐतिहासिक बताया। लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडी(यू) के लिए यह बहुत अच्छा नहीं रहा। जनता दल (यूनाइटेड) के पांच वरिष्ठ नेताओं ने वक्फ संशोधन विधेयक पर पार्टी के रुख से असंतुष्टि जताते हुए अपने इस्तीफे की पेशकश की। पार्टी से इस्तीफा देने वाले नेताओं की सूची में नदीम अख्तर पांचवें और सबसे ताजा इस्तीफे हैं। इससे पहले राजू नैय्यर, तबरेज सिद्दीकी अलीग, मोहम्मद शाहनवाज मलिक और मोहम्मद कासिम अंसारी ने पार्टी से नाता तोड़ लिया था। हालांकि, जदयू अब डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। शनिवार को मुस्लिम नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पार्टी के तीन मुस्लिम नेता भी मौजूद थे जो लगातार वक्फ कै विरोध कर रहे थे। इस पीसी में शिया वक्फ बोर्ड चेयरमैन अफजल अब्बास, जदयू अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, एमएलसी गुलाम गौस, पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम, सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अंजुम आरा, कहकशा परवीन और सलीम परवेज शामिल हुए। जेडीयू नेता अंजुम आरा ने कहा ने कहा कि जेडीयू ने पांच सुझाव या शर्तें पेश की थीं, जिन्हें वक्फ संशोधन विधेयक में स्वीकार कर लिया गया। पहला- जमीन राज्य का मामला है, इसलिए कानूनों में भी यह प्राथमिकता बनी रहे।

## ऑल इंडिया मुस्लिम...वक्फ बिल के समर्थन में खुलकर उतरा ये संगठन,

# पूरी पारदर्शिता के साथ जमीन का इस्तेमाल होने की उम्मीद जताई



एजेंसी

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड ने संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है तथा सरकार से वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अंबर ने कहा कि जो कदम आज सरकार ने उठाया है, वह पहले की सरकारों और धार्मिक नेताओं को उठाना चाहिए था। सकारात्मक काम होना चाहिए। जो लोग वक्फ को दान देते हैं, उनकी मंशा होती है कि उनके दान का इस्तेमाल गरीबों के लिए किया जाएगा।उन्होंने कहा कि लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। ऐसा नहीं है कि सभी वक्फ की जमीनों का दुरुपयोग किया गया, लेकिन वक्फ बोर्ड ने ईमानदारी से काम नहीं किया और जो करना चाहिए था, वह नहीं किया। हम सरकार से उम्मीद करते हैं और अनुरोध करते हैं कि अगर बिल आया है, तो वक्फ की जमीनों का इस्तेमाल पूरी पारदर्शिता के साथ गरीब तबके के लिए किया जाए। आज तक किसी भी सरकार ने मुसलमानों के लिए काम नहीं किया और उन्होंने सिर्फ वोटों की राजनीति की। शाइस्ता अंबर ने कहा कि वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जे को मुक्त कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भाजपा सरकार से महिलाओं के अधिकार दिलाने और वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाने का अनुरोध करते हैं। अब तक अन्य पार्टियों ने क्या किया, क्या वे सो रही थीं? मैं मौजूदा सरकार से अनुरोध करती हूं कि आज तक जो कुछ भी हुआ, उसे अब वक्फ की जमीनों को मुक्त कराने में मदद करें, जिन पर अवैध कब्जे हुए हैं, इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।इस्ता अंबर ने कहा कि वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जे को मुक्त कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम भाजपा सरकार से महिलाओं के अधिकार दिलाने और वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता लाने का अनुरोध करते हैं। अब तक अन्य पार्टियों ने क्या किया,

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई सम्राट अशोक जयंती, लोगों ने किया नमन

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

- पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. जगजीवन राम की जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई
- कांग्रेस ने जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनने नहीं दिया: शिवेश राम
- जगजीवन राम न केवल एक राजनेता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी: जगन्नाथ ठाकुर
- जगजीवन राम ने संसदीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में अविस्मरणीय योगदान दिया: मिथिलेश तिवारी
- सम्राट अशोक और जगजीवन राम के प्रेरणादाई जीवन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है : राजेश वर्मा
- जगजीवन राम के विचार और संघर्ष हमे सदैव प्रेरित करते रहेंगे: ललन मंडल




पटना, 5 अप्रैल। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज महान शासक सम्राट अशोक और पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. जगजीवन राम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में महान शासक सम्राट अशोक और जगजीवन राम को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस मौके पर भाजपा प्रदेश के महामंत्री शिवेश राम, जगन्नाथ ठाकुर, मिथिलेश तिवारी, ललन मंडल और राजेश वर्मा तथा कार्यालय मंत्री प्रवीण चंद्र पटेल और सुग्रीव कुमार सहित प्रदेश पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं ने महान शासक सम्राट अशोक और बाबू जगजीवन राम को याद कर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

महामंत्री शिवेश राम ने इस मौके पर कहा कि शोषित वर्गों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ने वाले बाबू जगजीवन राम को कांग्रेस ने देश का प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने दलित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। वे हमेशा सामाजिक समानता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के समर्थक रहे। उन्होंने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया कि एक व्यक्ति अपने बलबूते पर समाज की धारणाओं को बदल सकता है।

महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर ने कहा कि बाबू जगजीवन राम न केवल एक राजनेता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे, जिन्होंने भारत को एक समान और न्यायपूर्ण समाज बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# चिराग सपसवान ने पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पटना में सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम जी की जयंती पर उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

आगे श्री चिराग ने कहा कि शोषितों-वंचितों के हितों के संरक्षण व संवर्धन के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। जन-जन के लिए वे सदैव प्रेरणा-पुंज रहेंगे।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, प्रदेश महासचिव रवि रंजन प्रसाद सिंह, एससी/ एसटी के प्रदेश महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड के प्रदेश महासचिव मनीष सिंह आदि पार्टी नेता मौजूद थे।

# मैट्रिक की परीक्षा 2025 में परचम लहराने वाले छात्राओं को एएन कोचिंग सेंटर खैरी बांका के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित की गई



**प्रखडं संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड क्षेत्र में:- मैट्रिक की परीक्षा 2025 में परचम लहराने वाले छात्राओं को एएन कोचिंग सेंटर खैरी बांका के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित की गई ।कोचिंग के डायरेक्टर मो.फहद अंजुम ,फैसल अंजुम सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा अच्छे प्रदर्शन करने वाले 53 छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए मेडल ,प्रशस्ति पत्र सहित कॉपी कलम देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर बोलते हुए फहद अंजुम ने कहा कि यंहा से कुल 80 छात्र एवं छात्राओं ने इस बार की मैट्रिक परीक्षा में सम्मलित हुई ।जिसमें 53 छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई ।वंही कोचिंग सेंटर के टॉपर्स रहे दो छात्राएं इकरा अनवर एवं आरफीन प्रवीण ने 456 अंक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन की है ।जबकि दूसरे स्थान पर यासमीन 445 ,अफीफा 429,साइका प्रवीण 424,मो.आकिब 421 तथा मो.निहाल ने 400 अंक प्राप्त कर अपने परिजनों सहित गुरुजनों को गौरवान्वित किया है ।लोगो ने उनके इन बेहतर अंक लाने पर बधाई देते हुए आगे भी अच्छे करने की शुभकामनाएं दी ।

# चिराग पासवान जी ने अपने पापा की जन्मभूमि खगड़िया के शहरबन्नी में अपनी बड़ी मां से मुलाकात किया



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री माननीय श्री चिराग पासवान जी ने अपने पापा की जन्मभूमि खगड़िया के शहरबन्नी में अपनी बड़ी मां से मुलाकात किया, उनके स्वास्थ की जानकारी ली और आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

पिछले कुछ दिनों से परिवार के ही कुछ सदस्यों द्वारा जो उम्र और अनुभव में मुझसे काफी बड़े है और आर्थिक महत्वकांक्षा की आड़ में मेरी बड़ी मां को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जो कतई स्वीकार नहीं है। आने वाले दिनों में सबको माकूल जवाब मिलेगा।

# 06 अप्रैल को पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस को लेकर जिला स्तरीय करणीय कार्य को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

भारतीय जनता पार्टी का नया जिला कार्यालय के सभागार में जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा जी की अध्यक्षता और जिला महामंत्री सुबोध कुमार चौधरी के संचालन में 06 अप्रैल को पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस को लेकर जिला स्तरीय करणीय कार्य को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। कार्यक्रम के शुरूआत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के तैल चित्र पर पुष्पांजलि वंदे मातरम गीत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि प्रदेश सह कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह विधान परिषद घनश्याम ठाकुर जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा मेयर अरुण राय देवेंद्र कुमार यादव प्रमोद सिंह सुबोध चौधरी रंजीत यादव सरोज सिंह को पाग चादर पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश सह कोषाध्यक्ष आशुतोष सिंह जी ने विस्तार पूर्वक संगठन की मजबूती के साथ 6 अप्रैल 1980 ई को पार्टी की स्थापना दिवस पर चर्चा की इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 45 वर्षों से हमारे कार्य करता सभी राज्यों में भाजपा संगठन को सींचने का काम किया पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी बने। 6 अप्रैल को सभी मंडल अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रभारी अपने-अपने आवास पर पार्टी का झंडा लगाएंगे साथ ही उसी दिन रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम का भी झंडा लगाएंगे। वफ्क बिल संशोधन पर सफलता मिली है उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में मां सीता जी का भव्य मंदिर निर्माण होगा ।इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद घनश्याम ठाकुर ने भाजपा का चुनावी सफलता एवं संगठन का विस्तार भारतीय राजनीति में लाया गया परिवर्तन पर बल दिया। मेयर अरुण कुमार राय ने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 24 अप्रैल को मधुबनी आगमन होने जा रहा है 8 ,9 अप्रैल को विधानसभा स्तरीय बैठक करना है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रमिला पूर्व राधा देवी माला देवी सतीश ठाकुर प्रशांत ठाकुर मनोज कुमार मुन्ना श्रवण कुमार पूर्व अमरनाथ प्रसाद संजीव कुमार बादल महेंद्र पासवान रणधीर खन्ना संजय महतो शेखर सुमन कन्हैया साह आदित्य झा नागेंद्र राउत पवन शाह पवन झा अनिल सिंह मृत्युंजय कुमार कुंदन अविनाश पासवान शंभू झा कुशेश्वर कुशवाहा रितु देवी प्रभात सिंह अरविंद तिवारी नगर अध्यक्ष पिंटू रौनियार राम सकल यादव शिव शंकर पांडे सुशील सहनी राज किशोर बुलेट अरुण राय शिवनाथ दास कविता झा अशोक राम चंदन चौधरी मनीष करण प्रभात सिंह मीनाक्षी श्रीवास्तव अरविंद तिवारी अजय भगत सहित सभी मंडल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी और देवतुल्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रामनवमी पर्व के अवसर पर रउद्ट/रउद्धड के नेतृत्व में सभी रल्ठड/उड के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च किया गया

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला भर में रामनवमी पर्व के अवसर पर रउद्ट/रउद्धड के नेतृत्व में सभी रल्ठड/उड के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च किया गया ।: आगामी रामनवमी पूजा को लेकर शांतिपुर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु जिला के विभिन्न थानाक्षेत्रों में कुल-96 उख को जप्त किया गया।

## आवास लाभुकों से घूस लेने के आरोप पर सोमवार आवास सहायक पर प्राथमिकी दर्ज, डीएसपी टू करेंगे केस का अनुसंधान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार के निर्देश पर आवास पर्यवेक्षक द्वारा प्रखंड क्षेत्र के चकमहेसी थाना में सोरमार पंचायत के आवास सहायक प्रणव कुमार ठाकुर पर करप्शन को लेकर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधानकरता डीएसपी टू विजय महतो होंगे। आगे प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि प्राथमिकी आरोपी के विरुद्ध ऑडियो वायरल हुआ था ।पंचायत में जाकर जांच की गई ।जांचों उपरांत आवास पर्यवेक्षक को निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

# वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के नेतृत्व में जिला के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के नेतृत्व में जिला के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

वरीय पुलिस अधीक्षक, दरभंगा के नेतृत्व में आज चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी पर्व के दृष्टिगत विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु जिले के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर एरिया डोमिनेशन किया गया।

इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, शहरी क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित रहे।

# बिस्फी के गढ़िया मे इल्म ऐसियोंशन के द्वारा वक़्फ बिल के विरोध मे नीम चौक से नरसाम तक काली पट्टी बांध किया गया प्रदर्शन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड के गढ़िया मे इल्म ऐसियोंशन के द्वारा वक़्फ बिल के विरोध मे नीम चौक से नरसाम तक काली पट्टी बांध प्रदर्शन किया केंद्र सरकार एवं नीतीश कुमार चिराग पासवान के खिलाफ जम के नारेबाजी की गई वही कांग्रेस नेता ठरवकके पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ राशिद फाखरी ने कहा की ये बिल संबिधान के खेलाफ है जबरदस्ती मुसलमानो पर थोपा जा रहा है नीतीश कुमार एवं चिराग पासवान ने मुसलमानो के साथ विश्वास घात किया है ये लोग आपने आप को सेकुलर कहते हैं इस बिल का समर्थन कर के दोनों ने साफ कर दिया मुस्लिम विरोधी है इस का जवाब अगामी विधानसभा बिहार की जनता जवाब देगी वक़्फ मुसलमानो की मलकियत है इस मे किसी का हस्तक्षेप मुसलमानो को मंजूर नहीं किया नरेंद्र मोदी अन्य धार्मिक संस्थाओ मे मुस्लिम को सदस्य बनाएगा ये बार बार मुस्लिम विरोधी बिल ला के मुसलमानो को परेशान करने का काम करते हैं वही उन्होंने कहा की ये गढ़िया से शुरू हुआ है आगे भी विरोध जारी रहेगा इस मोके पर इल्म के चेयरमैन नियाज राज वाइस चेयरमैन मोङ्क गालिब, मोङ्क एहसान, डा. राशिद फाखरी, पूर्व उप प्रमुख चाँद उस्मानी, पंचायत समिति महफूज आलम तहसीन कालू, सरताज, आदिल, राशिद, मोङ्क मंजर सहित भारी संख्या लोग उपस्थित थे

# दरभंगा वॉव वाटर पार्क का उद्घाटन होते ही छात्र-छात्राओं में हर्ष




**प्रखंडसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

वॉव वाटर पार्क दरभंगा जिला के एन एच. 57 बिजली हॉलट के निकट इस वॉव वाटर पार्क खुलने से सभी लोग वॉव वाटर पार्क में आनंद लेने के लिए दूर दराज से लोगो की भीड़ देखने को मिल रहि है ' वॉव वाटर पार्क का उद्घाटन होते ही छात्र-छात्राओं को अब बड़े शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी वॉव वाटर पार्क का आनंद अब अपने जिला दरभंगा के बिजुली हॉलट एन.एच 57 के निकट ही उन्हें मिल जाएगा वाटर पार्क के प्रोपराइटर मुजम्मिल हसन एवं मैनेजर विशाल कुमार ने बताया कि हमारे यहां पूरी सुरक्षा के साथ सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है खास कर महिलाओं के लिए स्पेशल सेक्रेटरी की व्यवस्था की गई है '

ताकि जो भी पेरेंस है उन्हें किसी तरह की कोई कठिनाई न हो

यहां वेल्मिंटन वाव रेस्टोरेंट भी इसी कैंपस में सभी तरह के खाना एवं वेज नॉन वेज पर भी विशेष छूट के साथ आप स्वाद ले सकते हैं '

वही विशाल कुमार ने बताया कि यहां गाड़ी पार्किंग से लेकर सारी सिक्योरिटी इसी कैंपस में मिल जाएगी और हम लोगों का उद्देश्य है की सभी कस्टमर को अच्छी से अच्छी सुविधा प्रदान करना कि हमारा उद्देश्य है एक बार आप जरूर आई और इस वाटर पार्क का आनंद उठाइए

विशेष जानकारी के लिए हमारा मोबाइल नंबर है, 7070915144 9263 467 639

इस पर भी आप विशेष जानकारी एवं कांटेक्ट कर सकते हैं और टिकट से संबंधित और भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

से हर मौसम में अलग-अलग ऑफर रहता है खास कर स्टूडेंट और

आने वाले अतिथियों के लिए विशेष छूट रखी गई है '.पता.एनएच. 57 वॉव वाटर पार्क कैंपस बिजली हाल्ट नियर सीता पेट्रोल पंप दरभंगा

# जन सुराज पार्टी करेगी 11 अप्रैल को बिहार बदलाव रैली



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर ब्लॉक के तहत सतमलपुर जन सुराज अभियान समिति सदस्य वसीम राजा ने अपने निवास स्थान पर प्रेस वार्ता कर मीडिया कर्मियों को बताया कि आगामी 11 अप्रैल 2025 को पटना के गांधी मैदान में बिहार बदलाव रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने आम नागरिकों के अलावा जन सुराज पार्टी के कार्यकताओं से इस रैली में भाग लेने की अपील की। प्रेस वार्ता में वसीम राजा ने बताया कि यह रैली बिहार के लिए मिशाल कायम करेगी। उन्होंने बताया कि रैली में बिहार के सभी जिलों से काफी तायदाद में लोगों की आने की संभावना है। मौके पर जन सुराज अभियान समिति सदस्य वसीम राजा के अलावा, वारिसनगर प्रखंड के संयोजक कुंदन कुमार झा, प्रखंड अध्यक्ष मो जहांगीर आदि मौजूद थे।

# राहुल गाँधी को सुनने बिहार के सामाजिक न्याय आंदोलन के सिपाही बड़ी संख्या में आएंगे पटना : अनिल जयहिंद

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना. शनिवार, 5 अप्रैल 2025कॉंग्रेस पार्टी का सामाजिक न्याय और पिछड़ों, अतिपिछड़ों, दलितों सहित तमाम वंचित समुदाय के विकास के पक्ष में कई नीतियों के निर्माण का इतिहास रहा है। परन्तु हाल के सालों में देश के अलग अलग हिस्सों में संविधान और सामाजिक न्याय के लिए देश के विपक्ष के नेता राहुल गाँधी आंदोलनकारी की भूमिका में हैं। यह कहा जाना उचित होगा की सामाजिक एवं राजनीतिक परिवर्तन के लिए राहुल गाँधी लगातार देश - समाज के वंचित वर्ग से संविधान सुरक्षा सम्मेलनों के जरिए संवाद स्थापित कर रहे हैं। ये बातें बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस - वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।
संविधान सुरक्षा सम्मेलन के संयोजक डॉ. अनिल जयहिंद ने बताया कि आगामी 7 अप्रैल को लगातार तीसरी




बार न्याय योद्धा जननायक राहुल गाँधी पटना आ रहे हैं। वें पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है की स्वाधीनता संग्राम के दौरान महात्मा गाँधी के नेतृत्व में हुआ नमक सत्याग्रह को याद करते हुए, अतिपिछड़ें वर्ग के नोनिया समाज के नायक बुद्धू नोनिया के समाज के प्रति योगदान, प्रजापति समाज के रत्न और अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम में किशोरावस्था के दरम्यान ही अपने प्राणों की आहूति देने वाले रामचंद्र विद्यार्थी देश के जाने माने कॉंग्रेस के सबसे बड़े नेताओं में से एक पिछड़े अतिपिछड़े और दलित वंचित वर्ग के कल्याण के लिए और समाज सुधार की दिशा में अनेकों योगदान करने वाले महान नेता बाबू जगजीवन राम के स्मृति के साथ साथ न्याय से जुड़े तमाम विषयों पर केंद्रित इस सम्मेलन में राहुल गांधी का आना इस बात को स्पष्ट करता है कि कमजोर वर्गों के विकास के साथ साथ संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए राहुल जी का यह मिशन अब आंदोलन का रूप ले चुका है। डॉ अनिल जयहिंद ने कहा कि इस सम्मलेन में बिहार के अलग अलग जिलों से पिछड़े, अतिपिछड़ें, पसमांदा, दलित, आदिवासी वर्ग के सामाजिक संगठनों से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले आंदोलन से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इससे जुड़े संगठनों एवं कार्यकताओं ने आने की अपनी सहमति पत्र भी राहुल गांधी के नाम भेजे हैं। इन सभी सहमति पत्रों को न्याय योद्धा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गाँधी को जनसमूह के मौजूदगी में सौंपा जाएगा। सामाजिक सम्मेलनों में आ रहे न्याय योद्धाओं की भीड़ इस बात की गवाह है की बिहार और देश परिवर्तन की अंगड़ाई ले रहा है। न्याय की लड़ाई के पथ पर राहुल जी का नेतृत्व निरंतर आगे बढ़ रहा है।संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी सुशील कुमार पासी, पूर्व सांसद अली अनवर, मोती लाल शर्मा, राजेश राठौड़, मंजीत आनंद साहू मौजूद रहें।

# रामनवमी के अवसर निकाला जाएगा शोभा यात्रा




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। राम नवमी के शुभ अवसर पर आगामी 06 अप्रैल रविवार को मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी के 47 वाँ शोभायात्रा के पावन अवसर पर तैयारी हेतु आज अंतिम पड़ाव में जनसंपर्क अभियान मालसलामी, मारूफगंज, हाजीगंज, चौक, मच्छरहट्टा, खाजेकला, गुरहट्टा, पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज, भद्रघाट, गायघाट, मीना बाजार, गुलजरबाग, पहाड़ी, बजरंगपुरी एवं पटना सिटी के विभिन्न स्थानों पर किया गया इसमें सभी श्रद्धालु को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने के लिए आमंत्रण किया गया एवं सभी श्रद्धालु उत्साह के साथ शोभायात्रा में सम्मिलित होने के आग्रह दिखाई उसके बाद श्री राम जन्मोत्सव समिति से जुड़े हुए सभी गणमान्य पदाधिकारीयों महत्वपूर्ण बैठक मच्छरहट्टा स्थित कार्यालय पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय रामचंद्र चंद्रवंशी के आवास पर राजेश कुमार चंद्रवंशी के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में अध्यक्ष राजेश कुमार चंद्रवंशी, नरेन्द्र कुमार, मुरारी राय, प्रोफेसर अरुण कुमार, विनय कुमार बिट्टू, श्रवण कुमार चंद्रवंशी, शंकर महतो, संतोष कुमार चौरासिया, बाबु भाई, गौरव कुमार, प्रमोद राज, मुन्ना सरकार ने शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए पटना सिटी के शोभायात्रा में सम्मिलित सभी समिति के पदाधिकारीयों एवं कार्य समिति के सद्स्य झांकी मंडली, भजन कीर्तन मंडली, बैंड बाजा वाले को ससमय पर शोभायात्रा को प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समापन करने के लिए आवेदन किए। साथ ही शोभायात्रा में धार्मिक उन्माद, भड़काऊ भाषण, राजनैतिक दलों के बारे मे पोस्ट या चर्चा से नहीं हो इस पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया और शोभायात्रा में सम्मिलित सभी समिति के पदाधिकारी, झांकी मंडली, भजन कीर्तन मंडली, बैंड बाजा वाले सभी ने सहमति प्रदान किए। साथ ही झांकी एवं ध्वजा समिति के मुख्य बैनर एवं पदाधिकारियों के पीछे कतारबद्ध होकर निकलेंगे उस विषय पर सहमति जताई, इस बार डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होगी एवं शोभायात्रा को प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा तय किया गया सभी दिशा निर्देश पालन करने पर आम सहमति बनी, आज की इस महत्तवपूर्ण जनसंपर्क अभियान एवं महत्वपूर्ण बैठक में यश राज, सुरेंद्र पांडेय, भरत प्रसाद चंद्रवंशी, कैलाश कुमार, छोटू गिरि, अरुण जायसवाल, पंकज शुक्ला, अंकित कुमार, विशाल राउत, अभय कुमार, शंकर कुमार, गिरजा यादव, कृष्णा कुमार, आकाश कुमार निराला एवं बहुत सारे सक्रिय सदस्य शामिल हुए।

# वंशी चाचा का शहादत दिवस मनाने को लेकर बैठक सम्पन्न



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। शनिवार को शहर के मगरदही घाट स्थित बाबा गणिनाथ मंदिर परिसर में कानू हलवाई समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी धर्मेन्द्र साह ने की जबकि मंच का संचालन कानू उत्थान संघर्ष मोर्चा बिहार प्रदेश संयोजक सह प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदीप शाह शिवे ने किया। इस बैठक में 13 अप्रैल 2025 अमर शहीद वंशी साह उर्फ वंशी चाचा का शहादत दिवस मनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम कानू हलवाई अधिकार महारैली कार्यक्रम पटना मिलर हाई स्कूल के मैदान में होगा जिसमें अधिक से अधिक संख्या ले जाने को लेकर बैठक हुई। मौके पर डॉ अमित कुमार मुन्ना, अशोक साह, अनिल साह, चंदन कुमार, पंकज साह, जिला परिषद सदस्य अरुण गुप्ता, नगर पार्षद सदस्य चंदन गुप्ता, पूर्व प्रमुख नीलम साह, पूर्व जिला परिषद वींणा साह, डॉ अरुण गुप्ता, जामुन साह, प्रो जितेंद्र कुमार, रामकुमार साह, गौरी शंकर आदि मौजूद थे।

# चैती दुर्गा पूजा ध्रुवगामा मंदिर पर उमड़ी भीड़ श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन कर पूजा अर्चना की



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर में चैती दुर्गा पूजा के अष्टमी को लेकर शनिवार के दिन सात पट्टी ध्रुवगामा दुर्गा मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बतादें कि विगत 80 वर्षो से गुप्त मंदिर में दुर्गा पूजा होती आ रही है। पूजा कमिटी के राहुल रोशन सचिन चंदन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा मां की मंदिर में मूर्ती बनवाकर पुरोहित अमरिंदर झा यजमान इंदु शेखर द्वारा नवरात्र की पूजा अर्चना दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। कमिटी के सदस्यों में निलेश कुमार उर्फ मनचून कमिटी के सदस्य गुलशन कुमार, मनीष कुमार सहित ग्रामीण युवा के सहयोग से पूजा अर्चना कराई गई। वहीं दूसरी ओर प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर चौक दुर्गा मंदिर, मूसेपुर भारत माता हनुमान मंदिर, जटमलपुर पेठिया गाछी, खरसंड पश्चिम, केशोपट्टी दुर्गा मंदिर आदि दुर्गा मंदिरों में पूजा अर्चना धूमधाम से चल रही है। जगह-जगह काफी संख्या में श्रद्धालु माता का दर्शन करते देखे गए।शाम में कन्या एवं महिला मंदिरों पर जाकर दीप जलाकर पूजा अर्चना करते देखी गई। प्रखंड क्षेत्र के चारों तरफ भक्ति भाव देखा जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा परिवार ने मनाया सम्राट अशोक चौधरी की जयंती

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद




**समस्तीपुर।** शनिवार को मोरवा विधानसभा के मोरवा उत्तरी पंचायत अंतर्गत लसकारा वार्ड 1 में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद के अध्यक्षता में मौर्य वंशिय शासक चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। समारोह को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की भारत वर्ष के महान शासक तथा कलिंग युद्ध विजेता एवं धम्म विजय के उद्घोषक सम्राट अशोक को भारत वर्ष के महानायक एवं पथ प्रदर्शक का स्थान दिया गया। सम्राट अशोक को 84 हजार बौद्ध स्तुपों का निर्माण कर ख्याति प्राप्त किए थे। वहीं आम जनता के सुख सुविधा के लिए सड़क निर्माण, पेयजल तथा छायादार वृक्ष लगाने का काम किए थे। सम्राट अशोक के 13 वें शिलालेख मे कलिंग युद्ध तथा ह्रदय परिवर्तन का चर्चा किया गया। सम्राट अशोक कुशल एवं बुद्धिमान शासक थे। उनके पद चिन्हो पर चलना ही राष्ट्रीय लोक मोर्चा के हर एक कार्यकर्त्ता से अपील भी किए। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के अभियान को अग्रसर करने के लिए संकल्पित किए। समारोह में मौजूद सभी वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार दिए। समारोह में सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। मौके पर पूर्व जिलापार्षद विभा देवी, प्रदेश महासचिव देवनारायण सिंह, रामानंद सिंह, रामानंद सिंह, अमरजीत कुमार, मनोज कुमार राम, पन्नालाल सहनी, बलवंत सिंह, अकलू राम, राजेंद्र कुमार दास, रामविनोद साह, मो प्रवेज आलम, अनिल सिंह कुशवाहा, अच्छे लाल महतो, मनोरंजन सिंह, अमरजीत कुमार, रामप्रवेश ठाकुर, कमल किशोर शर्मा, ललित प्रकाश चौधरी, रामवरण चौधरी, संजय चौधरी निषाद, रविन्द्र दास, उमेश पासवान, अर्जुन मण्डल, नागदेव मण्डल, उपेंद्र शर्मा,रामवरण राम, चंदेश्वर सिंह, प्रदीप सहनी, संजीव कुमार राम, अवधेश कुमार सिंह, कमलेश सिंह, सुनील कुमार गुप्ता, रामा पासवान, रणधीर कुमार राय, महावीर राम, फुलकुमारी कुशवाहा, कृष्णदेव साह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# अग्नि पीड़ित परिवार के बीच रितु ने राहत साम्रगी का किया वितरण



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी । राजद महिला प्रदेश अध्यक्ष सह परिहार विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रितु जायसवाल ने परवाहा अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच राहत साम्रगी का वितरण किया। बबूरवन पंचायत के परवाहा में शुक्रवार को आग लगने से रामजीवन राय, कल्याण राय, इंद्रजीत राय, संजीवन राय और रजनीश राय घर जलकर राख हो गया था। अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर समेत घर में रखी नगद राशि भी जल गया था। सूचना मिलते ही पहुंची रितु ने अग्नि पीड़ित परिवार को सांत्वाना दिया। उन्होंने सभी पीड़ित परिवार को तिरपाल, अनाज, बर्तन उपलब्ध कराने के साथ ही परिवार के सदस्यों के लिए कपड़ा भी भेंट किया। रितु जायसवाल क्षेत्र में आम जनता के दुख एवं आपदा की घड़ी में इंसानियत देखाते हुए सहयोग करती रही हैं। श्रीमती रितु ने कहा कि भयावह आग ने इन परिवारों की नगद राशि, अनाज, कपड़े और घर का सारा सामान राख में बदल दिया। आज ये परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को पुर्नवास एवं राहत शीघ्र दिये जाने की मांग की।

# उधार सामन नहीं देने पर नाबालिग किशोरी के साथ दो युवकों ने किया गलत, मां ने रोसड़ा थाने में दिया आवेदन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**इसी बीच आरोपी जगरनाथ ने छुड़ा से मेरे हाथ पर प्रहार कर दिया, जिससे मैं बुरी तरह जख्मी हो गयी। पीड़िता की मां ने अनुमंडल अस्पताल में ईलाज कराए जाने की बात कही है।आवेदन में आरोपियों द्वारा दुकान के गल्ला से सात हजार रुपया नकद भी निकाल लिए जाने का जिक्र किया गया है। पीड़िता की मां ने उक्त दोनों आरोपी को अपराधी किस्म का बताया है और कहा है कि घटना के बाद से उनका परिवार दहशतजदा है।**

06 अप्रेल 2025समस्तीपुर/रोसड़ा :- रोसड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दो आरोपियों के द्वारा सामूहिक रूप से गलत किये जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता की मां ने थाना को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। इसमें थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी त्रिवेणी पासवान के पुत्र जगरनाथ पासवान व बिनो पासवान के पुत्र धोनी पासवान को आरोपित किया है।पीड़िता की मां ने कहा है कि बीते 29 मार्च की शाम उक्त दोनों आरोपी मेरे दुकान पर आए और वहां बैठी मेरी बेटी से पांच पुड़िया गुटखा देने को कहा। इस पर मेरी पुत्री ने कहा कि आपलोगों के यहां पहले से भी गुटखा का रुपया बकाया है, उधार नहीं देंगे,लेना है तो नकद लीजिए। इसी बात दोनों गुस्से में आ गया और गुटखा लेने का प्रयास किया। जब मेरी बेटी ने गुटखा लेने से रोक दिया तो उक्त दोनों आरोपी दुकान के अंदर घुस गए और गाली-गलौज करते हुए जोर-जबरदस्ती करने लगे।पीड़िता की मां ने आवेदन में कहा है कि उक्त दोनों आरोपियों ने उनकी नाबालिग पुत्री को पटक दिया और उसके प्राइवेट पार्ट के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पुत्री के रोने व चिल्लाने की आवाज पर मैं व मेरा पुत्र पहुंचे और बेटी को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच आरोपी जगरनाथ ने छुड़ा से मेरे हाथ पर प्रहार कर दिया, जिससे मैं बुरी तरह जख्मी हो गयी। पीड़िता की मां ने अनुमंडल अस्पताल में ईलाज कराए जाने की बात कही है।आवेदन में आरोपियों द्वारा दुकान के गल्ला से सात हजार रुपया नकद भी निकाल लिए जाने का जिक्र किया गया है। पीड़िता की मां ने उक्त दोनों आरोपी को अपराधी किस्म का बताया है और कहा है कि घटना के बाद से उनका परिवार दहशतजदा है। इधर, इंस्पेक्टर लालबाबू कुमार ने बताया कि पॉस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

# सहरसा नई दिल्ली अमृत भारत ट्रेन चले समस्तीपुर के रास्ते : कांग्रेस

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। सहरसा से नई दिल्ली के बीच नये अमृत भारत ट्रेन चलाने की जानकारी मिली है ऐसे में यह ट्रेन समस्तीपुर होते हुए परिचालित की जाय जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से जिला अध्यक्ष अबू तमीम ने इस बाबत मंडल रेल प्रबंधक से ट्रेन को हसनपुर रोसड़ा समस्तीपुर होते हुए पाटलिपुत्र के रास्ते रवाना करने की मांग की है, जिसे इस क्षेत्र का विकास हो सके। पहले अमृत भारत ट्रेन भी समस्तीपुर को नहीं मिल पाया ऐसे में यह मंडल रेल प्रशासन की क्षेत्र के प्रति उदासीनता होगी अगर यह अमृत भारत ट्रेन समस्तीपुर के रास्ते नहीं जाएगी। श्री तमीम ने कहा कि अमृत भारत ट्रेन हसनपुर के रास्ते चलने से यहां के लोगों को पटना जाने के लिए सीधी ट्रेन सेवा मिलेगी। इसके साथ ही क्षेत्र में दिल्ली जाने के लिए एक और नई ट्रेन मिल सकेगी अभी जहां दूसरे ट्रेनों पर वेटिंग का दबाव रहता है ऐसे में रह ट्रेन यात्रियों के लिए बेहतर हो पाएगी खासकर ग्रामीण क्षेत्र व आसपास के मिथिला के इलाके से जुड़े लोगों को भी यह ट्रेन का लाभ मिल सकेगा अगर मंडल रेल प्रशासन समस्तीपुर होकर परिचालित नहीं करेगी तो जिला कांग्रेस कमिटी इसके लिए आंदोलन करने पर विवश होगी।

## आवास लाभुकों से घूस लेने के आरोप पर सोमवार आवास सहायक पर प्राथमिकी दर्ज, डीएसपी टू करेंगे केस का अनुसंधान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार के निर्देश पर आवास पर्यवेक्षक द्वारा प्रखंड क्षेत्र के चकमहेसी थाना में सोरमार पंचायत के आवास सहायक प्रणव कुमार ठाकुर पर करप्शन को लेकर प्राथमिक दर्ज कराई गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधानकरता डीएसपी टू विजय महतो होंगे। आगे प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि प्राथमिकी आरोपी के विरुद्ध ऑडियो वायरल हुआ था।पंचायत में जाकर जांच की गई।जांचों उपरांत आवास पर्यवेक्षक को निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

## बारात से लौट रही स्कॉर्पियो में अचानक लगी आग। स्कॉर्पियो में सवार छह लोगों शीशा तोड़ बचाई अपनी जान

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर : समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना के पूसा-समस्तीपुर मुख्य मार्ग पर गरूआरा चौर इमली चौक के पास सनीचर की रात एक चलती हुई स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। जिसके बाद स्कॉर्पियो में सवार शाहिद रजा के परिवार के छह लोग किसी तरह कूदकर उससे बाहर निकले जिससे किसी तरह उनकी जान बच सकी। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम और मुफ्फसिल थाना की पुलिस को इस बात की जानकारी दी गई।जानकारी मिलने के बाद दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी स्कॉर्पियो जलकर खाक हो गई थी। जानकारी के मुताबिक धरमपुर निवासी एस एम मोनाजिर अली के पुत्र सैयद जीशान अली की शादी ताजपुर में थी, जिसके लिए सभी लोग बारात गए थे। शादी के बाद इफ03ल्ल 3031 नंबर की स्कॉर्पियो से बाराती वापस लौट रहे थे, तभी इमली चौक के पास चलती गाड़ी में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने सूझबूझ से आग लगी स्कॉर्पियो को किसी तरह रोका औ? दरवाजा खोलकर लोगो को बाहर निकाला।बारात में शामिल आरजेडी के प्रदेश महासचिव फैजुर रहमान फैज भी इसी गाड़ी के पीछे चल रहे थे। उन्होंने तुरंत इस घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड के साथ-साथ मुफ्फसिल थाने की पुलिस को भी दी। टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी स्कॉर्पियो जल चुकी थी।

## समस्तीपुर सदर अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को दी गई एडवांस केस मैनेजमेंट की जानकारी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर : सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू हॉल में अंतर्राष्ट्रीय संस्था के सहयोग से एक दिवसीय एचआईवी सैनिटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के चिकित्सा पदाधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। वर्कशॉप का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. एसके चौधरी ने किया।इस अवसर पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ. गिरीश कुमार, डॉ. सैयद मेराज इमाम सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।कार्यक्रम में पटना सिटी स्थित श्री गुरु गोविंद सिंह हॉस्पिटल की एमएसएफ यूनिट की विशेषज्ञ टीम ने एचआईवी संक्रमण के एडवांस केस की पहचान, प्रबंधन और रेफरल से जुड़ी जानकारी साझा की। टीम ने बताया कि किस प्रकार प्राथमिक स्तर पर ही लक्षणों की पहचान कर उचित समय पर रोगी को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जा सकता है।कार्यक्रम के माध्यम से चिकित्सकों को एचआईवी की नवीनतम जानकारी देने के साथ-साथ मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार और जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। सिविल सर्जन डॉ. चौधरी ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में सहायक होती हैं। उन्होंने संस्था की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

## मशरक में गेहूं की फसल में आग से 5 एकड़ की फसल जली



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के देवरिया तख्त गांव के खेतों में आग लगनें से गेहू की 5 एकड़ की तैयार फसल नुकसान हो गई। ग्रामीणों में संतोष कुमार यादव ने बताया कि अचानक खेत में आग की लपटे उठने लगी, ग्रामीणों के द्वारा आग बुझाने की कोशिश की गयी पर आग की तेज लपटे और पछुआ तेज हवा की वजह से आग ने तेज विकराल रूप धारण कर लिया मौके पर मशरक, पानापुर की फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि ? लगभग-लगभग 5 एकड़ की खेतों में लगीं गेहू की फसल जलकर राख हो गई। वहीं बहरौली मुखिया अजीत सिंह और बीडीसी प्रतिनिधि चुनमुन बाबा ने बताया कि आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हुई है और मशरक में छोटा फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध है जो आग बुझाने में नाकाम साबित हो रही है।

# डीएम व एसपी के नेतृत्व में रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को ले इसुआपुर बाजार क्षेत्र में सारण डीएम अमन समीर और एसपी डॉ कुमार आशीष के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी,डीएसपी अमरनाथ, एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहें। डीएम अमन समीर ने रामनवमी पर्व को लोगों से शांति पूर्वक मानने की अपील किया. वहीं किसी भी तरह की सूचना या शिकायत की जानकारी पुलिस को तुरंत देने का आह्वाहन किया । एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगो में पर्व को उल्लास और उत्साह के साथ मानने का संदेश देना है। उनका कहना था की आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ



मिलकर पर्व को शांति पूर्वक समाप्त करना ही मुख्य लक्ष्य है। वहीं उन्होंने कहा कि जिले में 124 लोगों को जिला बदर और 11 हजार लोगों पर 107 की कारवाई की गयी हैं। एसपी ने कहां कि रामनवमी पर्व के अवसर पर किसी भी प्रकार का नशा करना, शराब का सेवन करना, उत्पात मचाना, हुड़दंग मचाना, अश्लील एवं जाति-धर्म के आधार पर उत्तेजित तथा उन्माद फैलाने वाले गाने डीजे पर तेज आवाज में बजाना एक अपराध है, ऐसा करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी धर्म-संप्रदाय, राजनैतिक दल, जाति, समुदाय, व्यक्ति विशेष के विरुद्ध अपशब्द, हिंसा एवं उन्माद फैलाना अथवा फैलाने के लिए उत्प्रेरित करना एक दंडणीय अपराध है। ऐसे चिन्हित व्यक्ति / प्रोफाइल / पोर्टल सदैव हमारी साइबर पुलिस टीम की निगरानी में है। ऐसा करने वालों पर इठर और क्ळ एक्ट में त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतः भूल से भी कोई भूल करने की भूल, कृपया ना करें ।सतर्क रहें, सूचना दें और सारण पुलिस प्रशासन को सहयोग करें।

# मशरक में केंद्रीय कोयल एवं खनन राज्य मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के नगर पंचायत क्षेत्र के भुआल बाबा के परिसर में शनिवार की दोपहर भारत सरकार के केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे का भव्य स्वागत हुआ। रिषभ रेस्टोरेंट के राजीव पाठक के नेतृत्व में उन्हें अंग वस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर संजय सिंह, वार्ड पार्षद दल रंजन सिंह,अवधेश सिंह, पूर्व मुखिया शैलेन्द्र सिंह, पप्पू सिंह, संतोष पाठक,प्रवीण सिंह,राजा कुमार समेत अन्य ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बताया गया कि वे एक कार्यक्रम में भाग लेने पटना से गोपालगंज जा रहे थे ।केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दूबे ने भुआल बाबा के परिसर में आयोजित दो दिवसीय अखंड अष्टयाम में पूजा-अर्चना की।

# छपरा में भी हुआ वक्फ बिल 2024 के खिलाफ धरना का जोरदार आयोजन



**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर,**

छपरा, न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल संस्था के द्वारा वक्फ बिल 2024 के खिलाफ आज धरना का आयोजन छपरा के नगर पालिका चौक पे किया गया ।धरने में वक्ताओं ने सरकार द्वारा वक्फ बिल 2024 में किए जा रहे संशोधन पे प्रकाश डाला और बताया कि ये बिल कहीं से भी सही नहीं है और हमारे मामलों में इंटरफेयर है जो कि संविधान के द्वारा जो हमें अधिकार दिया गया है उसमें हस्तक्षेप है और संविधान का उल्लंघन भी है जिसे देश के शांतिप्रिय जनता कभी कबूल नहीं करेगी ।धरना को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक महासचिव मो सुल्तान हुसैन इदरीसी ने कहा कि देश को सरकार द्वारा बांटने और नफरत फैलाने का काम किया जा रहा जिसके लिए हर बार कुछ न कुछ विवादित मामला कर दिया जा रहा जिसने देश की जनता उलझी रहे..देश की जनता भुखमरी बेरोजगारी बीमारी से ग्रस्त है परन्तु सरकार इसके लिए कानून लाने का छोड़ उन सब चीजों के लिए कानून ला रही है जिसके लिए उनसे मांग भी नहीं की जाती परंतु सिर्फ देश के अंदर नफरत फैलाने के लिए ये सरकार ये सब कार्य कर रही है। सुल्तान इदरीसी ने लोक सभा और राज्य सभा के उन सभी सम्मानित सदस्यों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने ने इस बिल के खिलाफ वोटिंग किया वो सभी सदस्य गांधी को मानने वाले है। देश के जनता की आपस में बांटने का काम सरकार के रही है और जो सरकार को जनता के समस्याओं के निष्पादन के लिए कानून बनाने के लिए होता है वो सरकार सिर्फ जनता को परेशान करने के लिए काम कर रही है जिसका विरोध संवैधानिक तरीके से की जाती रही है इसकी लड़ाई कोर्ट में भी लड़ी जाएगी ।इस अवसर पर सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।धरना को रिजीविया मदरसा के मौलाना रज्जबुल कादरी द्वारा संबंधित किया गया और बताया गया कि सरकार सिर्फ मुसलमानों के परेशान करने के नियत से बिल ला रही है और इस बिल के बहाने मुसलमानों के वक्त जमीनों को कब्जा करने की साजिश बताया.. उन्होंने इस बिल को पास करवाने में साथ देने वाले नीतीश कुमार और सहयोगियों को चुनाव में सबक सिखाने की बात कही। धरना को जमा मस्जिद साहेबगंज छपरा के इमाम मौलाना मो हामिद रजा ने वक्फ बिल को पढ़ कर बताया और जहां जहां इस बिल में गड़बड़ी की गई है उसे चिन्हित कर के समझाया और कहा कि इस बिल के माध्यम से सरकार वक्फ की संपतियों को हड़पना चाहती है जिसका विरोध संवैधानिक तरीके से किया जा रहा आगे भी किया जाएगा ।छात्र नेता शादाब मजहरी ने बिल को संविधान विरोधी बताया और बिल को जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की ।धरना को नवाजिश नेहाल जफर सिद्दीकी तथा अन्य ने संबंधित किया और बिल को वापस लेने की मांग की।

# फाइलेरिया की दवा से वंचित क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर खिलायी गयी दवा

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर,**

- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पहल पर बनायी गयी विशेष टीम
- दवा खिलाने वाली टीम ने प्रत्येक घर में जाकर लाभार्थियों को खिलायी दवा
- पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म के सदस्यों ने जागरूकता में निभायी महत्वपूर्ण भूमिका

छपरा। जिले में फाइलेरिया बचाव के लिए दवा सेवन अभियान चलाया गया था। इस दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटरिंग में कुछ वंचित एरिया भी चिन्हित किया गया था। जहां पर लोग दवा खाने से वंचित रह गये थे। आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेकनिवास पर गठित पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म के सदस्यों ने भी कहा था कि इस एरिया में कुछ घर के सदस्य दवा खाने से वंचित रह गये है। रिविलगंज प्रखंड के टेकनिवास पंचायत के वार्ड नंबर 1 में लगभग 50 घरों के लोग किसी कारण से दवा नहीं खा पाये थे। इस पर रिविलगंज सीएचसी के प्रभारी





चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने खुद संज्ञान लेते हुए जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह के दिशा-निर्देश में एक विशेष टीम का गठन किया और वंचित क्षेत्र में लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित किया। शनिवार को विशेष अभियान चलाकर टेकनिवास के वार्ड नंबर 1 और औली गांव में वंचित लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलायी गयी। आशा कार्यकताओं ने घर-घर जाकर शत-प्रतिशत दवा खिलाना सुनिश्चित किया। इस दौरान प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संजीव कुमार, वीबीडीएस घनश्याम यादव, सीएचओ सत्येंद्र कुमार भी क्षेत्र में भ्रमण कर दवा खिलाना सुनिश्चित कराया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की पहलः

रिविलगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने अपने नेतृव क्षमता का प्रदर्शन करते हुए त्वरित टीम का गठन किया। दोनों गांव में आशा कार्यकताओं की 2-2 टीम बनायी गयी। संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि छूटे हुए लोगों को शत-प्रतिशत दवा खिलाना सुनिश्चित किया जाये। ससमय टीम के पास दवा उपलब्ध कराया गया और क्षेत्र में दवा खिलाना सुनिश्चित किया गया।

पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म के सदस्यों ने किया जागरूकः

क्षेत्र में दवा सेवन अभियान के दौरान टेकनिवास आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर गठित पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफार्म के सदस्यों ने लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन किया। जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सराहनीय रही। पंचायत की मुखिया जीरा देवी एवं पूर्व मुखिया नीरज कुमार यादव ने वार्ड सदस्य हरिहर मांझी को दायित्व सौंपते हुए यह निर्देश दिया कि कोई भी घर दवा सेवन से वंचित न रहे। उन्होंने लोगों को प्रेरित कर शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। महिला समूहों की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। जीविका सीएम महामती देवी, प्रतीमा देवी और रंजू देवी ने अपने-अपने समूह की महिलाओं को एकत्र कर दवा खिलाई। साथ ही, आंगनबाड़ी सेविका उना देवी और प्रियंका कुमारी, विकास मित्र सुनीता कुमारी, सीएचओ सतेन्द्र कुमार, एएनएम रानी, मीना तथा आशा फेसिलिटेटर तारा देवी ने मिलकर क्षेत्र में व्यापक सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर सीफार के डीपीसी गनपत आर्यन, पीए कृष्णानंदन सिंह समेत अन्य मौजूद थे। फाइलेरिया को जड़ से समाप्त करना विभाग का लक्ष्यः

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर मच्छरजनित बीमारी है, जो संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलती है।

# ईवीएम वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण

# गेहूं काटने की हार्वेस्टिंग मशीन देखने गये छात्र की पोखरें में डूबने से मौत



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के घोघिया गांव में गेहूं काटने की हार्वेस्टिंग मशीन देखने गये छात्र की पोखरे में डूबने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बताया कि गांव के चवर में गेहूं काटने की हार्वेस्टिंग मशीन आई हुई है उसी देखने गांव के बच्चों के साथ चंवर के तरफ गया था उसी दौरान शौच के बाद पानी के लिए पोखरे की तरफ गया जहां पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई ।मृतक की पहचान घोघिया गांव निवासी वीर बहादुर सिंह कुशवाहा का 10 वर्षीय पुत्र वीरू कुमार के रूप हुई ।मृतक प्राथमिक विद्यालय घोघिया उतर टोला में वर्ग -5 का छात्र हैं और इस बार अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण हुआ और वर्ग - 6 में गया हैं। ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने ग्रामीणों के मदद से शव को बाहर निकाला, वहीं सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृत दो भाईयों और एक बहनों में सबसे छोटा हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# महाराष्ट्र के पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार : इरा प्रदेशाध्यक्ष मदन (बापू) कोल्हे की मुख्यमंत्री से मांग

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

देश के लोकतंत्र के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों पर महाराष्ट्र में लगातार हमले और उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। एक ओर जहाँ पत्रकार सत्य और निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गुंडा प्रवृत्ति के लोग, माफिया गिरोह और दबंग नेताओं द्वारा पत्रकारों को झूठे मुकदमों में फंसाना, जान से मारने की धमकी देना और उनकी स्वतंत्र आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (इरा) के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मदन (बापू) कोल्हे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भेजे गए एक ज्ञापन में राज्य के पत्रकारों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए ठोस उपाय करने की मांग की है। कोल्हे ने कहा कि महाराष्ट्र में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू है, फिर भी उसकी प्रभावी अमलवजावणी नहीं हो पा रही है। वहीं सरकार द्वारा प्रस्तावित 'विशेष जनसुरक्षा विधेयक' से पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की स्वतंत्रता और सुरक्षा पर गंभीर संकट आ सकता है। अतः यह विधेयक रद्द किया जाए।

मुख्यमंत्री को भेजे गए अपने ज्ञापन में कोल्हे ने कई अहम मांगें रखी हैं

–पत्रकारों की सुरक्षा की गारंटी

सभी पत्रकारों को विशेष पहचान पत्र

ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों को अधिस्वीकृति पत्र (मान्यता)

प्रत्येक जिले में मीडिया सेंटर की स्थापना

पत्रकार कल्याण निधि और बीमा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन

पत्रकारों पर दर्ज झूठे मुकदमों की जांच के लिए स्वतंत्र समिति का गठन

कोल्हे ने बताया कि उक्त ज्ञापन की प्रतिलिपि राज्य के विपक्ष के नेता और पुलिस महानिदेशक को भी भेजी गई है। उन्होंने सरकार से अपेक्षा जताई कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ी मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय लिया जाए ताकि पत्रकार बिना भय के अपने कर्तव्यों का पालन कर सकें।,

# रामनवमी को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी/ बेगूसराय/ संवाददाता। शनिवार को रामनवमी पर्व के पूर्व संध्या पर पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ काफी संख्या में पुलिस बल के जवान बखरी के विभिन्न सड़कों पर गश्त किए। फ्लैग मार्च अम्बेडकर चौक से शुरू होकर पूरे नगर का भ्रमण किया ।इस दौरान एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने कहा कि प्रशासन द्वारा लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास जगाने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया हैं। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का त्योहार मनाने की अपील की ।उन्होंने कहा कि



यहां के लोग शांति प्रिय हैं। सदैव आपसी प्रेम व मिल्लत के साथ प्रत्येक त्योहार मनाते हैं। रामनवमी में भी लोगों से यही उम्मीद है। रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए एसडीपीओ कुंदन कुमार ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूर्व में ही रामनवमी को लेकर आयोजकों को यह निर्देश दिया जा चुका है कि वह नियमों को ध्यान में रखते हुए रामनवमी के जुलूस को निकालेंगे ।इस थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी, अपर थानाध्यक्ष उदय शंकर कुमार, एस आई मनीष पंडित, पुष्पलता, कुंदन कुमार सिंह, हरेंद्र राम, रामसुरेश सिंह, विक्रम चौधरी आदि मौजूद थे।

# मशरक के मठिया में महावीर मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के कवलपुरा मठिया गांव में महावीर मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कलशयात्रा से शुभारंभ किया गया। जिसको लेकर दो दिवसीय अखण्ड अष्टयाम का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा से शुभारंभ किया गया ।पुरोहित कान्हा जी महाराज ने विधिवत यजमान सपत्नीक सोनू शर्मा एवं प्रिया देवी के हाथों महावीर मन्दिर में पूजा पाठ और प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ करवाया। भव्य कलशयात्रा मंदिर परिसर से निकाली गयी जो गांव का भ्रमण करते हुए घोघारी नदी के घाट पर पहुंची जहां जलभरी कर देवरिया, बहरौली होते हुए चतुमुर्खी शिव मंदिर दुमदुमा पहुँच पूजा अर्चना के बाद पुनः मंदिर परिसर पहुँची। पूरे गाँव के महिला पुरूष सहित धर्मेन्द्र पाण्डेय, पिंटू पाण्डेय, नरेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, हरेंद्र सिंह, नंदकिशोर सिंह, कुलदीप शर्मा, शिवम शर्मा,शुभम शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# पलायन रोको नौकरी दो यात्रा आज खगड़िया में ।संविधान , नेहरू, बाबा साहेब अंबेडकर , सरदार पटेल सहित महापुरुषों की निकाली झांकी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- पलायन रोको नौकरी दो यात्रा आज खगड़िया में । संविधान , नेहरू, बाबा साहेब अंबेडकर , सरदार पटेल सहित महापुरुषों की निकाली झांकी । बाबू जगजीवन राम की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन । स्थानीय छात्र नौजवान और महिलायें हुए पदयात्रा में शामिल ।मिड डे मिल के रसोईया के वेतनमान का उठा मुद्दा । हाथों में हथकड़ी लगाकर पेंडिंग सेना भर्ती के अभियर्थियों ने पदयात्रा में किया प्रदर्शन

05/04/2025, खगड़िया ।भीतिहरवा गांधी आश्रम से शुरू होकर पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा आज कखगड़िया पहुँची । सुबह कैम्प में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने खगड़िया में सेना की बहाली की तैयारी में लगे 2 हजार से ज्यादा लड़के लड़कियों के साथ उनके ट्रेनिंग में हिस्सा लिया और बाद में एक सभा को संबोधित भी किया । ध्वजारोहण के पश्चात पदयात्रियों ने बाबू जनजीवन राम की जयंती पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया । बाबू जी के जीवन पर्यंत पिछड़ों और दलित वर्ग के उत्थान के लिए किए गए कार्य और देश के प्रथम दलित रक्षामंत्री रहते हुए बांग्लादेश की लड़ाई में

## यात्रा के आगे चल रहे पेंडिंग सेना भर्ती के जवान ने हर चौक चौराहों पर हाथों में हथकड़ी लगाकर और गीत गाकर अपनी जॉइनिंग लेटर की मांग को लेकर प्रदर्शन किया ।

योगदान को याद किया गया । जनता उच्च विद्यालय शुरू होकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए यात्रा विद्यार्थी टोला पर विश्राम के लिए रुकी । यात्रा के आगे चल रहे पेंडिंग सेना भर्ती के जवान ने हर चौक चौराहों पर हाथों में हथकड़ी लगाकर और गीत गाकर अपनी जॉइनिंग लेटर की मांग को लेकर प्रदर्शन किया । पदयात्रा में चल रहे कांग्रेस के अक्ळउ के सचिव चंदन कुमार यादव को रास्ते में बिहार के छात्रों ने नौकरियों में डोमिसाइल की माँग और खगड़िया को राजनीतिक तौर पर उपेक्षित करने के खिलाफ अलग अलग डेलीगेशन ने अपना ज्ञापन सौपा और इस यात्रा को समर्थन देते हुए पदयात्रा में भाग लिया । यात्रा के बीच में विश्राम के समय यात्रा में शामिल पदयात्रियों ने सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया । प्रेस वार्ता में शामिल नेताओं ने रोजगार और पलायन के साथ साथ सरकारी स्कूलों में मिड डे मिल बनाने वाली रसोईया को वेतनमान देने की माँग की । प्रेस वार्ता में छात्र सुशील देवी ने बताया की हमे महीना में मात्र 1650 रुपया मिलता है , क्या इतना में घर कैसे चलेगा । उन्होंने सरकार से सवाल किया की रोज मात्र 50 रुपया में सिर्फ सब्जी भी नहीं खरीद सकते , चावल , दाल और नमक कैसे खरीदा जाएगा ? हमे वेतनमान मिले ।कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव चंदन कुमार यादव ने कहा कि आज यात्रा का 21वा दिन है और खगड़िया में यात्रा को छात्र नौजवानों का अपार समर्थन मिल रहा है उससे जाहिर है कि बिहार में जब अगली सरकार बनेगी तो हम बिहार से बेरोजगारी और पलायन को दूर करेंगे । उन्होंने आगे कहा कि सरकार गिनवाती है की बिहार में खूब तरक्की हुई है तो सरकार बताए की बिहार से इतना पलायन क्यों हो रहा है । प्रदेश यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गुंजन पटेल ने कहा कि बिहार को मनीआर्डर इकॉनमी कहा जाता था आज भी स्थिति वही है । सरकार अगर रोजगार और पलायन को नहीं रोक सकती तो उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं । पूर्व ज़िला अध्यक्ष गुड्डू पासवान ने कहा की सरकार ने शराब बंदी लागू की है लेकिन बिहार का छात्र नशे की लत में उलझ रहा है । सरकार को शराबबंदी को खत्म करना चाहिए । यूथ कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष नवीन कुमार ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह यात्रा कांग्रेस , या यूथ कांग्रेस की नहीं है बल्कि बिहार के तमाम छात्रों और नौजवानों के लिए एक मंच है जो बिहार में सम्मान के साथ शिक्षा और रोजगार चाहते है । दोपहर बाद यात्रा कोशी कॉलेज , एम जी रोड होते हुए राजेंद्र चौक पर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया । इस पदयात्री में इढउउ के तरफ से यात्रा प्रभारी ब्रजेश पांडेय , यूथ कांग्रेस के बिहार प्रभारी मो शाहिद , ठरवक के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव , , अभिराज सिंह , भूपेंद ठाकुर, रवि झा , मिथिलेश कुमार, दीपू कुमार केशव झा , सोनू कुमार , आशीष पांडा , अनिल नेगी गुड्डू कुमार , प्रिंस कुमार , सोनू अली , अंकित त्रिपाठी , दीपक कुमार , हलचल यादव , महेंद्र सोनभद्र , ऋषि यादव ,आतिश पांडे , युबराज कुमार , गौतम कुमार सहित हजारों लोग शामिल थे ।

# जश्न-ए-ख्वाजा उस्मान हारूनी रहमतुल्लाह अलैह की छठी शरीफ अकीदतमंदी के साथ सम्पन्न



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

गिरिडीह : पीरटांड़ प्रखंड के मुर्शिद नगर बंसिया हारलडीह स्थित खानकाह में 4 अप्रैल 2025 को जश्न-ए-ख्वाजा उस्मान हारूनी रहमतुल्लाह अलैह की छठी शरीफ बड़ी अकीदतमंदी और सादगी के साथ मनाई गई।

यह पाक व रोहानी महफि ल जेरे सरपरस्ती खानकाह के सज्जादा नशीन बाबा शराफत शाह चिश्ती की अगुवाई में सम्पन्न हुई।

इस मौके पर सूफी मुमताज शराफती, इमामुद्दीन इमाम मधुपुर, कायम हुसैन शराफती, तबारक हुसैन शराफती, मुबारक हुसैन शराफती, बदरुद्दीन शराफती, मनीर शराफती, रफीक शराफती, सिद्दीकी शराफती, हदीस अंसारी, हाफिज शाहबाज चिश्ती धनबाद, सूफी अफरोज आलम चिश्ती, मोहम्मद बाबर बिस्मिल, मोहम्मद शाहिद हुसैन गिरिडीह, रजब शराफत, अत्ताउल्लाह अंसारी धनबाद, महफूज शराफत, सनवर चिश्ती, करीमुद्दीन चिश्ती, खलील चिश्ती, अल्हाज आजाद चिश्ती, बाबा मजीद चिश्ती, मुर्शीद फैयाजी, सूफी शाहबाज चिश्ती, इमामुल अली, जलील शराफती, मशरफ शराफती, वसीम शराफती, मस्तान अंसारी, रफीक अंसारी, सुल्तान शराफती, जानी बाबू, अल्हाज बाबू जान साहब, यासीन शराफती, सुबहान शराफती, कामुद्दीन शराफती, नसीम शराफती, नजीर अंसारी, कलीम शराफत, सलकत शराफती, कासिम शराफती, अब्दुल गनी चिश्ती, मिनहाज शराफती, पीरजादा बाबा नुरैन रूमी, पीरजादा बाबा हसनैन गजाली, तस्कीन क्लब जान नबीरे शाह कुर्बान चिश्ती, तौकीर ईमाम सहित अन्य अकीदतमंदों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में कुरान ख्वानी, मिलाद शरीफ, नात, मनाकिब और सूफियाना कलाम पेश किया गया। ताज जानी कव्वाल एंड पार्टी गिरिडीह ने अपने कलाम से महफिल को रूहानी रंग से भर दिया।

अंत में देश में अमन-चैन, भाईचारा और इंसानियत की भलाई के लिए विशेष दुआ मांगी गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रफीक अंसारी मुर्शिद नगर बंसिया हारलडीह पीरटांड़ गिरिडीह की अहम भूमिका रही। उन्होंने सभी आये हुए अकीदतमंदों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

# बच्चों के सामने पति को पिलाया जहर



**समस्तीपुर।** शुक्रवार को पत्नी ने चाकू दिखाकर अपने पति को जहर पिला दिया। महिला ने अपने दो बच्चों के सामने इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित विक्रम कुमार सिंह की हालत गंभीर है। उन्हें जिले के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित के बच्चे आर्यन (3) और अनुष्का (5) ने बताया, 'मम्मी पापा के सीने पर बैठ गई और उन्हें जहर पिला दिया। पेट में चाकू भी मारा।' फिलहाल, घटना के बाद आरोपी महिला फरार है। मामला घटहो थाना क्षेत्र के मूसापुर पंचायत के वार्ड-9 का है।पीड़ित विक्रम कुमार सिंह की मां शिव ज्योति देवी ने बताया, 'मैं मायके गई थी। मुझे जानकारी मिली कि मेरी बहू विभा देवी ने मेरे बेटे पर चाकू से हमला कर दिया है और जहर पिला दिया। जिसकी शिकायत मैंने थाने में की है। आवेदन भी दिया है।' आवेदन में शिव ज्योति देवी ने बताया, 'बहू विभा देवी ने मेरे बेटे पर 2023 में दहेज उत्पीड़न का केस किया था।

# शाहनवाज बोले, धमकियों से मैं डरने वाला नहीं हूं



**समस्तीपुर।** में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मुझे धमकियां और गालियां भी मिल रही है। मैं उनसे डरने वाला नहीं हूं। गालियों का मुझपर कोई असर नहीं होता है। सच्ची बात करता हूं, करते रहेंगे। धमकी देने वालों को को ट्रेस कर रहे हैं। सामने से तो हिम्मत नहीं है। मेरे पास पहले से सुरक्षा है।उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में पेश वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के हित में है। विपक्ष इस बिल को लेकर लोगों को गुमराह कर रहा है। डर पैदा करने की कोशिश कर रहा है। मुसलमानों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह बिल उनके ही लाभ के लिए है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को आर्थिक फायदा होगा और उनकी स्थिति में सुधार आएगी।
वक्फ बोर्ड में जहां भ्रष्टाचार था, अब वह समाप्त होगा। इस बिल के बाद वक्फ संपत्तियों का सही तरीके से उपयोग होगा। जिससे मुसलमानों को आर्थिक दृष्टि से लाभ होगा।शाहनवाज ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद एनडीए को आगामी विधानसभा चुनाव में फायदा होने वाला है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए आगामी चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें जीतने में सफल रहेगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग इस बिल का विरोध कर रहे हैं। जदयू और लोजपा के कुछ नेता त्यागपत्र दे रहे हैं, लेकिन उनमें कोई बड़ा चेहरा नहीं है और यह केवल एक राजनीतिक ड्रामा है। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बेहतर काम हो रहे शाहनवाज हुसैन ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में बेहतरीन काम हो रहे हैं। नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दौरान विभिन्न जिलों का निरीक्षण कर रहे हैं और योजनाओं को जरूरत के अनुसार स्वीकृति दे रहे हैं। अमित शाह के कार्यक्रम में एक महिला को लेकर उठे विवाद पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अमित शाह महिला से अभिभावक की तरह व्यवहार कर रहे थे और वे चाहते थे कि महिला आराम से फोटो खिंचवाए, ताकि वह सहज महसूस कर सके।

# बिहार में 350 डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे



**पटना।** में रामचंद्र खान सामाजिक विज्ञान पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में 350 डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। पढ़ाई के लिए छात्रों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाने का काम लगातार किया जा रहा है। इसकी शुरूआत रोडवेज से की गई थी अब एयर ट्रैफिक को भी दुरुस्त किया जा रहा है। बिहार में 10 एयरपोर्ट बनाए जाएंगे। अभी 7 की स्वीकृति भारत सरकार से मिली है। इसके बाद तीन छोटे एयरपोर्ट भी बनाए जाएंगे। तीन-चार रास्ते हैं, जिसके माध्यम से हम बिहार को आर्थिक रूप से संपन्न बना सकते हैं। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि भागलपुर में प्रधानमंत्री ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी की दर्जा देने की घोषणा की थी। विक्रमशिला के लिए 200 एकड़ से भी अधिक भूमि अधिग्रहण का काम हम शुरू कर चुके हैं। जिस तरीके से आज दिल्ली यूनिवर्सिटी है वैसे ही नालंदा यूनिवर्सिटी की ख्याति फिर से जाग उठेगी। दुनिया को शिक्षा देने वाले इसी बिहार के लोग थे।
आज नालंदा यूनिवर्सिटी स्थापित हो गया है। पहले नालंदा, विक्रमशिला और तक्षशिला केंद्र बिंदु थे। बिहार जैसे राज्य के लिए गौरवशाली इतिहास को लाने का काम 2008 से शुरू हुआ। पिछले साल 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा के गौरवशाली इतिहास को फिर से स्थापित करने का काम किया।सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में काफी पलायन है। आप महसूस करते होंगे कि कोटा में पढ़ने वाला बच्चा भी बिहारी है और पढ़ाने वाले शिक्षक भी बिहारी। इसका मतलब यह है कि क्वालिटी हमारे पास है, मगर सुविधा नहीं दे पाते हैं। जब मैं बजट पेश कर रहा था तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि राज्य में 350 ऐसे प्रखंड है, जहां डिग्री कॉलेज आज भी नहीं है। जिसके बाद 350 डिग्री कॉलेज खोलने का फैसला लिया गया। बिहार की स्मृति रामचंद्र खान से जुड़ी है। मैं जिस इलाके में राजनीति करता रहा हूं, वहां उनकी पहचान एक कड़क ऑफिसर के रूप में रही है। हमारे यहां एक बड़ा एनकाउंटर आज से 40 साल पहले हुआ था। उसमें भी इनकी एक अहम भूमिका रही थी। एक अच्छे प्रशासक और समाजसेवी थे। कार्यक्रम में आरजेडी के राज्यसभा सांसद मनोज झा भी मौजूद रहे।

## संवेदनशील और चौक-चौराहों पर पुलिस रखेगी नजर



**भागलपुर।** में रामनवमी पर विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने तैयारी कर ली है। जिला प्रशासन ने समितियों के अलावा पुलिस पदाधिकारियों के लिए एसओपी जारी की है। शोभा रूट पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। जुलूस में शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। दो कंपनी पारा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है। मिलिट्री के जवान आज और 6 अप्रैल को निकलने वाली शोभायात्रा जुलूस के साथ चलेंगे। इसके अलावा पारा मिलिट्री की एक टीम को शहर में भ्रमणशील भी रखा जाएगा। जो शहर के संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौक-चौराहों, इलाकों पर विशेष नजर रखेगी। रामनवमी को लेकर निकलने वाले जुलूस की मॉनिटरिंग खुद सीनियर एसपी करेंगे।ररढ हृदयकांत ने बताया कि सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, डीएसपी और अंचल पुलिस निरीक्षकों को शहर में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है। थानों की टीम को विशेष सतर्कता बरतने, निरोधात्मक, सुरक्षात्मक कार्रवाई करने और ज्यादा से ज्यादा सूचनाओं का संकलन करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से सभी रामनवमी शोभायात्रा निकालने वाली समितियों को लाइसेंस निर्गत किया गया है। जिसमें पारंपरिक रूटों पर जुलूस को ले जाने की अनुमति दी गई है।

## समस्तीपुर में अज्ञात वाहन ने मजदूर को कुचला, मौत



**समस्तीपुर।** सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। चकमेहसी थाना क्षेत्र के टारा चौक के पास एक अज्ञात वाहन ने साइकिल से लौट रहे मजदूर को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान सोमनाहा वार्ड-12 निवासी अनिल पासवान (36) के रूप में हुई है। सहयोगी मजदूर विजय पासवान के अनुसार, वे आलू लोडिंग का काम करके कुसियारी से लौट रहे थे। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मजदूरों ने पुलिस हेल्पलाइन-112 पर कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। बाद में उन्होंने घायल अनिल को समस्तीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह परिवार के लिए दोहरा दुख है। दो साल पहले ही अनिल के छोटे भाई की भी सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। तीन भाइयों में से अब दो की मौत हो चुकी है। बुजुर्ग पिता को दो साल के भीतर दो बेटों की मुखाग्नि देनी पड़ी है। अनिल के तीन बच्चे हैं। एक बेटी और दो बेटे। परिवार में अब कमाने वाला कोई नहीं बचा है। चकमेहसी थाना अध्यक्ष संतोष यादव ने बताया कि पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम करा रही है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# औरंगाबाद में साइकिल सवार मजदूर की हत्या



**औरंगाबाद।** में एक मजदूरी की हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के मनोहरी गांव निवासी 37 वर्षीय नरेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। नरेंद्र झारखंड के हरिहरगंज स्थित एक फ्लोर मिल में मजदूरी करते थे। शुक्रवार की रात वह काम से लौट रहे थे। अपराधियों ने उसके घर से एक किलोमीटर पहले धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव देखा और पुलिस को सूचित किया। टंडवा थानाध्यक्ष धनंजय कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शनिवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। मृतक अविवाहित थे और अपने भाई के परिवार के साथ रहते थे। उनका भाई दूसरे शहर में मजदूरी करते हैं। नरेंद्र भाई की पत्नी और दो छोटे बच्चों की देखभाल करते थे। घर के लिए आटा लेकर जा रहे थे। तभी हादसा हो गया। एसडीपीओ सदर-1 संजय कुमार पांडेय के अनुसार, एसपी अंबरीश राहुल के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।
परिजन ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। हत्या के बाद इलाके में कई तरह की चर्चा हो रही है। ग्रामीण कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। कुछ लोग ओझा गुनी के चक्कर में उसकी हत्या किए जाने की चर्चा कर रहे हैं।

# ढाई लाख में वाराणसी से मंगाई गई संगमरमर की प्रतिमा





**समस्तीपुर।** शहर से सटे कपूर्री ग्राम पंचायत के डढिया बेलार गांव में तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ आज से शुरू हो रहा है। विखंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा रामनवमी के दिन की जाएगी। जिसको लेकर गांव में तैयारी चल रही है। नई प्रतिमा जिला प्रशासन के सहयोग से वाराणसी से 2.51 लाख रुपए में मंगाई गई है। हालांकि नई प्रतिमा को अभी ढंक कर रखा गया है। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही प्रतिमा का अनावरण होगा। पुरानी प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर गांव में चारो ओर भव्य तैयारी चल रही है गांव के सूरज कुमार बताते हैं कि 28 मार्च को एक मानसिक रूप से बीमार युवक ने हनुमान प्रतिमा पर पत्थर फेंक कर उसे विखंडित कर दिया था। प्रशासन की ओर से बनारस से संगमरमर की हनुमान प्रतिमा मंगाई गई है। जिस पर करीब ढाई लाख रुपए खर्च होने की बात बताई गई है। प्रतिमा गांव में पहुंच चुकी है। प्रतिमा स्थापना को लेकर तीन दिवसीय आज से अष्टयाम महायज्ञ का शुभारंभ हो रहा है। 6 अप्रैल को हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू होगी। ग्रामीण संजय बताते हैं कि घटना के वक्त पूरे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। लेकिन अब पुनः सभी लोग आपकी भाईचारे के साथ रह रहे हैं। यज्ञ को लेकर गांव के लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। यज्ञ के लिए पहुंचे पंडित मुकुंद झा बताते हैं कि आज से तीन दिवसीय अष्टयाम महायज्ञ शुरू हो रहा है। रामनवमी के दिन 6 अप्रैल को प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर मैं विधिवत पूजा अर्चना शुरू होगी। गांव में प्रतिमा विखंडित किए जाने के बाद दो गुटों के बीच उत्पन्न हुए तनाव को देखते हुए मजिस्ट्रेट के साथ राउंड द क्लॉक पुलिस वालों की तैनाती की गई है, जो घटना के दिन से लगातार गांव में कैंप कर रही है। माना जा रहा है की स्थिति समान्य होने के बाद पुलिस बल को वहां से हटाया जाएगा। इसके अलावा थाने की पेट्रोलिंग टीम भी गश्त में लगी रहती है।

## संक्षिप्त डायरी

# ह्यूमन राइट्स जस्टिस काउंसिल ने रेयाज आलम को पूर्वी भारत क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया




- ह्यूमन राइट्स जस्टिस काउंसिल (HRJC) को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि श्री रियाज आलम को पूर्वी भारत क्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह सम्मानजनक पद श्री आलम की सामाजिक न्याय, समुदाय सशक्तिकरण और मानवाधिकारों की रक्षा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- ह्यूमन राइट्स जस्टिस काउंसिल एक राष्ट्रीय संगठन है जो नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और देश के हाशिए पर खड़े समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित है। यह संगठन विधिक सहायता, सामुदायिक जागरूकता, शिक्षा और नीतिगत प्रयासों के माध्यम से वंचित और उपेक्षित वर्गों के हितों की पैरवी करता रहा है।
- श्री रियाज आलम इस भूमिका में दो दशकों से अधिक का कॉर्पोरेट नेतृत्व अनुभव लेकर आए हैं। उन्होंने कोलगेट पामोलिव, भारती एयरटेल, रिलायंस और टाटा ब्लूस्कोप स्टील जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दी हैं। हाल के वर्षों में, उन्होंने अपने अनुभव और क्षमताओं को समाज सेवा में समर्पित कर दिया है, इस विश्वास के साथ कि उनकी ताकत समाज के भले के लिए उपयोग होनी चाहिए।
- वह 2019 से एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स (अटढ) से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और शिक्षा, रोजगार और आर्थिक विकास (3ए) के क्षेत्र में वंचित वर्गों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। साथ ही, वे अक्ळठ ॠड्डं' से भी जुड़े हुए हैं, जहाँ वे जमीनी स्तर पर सामाजिक पहलों को मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान कर रहे हैं।
- चाकनूर गांव में जन्मे श्री आलम का ग्रामीण भारत से गहरा जुड़ाव है। उन्होंने हमेशा अपने गांव, मुहल्ले और क्षेत्र को शिक्षित करने, अवसर दिलाने और न्याय सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया है। पूर्वी भारत के अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति, मानवता की सेवा और समानता, न्याय एवं गरिमा के मूल्यों को बढ़ावा देने की उनकी आजीवन यात्रा का अगला स्वाभाविक कदम है।
- HRJC श्री रियाज आलम का इस नेतृत्व पद पर स्वागत करता है और उनके दूरदर्शी मार्गदर्शन में पूर्वी भारत क्षेत्र में अपने मिशन को आगे बढ़ाने की आशा करता है।

जारीकर्ता :
ह्यूमन राइट्स जस्टिस काउंसिल

# ऑनलाइन गेम में डेढ़ लाख हारा, छात्र ने की आत्महत्या



**पूर्णिया।** में पॉलिटेक्निक के छात्र ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। वो किराए के मकान में रहता था। उसे ऑनलाइन गेमिंग की बुरी लत लगी थी। डेढ़ साल से वो इसमें पैसे लगा रहा था। करीब डेढ़ लाख रुपए हार चुका था।दूसरी तरफ पिछले साल पॉलिटेक्निक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में 4 विषयों में फेल हो गया था। इस साल भी जून में एग्जाम होना था। घरवालों को कहा था- 'इस बार पास करूंगा।' ऐसे में उसे अच्छे नंबर लाने का भी टेंशन था। मृतक दिलीप साह का बेटा पारस कुमार (22) है, जो सहरसा का रहने वाला था। उसने गुरुवार को आखिरी बार अपने पिता से बात की थी। कॉल पर कहा था- 'सिलेंडर खत्म हो गया है।' जिसके बाद पिता ने उसे 5 हजार रुपए अकाउंट में भेजे थे। पिता के मुताबिक, पारस ने 4500 रुपए रॉकी नाम के दोस्त को देने की बात कही थी। जिसके बाद बेटे से बात नहीं हुई। घटना शुक्रवार रात सहायक खजांची थाना क्षेत्र के केपी मार्केट गली की है।छात्र के पिता दिलीप साह ने बताया, 'पारस 2 भाइयों में छोटा था। वो पूर्णिया में रहकर पॉलिटेक्निक कॉलेज पूर्णिया से पढ़ाई कर रहा था। पूर्णिया में ही वो गलत दोस्तों की संगती में आ गया और उसे ऑनलाइन गेमिंग की लत लग गई।''पारस ने इसमें उसने काफी रुपए झोंक दिए। वो पढ़ाई और महीने के खर्च के नाम पर रुपए लेता और फिर इन रुपयों को ऑनलाइन गेमिंग में लगा देता था।''ऑनलाइन गेम में काफी रुपए हार चुका था। पिछले साल ऑनलाइन गेम के कारण पॉलिटेक्निक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में फेल हो गया था।'क्लास फ्रेंड मोहित राज ने बताया, 'पारस दोस्तों की काफी मदद करता था। शुक्रवार रात खाना खाकर सभी अपने-अपने कमरे में सोने चले सो गए। शुक्रवार दिन के 2 बजे तक पारस ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। आवाज देने के बाद भी पारस का कोई जवाब नहीं आया।''जिसके बाद मकान मालिक को किसी तरह की अनहोनी की आशंका हुई। घटना की जानकारी सहायक खजांची पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर अंदर से लॉक कमरे के दरवाजे को तोड़कर देखा तो पारस फंदे से लटका था।'सहायक खजांची थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने बताया, 'फंदे से लटककर एक युवक ने आत्महत्या की है। युवक के परिजनों ने शव का पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया हे। जिसके बाद परिजनों से लिखित प्रमाण लेकर लाश को सौंप दिया गया।'मनोचिकित्सक डॉ. बिंदा सिंह ने बताया, गेम खेलने वाले आमतौर पर किशोर बच्चों में जिज्ञासा बहुत होती है।वह सही गलत में फर्क नहीं कर पाते हैं। टीनएजर को मारधाड़, एक्शन में काफी मजा आता है। आजकल ऐसे गेम भी आ गए हैं, जिससे बच्चों में क्रिमिनल सोच विकसित होने लगी है। ये ूमन नेचर होता है कि जो चीजें आक्रामक और काल्पनिक होती है उन पर ध्यान ज्यादा जाता है। गेम में भी इसी तरह की काल्पनिक दुनिया बनाई जाती है जो मन को आकर्षित करती है।



# रामनवमी पूजा की एकदम सरल विधि

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रामनवमी मनाई जाती है जो कि भगवान विष्णु के 7वें अवतार थे। प्रत्येक साल हिन्दू कैंलेडर के अनुसार चैत्र मास की नवमी तिथि को श्रीराम नवमी के रूप मनाया जाता है। चैत्र मास की प्रतिपदा से लेकर नवमी तक नवरात्रि भी मनाई जाती है। इन दिनों कई लोग उपवास भी रखते हैं।**

## रामनवमी उत्सव

श्री रामनवमी हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में से एक है जो देश-दुनिया में सच्ची श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार वैष्णव समुदाय में विशेषतौर पर मनाया जाता है।

- आज के दिन भक्तगण रामायण का पाठ करते हैं।
- रामरक्षा स्त्रोत भी पढ़ते हैं।
- कई जगह भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है।
- भगवान राम की मूर्ति को फूल-माला से सजाते हैं और स्थापित करते हैं।
- भगवान राम की मूर्ति को पालने में झुलाते हैं।

## राम नवमी की पूजा विधि

राम नवमी की पूजा विधि कुछ इस प्रकार है :

- सबसे पहले स्नान करके पवित्र होकर पूजा स्थल पर पूजन सामग्री के साथ बैठें।
- पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल अवश्य होना चाहिए।
- उसके बाद श्रीराम नवमी की पूजा षोडशोपचार करें।
- खीर और फल-मूल को प्रसाद के रूप में तैयार करें।
- पूजा के बाद घर की सबसे छोटी बालिका/महिला सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाएं।


## पौराणिक मान्यता

श्री रामनवमी की कहानी लंकाधिराज रावण से शुरू होती है। रावण अपने राज्यकाल में बहुत अत्याचार करता था। उसके अत्याचार से पूरी जनता त्रस्त थी, देवतागण भी, क्योंकि रावण ने ब्रह्मा जी से अमर होने का वरदान ले लिया था। उसके अत्याचार से तंग होकर देवतागण भगवान विष्णु के पास गए और प्रार्थना करने लगे। फलस्वरूप प्रतापी राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या की कोख से भगवान विष्णु ने राम के रूप में रावण को परास्त करने हेतु जन्म लिया। तब से चैत्र की नवमी तिथि को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई। नवमी के दिन ही स्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना शुरू की थी।

# भगवान श्रीराम के इन गुणों से हमें भी सीखना चाहिए

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। खासतौर पर उनके द्वारा अपनाई गई व्यावहारिक नीतियां, यहीं कारण था कि कठिन परिस्थितियों में भी वे सफल रहे। भगवान श्रीराम के स्वभाव के इन 11 गुणों से सीखना चाहिए .

- सभी से हंसते-मुस्कुराते मिलना।
- लोगों के नामों को याद रखना और उन्हें, उन्हीं नाम से संबोधित करना।
- दूसरों की बातों को ध्यान और धीरज से सुनना।
- लोगों के प्रति सच्ची निष्ठा रखना।
- दूसरे व्यक्तियों को सम्मान देना।
- किसी को अपने विचार मनवाने के लिए तर्क और विवाद का सहारा नहीं लेना।
- उच्च आदर्श व सिद्धांत का पालन करने में हर कठिनाई को सहन करने के लिए तैयार रहना।
- दूसरे के विचारों और भावनाओं के प्रति सच्ची सहानुभूति रखना।
- दूसरे की दृष्टि से घटनाओं या वस्तुओं को देखने का प्रयास करना।
- अपनी त्रुटि (गलती) को शीघ्र स्वीकार कर लेना।
- दूसरे व्यक्तियों के विचारों के प्रति आदर की भावना होना।




## श्रीराम जन्मोत्सव, पर जानें पूजन के मुहूर्त, महत्व

इस बार वर्ष 2025 में रामनवमी 6 अप्रैल, रविवार को मनाई जाएगी।

इस दिन सुबह 11 बजकर 8 मिनट से दोपहर 1 बजकर 39 मिनट तक पूजा का शुभ मुहूर्त रहेगा।

इस शुभ समय में भगवान श्रीराम की पूजा की जा सकती है।

**रामनवमी का महत्व-** धार्मिक ग्रंथों के अनुसार रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था, जो विष्णु के सातवें अवतार थे। भगवान राम का जन्म दोपहर के समय हुआ था, इसलिए राम नवमी पूजा तथा अनुष्ठान के लिए दोपहर का समय सबसे शुभ माना जाता है। रामनवमी का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रामनवमी का त्योहार भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को याद दिलाता है।आज के दिन भगवान राम के मंदिर में जाएं, रामायण का पाठ करें। अधिक से अधिक भगवान राम के मंत्रों का जाप करें। गरीबों और जरूरतमंदों को दान करें।इस दिन तामसिक भोजन का सेवन न करें और ना ही किसी भी प्रकार के नशा करें। मान्यतानुसार भगवान राम की कृपा प्राप्त करने और अपने जीवन को सुखमय बनाने का रामनवमी एक उत्तम अवसर है।

# श्री राम चालीसा


**हिन्दू धर्मग्रंथों के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम विष्णु के दशावतारों में से 7वें अवतार हैं। श्रीराम एक आदर्श पुरुष थे। राम नवमी के दिन उनका पूजन, मंत्र, स्तुति, चालीसा, आरती, रामाष्टक आदि का पाठ करने से मनुष्य जीवन के भवसागर से पार पा जाते हैं, अतः हर मनुष्य को प्रतिदिन श्री राम की स्तुति करते हुए यह पाठ अवश्य करना चाहिए। अगर आप प्रतिदिन नहीं कर पा रहे हैं तो राम नवमी के दिन अवश्य ही पढ़ना चाहिए।**

## चौपाई

श्री रघुवीर भक्त हितकारी। सुन लीजै प्रभु अरज हमारी।।
निशिदिन ध्यान धरै जो कोई। ता सम भक्त और नहिं होई।।
ध्यान धरे शिवजी मन माहीं। ब्रह्म इन्द्र पार नहिं पाहीं।।
दूत तुम्हार वीर हनुमाना। जासु प्रभाव तिहूं पुर जाना।।
तब भुज दण्ड प्रचण्ड कृपाला। रावण मारि सुरन प्रतिपाला।।
तुम अनाथ के नाथ गुंसाई। दीनन के हो सदा सहाई।।
ब्रह्मादिक तव पारन पावैं। सदा ईश तुम्हरो यश गावैं।।
चारिउ वेद भरत हैं साखी। तुम भक्तन की लज्जा राखीं।।
गुण गावत शारद मन माहीं। सुरपति ताको पार न पाहीं।।
नाम तुम्हार लेत जो कोई। ता सम धन्य और नहिं होई।।
राम नाम है अपरम्पारा। चारिहु वेदन जाहि पुकारा।।
गणपति नाम तुम्हारो लीन्हो। तिनको प्रथम पूज्य तुम कीन्हो।।
शेष रटत नित नाम तुम्हारा। महि को भार शीश पर धारा।।
फूल समान रहत सो भारा। पाव न कोऊ तुम्हरो पारा।।
भरत नाम तुम्हरो उर धारो। तासों कबहुं न रण में हारो।।
नाम शक्षुहन हृदय प्रकाशा। सुमिरत होत शत्रु कर नाशा।।
लखन तुम्हारे आज्ञाकारी। सदा करत सन्तन रखवारी।।
ताते रण जीते नहिं कोई। युद्ध जुरे यमहूं किन होई।।
महालक्ष्मी धर अवतारा। सब विधि करत पाप को छारा।।
सीता राम पुनीता गायो। भुवनेश्वरी प्रभाव दिखायो।।
घट सों प्रकट भई सो आई। जाको देखत चन्द्र लजाई।।
सो तुमरे नित पांव पलोटत। नवो निद्धि चरणन में लोटत।।
सिद्धि अठारह मंगलकारी। सो तुम पर जावै बलिहारी।।
औरहु जो अनेक प्रभुताई। सो सीतापति तुमहिं बनाई।।
इच्छा ते कोटिन संसारा। रचत न लागत पल की बारा।।
जो तुम्हे चरणन चित लावै। ताकी मुक्ति अवसि हो जावै।।
जय जय जय प्रभु ज्योति स्वरूपा। नर्गुण ब्रह्म अखण्ड अनूपा।।
सत्य सत्य जय सत्यव्रत स्वामी। सत्य सनातन अन्तर्यामी।।
सत्य भजन तुम्हरो जो गावै। सो निश्चय चारों फल पावै।।
सत्य शपथ गौरीपति कीन्हीं। तुमने भक्तिहिं सब विधि दीन्हीं।।
सुनहु राम तुम तात हमारे। तुमहिं भरत कुल पूज्य प्रचारे।।
तुमहिं देव कुल देव हमारे। तुम गुरु देव प्राण के प्यारे।।
जो कुछ हो सो तुम ही राजा। जय जय जय प्रभु राखो लाजा।।
राम आत्मा पोषण हारे। जय जय दशरथ राज दुलारे।।
ज्ञान हृदय दो ज्ञान स्वरूपा। नमो नमो जय जगपति भूपा।।
धन्य धन्य तुम धन्य प्रतापा। नाम तुम्हार हरत संतापा।।
सत्य शुद्ध देवन मुख गाया। बजी दुन्दुभी शंख बजाया।।
सत्य सत्य तुम सत्य सनातन। तुम ही हो हमरे तन मन धन।।
याको पाठ करे जो कोई। ज्ञान प्रकट ताके उर होई।।
आवागमन मिटै तिहि केरा। सत्य वचन माने शिर मेरा।।
और आस मन में जो होई। मनवांछित फल पावे सोई।।
तीनहुं काल ध्यान जो ल्यावै। तुलसी दल अरु फूल चढ़ावै।।
साग पत्र सो भोग लगावै। सो नर सकल सिद्धता पावै।।
अन्त समय रघुबरपुर जाई। जहां जन्म हरि भक्त कहाई।।
श्री हरिदास कहै अरु गावै। सो बैकुण्ठ धाम को पावै।।

## दोहा

सात दिवस जो नेम कर, पाठ करे चित लाय।
हरिदास हरि कृपा से, अवसि भक्ति को पाय।।
राम चालीसा जो पढ़े, राम चरण चित लाय।
जो इच्छा मन में करै, सकल सिद्ध हो जाय।।
।।इतिश्री प्रभु श्रीराम चालीसा समाप्तः।।



# राम नवमी

## क्यों मनाया जाता है यह दिन

राम नवमी का संबंध भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से है। भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करने के लिये हर युग में अवतार धारण किए। इन्हीं में एक अवतार उन्होंने भगवान श्री राम के रुप में लिया था। जिस दिन भगवान श्री हरि ने राम के रूप में राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया वह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी का दिन था। यही कारण है कि इस तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि का भी यह अंतिम दिन होता है।


### श्री राम का जन्म

पौराणिक ग्रंथों में जो कथाएं हैं उनके अनुसार भगवान राम त्रेता युग में अवतरित हुए। उनके जन्म का एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र का कल्याण करना, मानव समाज के लिए एक आदर्श पुरुष की मिसाल पेश करना और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करना था। यहां धर्म का अर्थ किसी विशेष धर्म के लिए नहीं बल्कि एक आदर्श कल्याणकारी समाज की स्थापना से है।

राजा दशरथ जिनका प्रताप 10 दिशाओं में व्याप्त रहा। उन्होंने तीन विवाह किए थे लेकिन किसी भी रानी से उन्हें पुत्र की प्राप्ति नहीं हुई। ऋषि मुनियों से जब इस बारे में विमर्श किया तो उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने की सलाह दी। पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने के पश्चात यज्ञ से जो खीर प्राप्त हुई उसे राजा दशरथ ने अपनी प्रिय पत्नी कौशल्या को दे दिया।
कौशल्या ने उसमें से आधा हिस्सा केकैयी को दिया इसके पश्चात कौशल्या और केकैयी ने अपने हिस्से से आधा-आधा हिस्सा तीसरी पत्नी सुमित्रा को दे दिया। इसीलिए चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में माता कौशल्या की कोख से भगवान श्री राम जन्मे। केकैयी से भरत ने जन्म लिया तो सुमित्रा ने लक्ष्मण व शत्रुघ्न को जन्म दिया।

### कैसे मनाते हैं रामनवमी

भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है। वे स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण हैं जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं। वे समाज में व्याप्त ऊंच-नीच को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का और केवट की नाव चढ़ने का उदाहरण इसे समझने के लिए सर्वोत्तम है। वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले, विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले पराक्रमी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव देश भर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री राम की भक्ति में डूबकर भजन कीर्तन किए जाते हैं। श्री रामकथा सुनी जाती है। रामचरित मानस का पाठ करवाया जाता है। श्री राम स्त्रोत का पाठ किया जाता है। कई जगहों भर भगवान श्री राम की प्रतिमा को झूले में भी झुलाया जाता है। रामनवमी को उपवास भी रखा जाता है। मान्यता है कि रामनवमी का उपवास रखने से सुख समृद्धि आती है और पाप नष्ट होते हैं।



# श्री राम को प्रसन्न करेंगे तो मिलेंगे विजय और उन्नति के शुभ आशीष

10 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। उनके जन्मोत्सव पर उन्हें सरल उपायों से प्रसन्न करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है जिससे हर क्षेत्र में विजय और उन्नति मिलेगी।

- रामनवमी के दिन 1 कटोरी में गंगा जल लेकर राम रक्षा मंत्र 'ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नमः' का 108 बार जाप करें। फिर पूरे घर के कोने-कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे घर का वास्तुदोष तथा भूत-प्रेत, नजर बाधा, तंत्र बाधा आदि समाप्त हो जाते हैं। यह उपाय आप अपने ऑफिस-दुकान या व्यवसाय स्थल में भी कर सकते हैं।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग-अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन,का पाठ करें, इससे जीवन की हर चीजें अनुकूल होने लगती है।
- रामनवमी पर भगवान श्रीराम का पूजन और वंदन करने से सुख, समृद्धि और शांति बढ़ती है। साथ ही संतान सुख की प्राप्ति होती है।
- नवमी के दिन लौकी खाना निषेध है, क्योंकि इस दिन लौकी का सेवन गौ-मांस के समान माना गया है। इस दिन कड़ी, पूरणपौल, खीर, पूरी, साग, भजिये, हलवा, कद्दू या आलू की सब्जी बनाई जा सकती है। माता दुर्गा और श्रीराम को भोग लगाने के बाद ही भोजन किया जाता है। इससे प्रभु श्रीराम प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।
- भगवान श्रीरामजी को केसर भात, खीर, कलाकंद, बर्फी, गुलाब जामुन का भोग प्रिय है। इसके अलावा हलुआ, पूरनपोळी, लड्डू और सिवइयां भी उनको पसंद हैं।
- पंचामृत और धनिया पंजीरी दो तरह के प्रसाद उन्हें अर्पित किए जाते हैं। यह रामजी को बहुत ही पसंद है। उन्हें धनिए का प्रसाद चढ़ाते हैं। इसे धनिया पंजीरी कहते हैं। इसे सौंठ पंजीरी भी कहते हैं। यह कई तरह से बनाई जाती है।

# जब प्रभु श्रीराम ने दिया भक्त हनुमान को वरदान

लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में अपने परिजनों के साथ बैठे हुए थे। श्रीराम, हनुमानजी द्वारा की गई सहायता को याद कर भावविभोर हो रहे थे। वह बोले, ' हनुमान ने संकट के समय मेरी सहायता की, लेकिन मैंने उन्हें कुछ भी नहीं दिया।' उन्होंने हनुमानजी से कहा, मैंने विभीषण को लंका का राज्य दिया। सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और अंगद को युवराज बनाया। आज मैं तुम्हें भी कुछ देना चाहता हूं। इसलिए तुम इच्छित वर मांग सकते हो। हनुमानजी निष्काम भक्ति के साकार रूप थे। उन्होंने श्रीराम से विनम्रता से कहा, प्रभु आप मुझसे बहुत प्रेम करते हैं। मुझ पर आपकी असीम कृपा है। अब और मांगकर क्या करूंगा। लेकिन श्रीराम हनुमानजी को उस दिन कुछ न कुछ देने के लिए आकांक्षी थे। अचानक हनुमानजी ने कहा कि, भगवान आपने सभी को एक-एक पद (चरण) दिए हैं। क्या आप मुझे भी पद दे सकेंगे। श्रीराम कुछ समझ नहीं पाए, फिर भी बोले तुम्हें कौन सा पद चाहिए हनुमान?
हनुमानजी अपने स्थान से उठे और उन्होंने प्रभु राम के चरण पकड़ लिए। हनुमानजी बोले, मैं इन दो पदों की हर क्षण सेवा करता रहूं, यही वरदान चाहिए। श्रीराम की आंखों से अश्रु बहने लगे और उन्होंने श्री हनुमान जी को को गले लगा कर यह वरदान दिया कि जीवन भर उनकी सेवा करते रहें।

# श्रीराम की आराधना करें शिव के साथ

'भगवान शिव' राम के इष्ट एवं 'राम' शिव के इष्ट हैं। ऐसा संयोग इतिहास में नहीं मिलता कि उपास्य और उपासक में परस्पर इष्ट भाव हो इसी स्थिति को संतजन 'परस्पर देवोभव' का नाम देते हैं। शिव का प्रिय मंत्र 'ऊ नमः शिवाय' एवं 'श्रीराम जय राम जय जय राम' मंत्र का उच्चारण कर शिव को जल चढ़ाने से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं। भगवान राम ने स्वयं कहा है :
'शिव द्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहु नहि पावा।' अर्थात जो शिव का द्रोह कर के मुझे प्राप्त करना चाहता है वह सपने में भी मुझे प्राप्त नहीं कर सकता। इसीलिए शिव आराधना के साथ श्रीरामचरितमानस पाठ का बहुत महत्वपूर्ण होता है।
मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम 14 वर्ष के वनवास काल के बीच जब जाबालि ऋषि की तपोभूमि मिलने आए तब भगवान गुप्त प्रवास पर नर्मदा तट पर आए। उस समय यह पर्वतों से घिरा था। रास्ते में भगवान शंकर भी उनसे मिलने आतुर थे, लेकिन भगवान और भक्त के बीच वे नहीं आ रहे थे। भगवान राम के पैरों को कंकर न चुभें इसीलिए शंकरजी ने छोटे-छोटे कंकरों को गोलाकार कर दिया। इसलिए कंकर-कंकर में शंकर बोला जाता है। जब प्रभु श्रीराम रेवा तट पर पहुंचे तो गुफा से नर्मदा जल बह रहा था। श्रीराम यहीं रुके और बालू एकत्र कर एक माह तक उस बालू का नर्मदा जल से अभिषेक करने लगे। आखिरी दिन शंकरजी वहां स्वयं विराजित हो गए और भगवान राम-शंकर का मिलन हुआ। शिवप्रिय मैकल सैल सुता सी, सकल सिद्धि सुख संपति राशि, रामचरित मानस की ये पंक्तियां श्रीराम और शिव के चरण पड़ने की साक्षी है।





टोरंटो में कनाडाई इंटरनेशनल ऑटो शो में 1886 की बेंच पेटेंट मोटर वैगन के प्रतिरुप को देखते हुए लोग। दस दिवसीय इस शॉ में 40 से अधिक ऑटोमाबाइल प्रतियोगियों ने भाग लिया।

# नए आयकर बिल: टैक्स सरल बनाने की कवायद

## - धारा 80सी के तहत किए गए हैं बड़े बदलाव

नई दिल्ली ।




लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा का विषय बना दिया है नया आयकर बिल का प्रस्ताव, जिसके अनुसार टैक्स संबंधी नियमों की भाषा सरल बनाई जाएगी। नए बिल में कोई इनकम टैक्स स्लैब या कैपिटल गेन्स टैक्स संशोधन नहीं है, लेकिन धारा 80सी के तहत बड़े बदलाव हैं। यदि आप पुरानी टैक्स व्यवस्था का अनुसरण करते हैं, तो धारा 80सी के बजाय धारा 123 के तहत टैक्स बचाने के विकल्पों से परिचित होंगे। अब इस धारा के अनुसार टैक्सपेयर को प्राप्त राशि के उत्तराधिकारी द्वारा भुगतान किया गया या जमा की गई राशि पर छूट मिलेगी, जो शेड्यूल एक्सवी में उल्लिखित राशियों के कुल के बराबर होगी, परन्तु 1.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। यह नया आयकर बिल 622 पन्नों का है और 536 धाराएं शामिल हैं, जबकि वर्तमान आयकर अधिनियम में 823 पन्नों में 298 धाराएं हैं।

नए बिल में हर धारा का एक खंड है, सिवाय उन अप्रासंगिक धाराओं के। जबकि बताया गया है कि इस बिल के माध्यम से कर कानूनों को सरल बनाया जाएगा।

# ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के प्रस्ताव को ठुकराया

## - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई के अधिग्रहण का मामला

**नई दिल्ली ।** विश्वविख्यात उद्यमी और एलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई की अधिग्रहण की हसरत पूरी होने में मुश्किले आ रही है। ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के 97.4 बिलियन के अधिग्रहण प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, कहते हुए कि कंपनी बिक्री के लिए नहीं है। एलन मस्क जो पहले ओपनएआई के सह-संस्थापक थे, अब कंपनी से अलग हो चुके हैं। मस्क के वकील ने बताया कि ओपनएआई अपने लाभकारी उद्यम का निजी स्वामित्व बेचने की योजना बना रही है, जिससे कुछ बोर्ड सदस्य व्यक्तिगत लाभ उठा सकते हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और मस्क के बीच वर्षों से चल रहा टकराव जारी है, जिसमें एलन मस्क ने ओपनएआई को लाभकारी बनाने के पक्ष में नहीं देखा। ओपनएआई ने अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए एक पब्लिक बेनिफिट कॉरपोरेशन बनाने की योजना बनाई थी, जिसका उद्देश्य था अधिक पूंजी जुटाना और गैर-लाभकारी प्रतिबंधों को हटाना। ओपनएआई ने मस्क के प्रति कटु रूख अपनाया है, जिससे वार्षिक बोर्ड की चुनौतियों में नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। एलन मस्क के वकीलों ने ओपनएआई के साथ चल रहे संघर्ष को निपटाने के लिए अदालत में कानूनी कदम उठाया है, जिसमें वकीलों ने कहा कि यदि ओपनएआई अपनी लाभकारी इकाई बनाने की योजना छोड़ देता है तो उनकी बोली वापस ली जाएगी। ओपनएआई ने मानवता के लिए एआई के लाभ को पहुंचाने की मिशन में प्रतिबद्धता जताई है, और इस उद्देश्य को मजबूत बनाने के लिए अपने मिशन पर कड़ी नजर रखी है। एलन मस्क और ओपनएआई के बीच टकराव के बीच बढ़ते विवाद में, एक ओर ओपनएआई ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जबकि दूसरी ओर मस्क और उनके वकील उसे निपटाने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इस संघर्ष के माध्यम से ओपनएआई की दिशा और उद्देश्य पर प्रकाश डालने के लिए और एलन मस्क की तकनीकी उच्चताओं को रक्षा करने के लिए एक सख्त स्तर पर कानूनी और नैतिक झगड़ा चल रहा है।

# कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम



नई दिल्ली ।

वर्तमान में, देश में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम है। हालांकि भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और 2025 में इसकी बिक्री दोगुनी होने की संभावना जताई जा रही है।

नए मॉडल के लॉन्च और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के चलते यह आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के अनुसार, 2023 में भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 82,688 यूनिट थी, जो 2024 में 19.93प्रतिशत बढ़कर 99,165 यूनिट तक पहुंच गई। हालांकि, कुल यात्री वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी केवल 2.4प्रतिशत रही। हुंडई के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग के अनुसार, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और नए मॉडल की बढ़ती संख्या से 2025 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री दोगुनी हो सकती है।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक कारें भारतीय बाजार में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। वर्तमान में, भारतीय इलेक्ट्रिक कार बाजार में टाटा मोटर्स का दबदबा है, जिसकी हिस्सेदारी 2024 में 62.01प्रतिशतरही। हालांकि, नए कंपनियों के प्रवेश से यह परिदृश्य बदल सकता है।

2025 में मारुति ई-विटारा, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक, महिंद्रा बीई6 और किआ कैरेंस ईवी जैसी कई नई इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च होने वाली हैं।

# भारतीय बाजार में 78 लाख करोड़ की गिरावट

## - भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ पार किया था

नई दिल्ली ।



भारतीय बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) शुक्रवार को नीचे दिखा 400 लाख करोड़ रुपये से नीचे पहुंच गया। हालांकि, बाजार थोड़ा सुधरकर 400.2 लाख करोड़ रुपये पर रुका, जो इस साल का सबसे निचला स्तर है। भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये का स्तर पार किया था और 29 सिंतबर को यह 477.93 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर पहुंचा था। तब से बाजार पूंजीकरण में करीब 78 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। तेज गिरावट की मुख्य वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा बिकवाली की गई निवेशों के पीछे है। एफपीआई ने इस वर्ष कुल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर रह सकते हैं, जिससे बाजार में ताजा बिकवाली का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, यह खरीदारी के अवसर भी पैदा कर सकता है जिसमें मजबूत वृद्धि या सुधार की राह पर बढ़ रही कंपनियाँ शामिल हो सकती हैं। बाजार का मार्केट कैप डॉलर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर है, जो पिछले कुछ महीनों में करीब 1.2 लाख करोड़ डॉलर की कमी दर्ज की गई है। भारतीय बाजार अब मल्टीपल मूल्यांकन पर चुनौती खड़ी कर रहा है, जिससे निवेशकों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

# एनपीसीआई ने यूपीआई यूजर्स के लिए बढ़ाई राहत, अब रिफंड होगा जल्द

**नई दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए देश के करोड़ों यूपीआई यूजर्स के लिए राहत की खबर आगामी है। अब फेल होने वाले यूपीआई ट्रांजैक्शन या अटके हुए पैसों के रिफंड के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एक सर्कुलर के माध्यम से हाल ही में एनपीसीआई ने घोषणा की है कि नए नियमों के बैठक, चार्जबैक अनुरोधों की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर दिया गया है। इस नई प्रक्रिया के अनुसार, लाभार्थी बैंकों द्वारा दाखिल किए गए ट्रांजेक्शन क्रेडिट कन्फर्मेशन (टीसीसी) या रिटर्न रिक्वेस्ट (आरईटी) के आधार पर चार्जबैक अनुरोध या तो ऑटोमेटेड रूप से स्वीकार या अस्वीकार कर दिए जाएंगे। यह सुनिश्चित करेगा कि प्राथमिक ट्रांजेक्शन-रिलेटेड मुद्दों को तेजी से समाधान किया जा सके। इस ऑटोमेटेड प्रक्रिया की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो यूपीआई यूजर्स को फायदा पहुंचाएगा और उन्हें सुविधात्मक रूप से सेवाएं प्रदान करेगा। इस नई प्रक्रिया से चार्जबैक की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और दक्षता आएगी, जिससे सिस्टम में सुधार होगा।




# वेलेंटाइन डे के बाद चांदी 1 लाख के पार, सोना भी हुआ महंगा

**नई दिल्ली ।** फरवरी के महीने में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 2,350 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई, इससे वह 1,00,600 प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। वेलेंटाइन डे के बाद सोने और चांदी की कीमतें और भी बढ़ गई हैं जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। भारत में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए प्रति ग्राम तक पहुंच गई है, जबकि 24 कैरेट सोने की दर 8,732 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं चांदी की भी कीमत 100.60 रुपए प्रति ग्राम और 1,00,600 रुपए प्रति किलोग्राम है। यह अचानक बढ़ोतरी ने चांदी को 1 लाख के पार पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सोने की कीमतों में इजाफा होने से लोगों के मुताबिक सोने-चांदी की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना है। नई दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। लखनऊ में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। पटना में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,996 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,722 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है।

# एलआईसी ने तीसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जुटाया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये रही है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है। मोहंती ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन बेहतर होकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि बीते साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी। मोहंती ने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया है।

# बीते हफ्ते बाजार में रही दो महीने में सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई ।




ट्रंप की टैरिफ नीतियों पर अनिश्चितता, मिश्रित कारपोरेट आय, निरंत एफआईआई बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से बीते सप्ताह भारतीय बाजार में दो सप्ताह की बढ़त का सिलसिला टूट गया और ये दो महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो ताजा टैरिफ चिंताओं और विदेशी फंडों के निरंतर निकासी के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 343.83 अंक गिरकर 77,516.36 अंक पर खुला और 548.39 अंक गिरकर सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 105.55 अंक गिरकर 23,454.40 अंक पर खुला और 178.35 अंक गिरकर 23,381.60 पर बंद हुआ। स्मॉल और मिडकैप शेयरों में बड़ी बिकवाली के कारण मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दिखी। सेंसेक्स 1,120.72 अंक गिरकर 76,191.08 पर खुला और 1,018.20 अंक गिरकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 पर बंद हुआ। निफ्टी 345.65 (अंक फिसलकर 23,035.95 के स्तर पर खुला और 309.80 अंक टूटकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 274.56 अंक की गिरावट के साथ 76,019.04 अंक पर खुला और 122.52 अंक की गिरावट के साथ 76,171.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 78.45 अंक फिसलकर 22,993.35 अंक पर खुला और एनएसई निफ्टी लगातार छठे दिन गिरावट के साथ 26.55 अंक गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। लगातार गिरावट की मार झेल रहे निवेशकों के लिए गुरुवार की सुबह राहत भरी खबर लेकर आई। शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। इस दौरान सेंसेक्स 214.08 अंक बढ़कर 76,385.16 अंक पर खुला और 32.11 अंक गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। निफ्टी 69.8 अंक चढ़कर 23,115.05 अंक पर खुला और 13.85 अंक गिरकर 23,031.40 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 282.82 अंक या फिर 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,856.15 पर खुला और 199 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी50 134.20 अंक की गिरावट पर खुला और 102 अंक की गिरावट रही, ये 22,929 के स्तर पर बंद हुआ।

# फोर्टिस हेल्थकेयर श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करेगी

**मुंबई ।** फोर्टिस हेल्थकेयर ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी फोर्टिस हॉस्पिटल के माध्यम से श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। इस सौदे के तहत फोर्टिस हेल्थकेयर ने श्रीमन अस्पताल के पूरे व्यवसाय संचालन, अस्पताल की इमारत और अस्पताल की जमीन का अधिग्रहण करेगी है। कंपनी ने कहा कि यह लेन-देन पूरी तरह से नकद में होगा और कुल खरीद मूल्य लगभग 462 करोड़ रुपये है। इसमें स्टांप ड्यूटी और अन्य नियामक खर्च शामिल नहीं है। एफएचएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई अधिग्रहण कर रहे हैं और इस अधिग्रहण को हम एक अच्छा कदम मानते हैं क्योंकि कंपनी की पहले से ही पंजाब में मजबूत उपस्थिति है, जिससे हमें इस अस्पताल के अधिग्रहण से अधिक लाभ मिलेगा।

# पीएम मोदी के अमेरिका दौरे को शीर्ष उद्योग संगठनों ने बताया ऐतिहासिक, व्यापार और निवेश में होगा बढ़ावा

नई दिल्ली।

शीर्ष उद्योग संगठनों एसोचैम और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा को व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने में ऐतिहासिक बताया।

एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के निरंतर विश्वास और मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से कई ठोस परिणाम सामने आए हैं। इसमें रक्षा, आतंकवाद, जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा, दोनों देशों को कवर करने वाली ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश के अलावा भारत की मानव पूंजी का लाभ उठाने में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। एक अन्य प्रमुख परिणाम, वर्ष के अंत तक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए यूएस-भारत रोडमैप का विकास है।

वहीं फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार के अनुसार, यह यात्रा गहन आर्थिक सहयोग, व्यापार का विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभर रहा है। ये घटनाक्रम भारतीय निर्यातकों को नए मौके प्रदान करेगा। टेक्नोलॉजी, डिफेंस और ग्रीन एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने से विशेष रूप से भारत के निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कुमार ने बढ़ते निवेश फोकस की सराहना की, जो भारत में नए उद्योगों और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा, मेक इन इंडिया पहल को गति प्रदान करेगा और भारतीय निर्यात की मांग को बढ़ाएगा।

फोकस क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और वस्त्र शामिल हैं, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिशन 500 के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 अरब डॉलर तक पहुंचना है। कुमार ने इस साल के अंत तक बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए प्रारंभिक समय-सीमा की सराहना की, जिसका उद्देश्य बाजार पहुंच बढ़ाना, व्यापार बाधाओं को कम करना और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन में सुधार करना है। फियो प्रमुख कुमार ने कहा, ये निवेश भारतीय निर्यातकों के लिए नए मौके पैदा करेगा और भारत को नवाचार तथा विनिर्माण के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। आईटी, एआई और 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग बढ़ाने पर मुख्य ध्यान दिया गया, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय तकनीकी व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण विकास संभावनाएं खुलेंगी।

# भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशक चिंतित

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन गिरावट से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। इस गिरावट से निवेशकों के 25.31 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीतियों और वैश्विक ट्रेड वॉर की आशंका से बाजार की स्थिति और कमजोर हो गई है। विशेषज्ञों की राय बाजार के भविष्य को लेकर अब भी मिले-जुले संकेत दे रही है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि कमजोर तिमाही नतीजों, रुपए में गिरावट और टैरिफ जैसे बाहरी फैक्टर्स से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है। इस हफ्ते लगातार आठ सत्रों में हुई बिकवाली से निवेशकों में चिंता है। अगले हफ्ते बाजार में तेजी आने पर दांव लगाने की भी संभावना है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 3.24 फीसदी और मिडकैप इंडेक्स में 2.59 फीसदी की गिरावट आई। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में भी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सिर्फ आईटी क्षेत्र फायदे में रहा, जबकि बाकी सेक्टर में निकली गिरावट। निवेशकों के लिए आगे का माहौल अनिश्चित है और विशेषज्ञों की मान्यता है कि सावधानी बरतनी चाहिए।

# बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष में 262 करोड़ का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली ।** भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल उनके निगम ने 17 साल बाद पहली बार मुनाफा दर्ज किया है। सरकार ने हाल ही में बीएसएनएल की 4जी सर्विस के विस्तार के लिए अत्यधिक 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किया था। इससे कंपनी ने सेवाओं और ग्राहक बेस को बढ़ाने पर फोकस किया। कंपनी ने अपनी लागत और व्यय में कटौती की है जिससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में घाटे में कमी आई है। उनके मोबाइल सेवाओं में आमदनी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल के इस मुनाफे को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने यह भी बताया कि बीएसएनएल ने एबीआईटीडीए वित्त वर्ष 23-24 तक दोगुनी हो गई है, जिससे उनका अनुमानित राजस्व लगभग 2,100 करोड़ रुपये हो गया है। इन सभी नतीजों से साफ होता है कि बीएसएनल ने 4जी सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करके एक बड़ा कदम उठाया है और इससे कंपनी के लिए एक उज्जवल भविष्य की संभावना है।

# प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा हैं श्रीराम



ललित गर्ग

**यदि हम रामराज्य के अभिलाषी हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी की अवधारणा के अनुरूप शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही होगा। ऐसा कोई भी कार्य हमें प्रत्येक दशा में बन्द करना होगा जो वायु एवं जल को प्रदूषित करता हो चाहे उससे कितना भी भौतिक लाभ मिलता हो। पर्यावरण प्रदूषण का मूल कारण है हमारी भौतिक लिप्सा। धरती मानव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सक्षम है।**

एक युगांतरकारी घटना के तहत भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों के बाद टेंट से निकलकर मन्दिर में स्थापित हुए। भारत के जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलने लगी है, भारत ने एक नये युग में प्रवेश किया। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा, तभी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाना सार्थक होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है।
आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मयार्दा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।
भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी



स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा।
आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। जो बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।
हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।
आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्त्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बृद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है। वरन इसका पाठ पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर किया जाता है।
यदि हम रामराज्य के अभिलाषी हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी की अवधारणा के अनुरूप शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही होगा। ऐसा कोई भी कार्य हमें प्रत्येक दशा में बन्द करना होगा जो वायु एवं जल को प्रदूषित करता हो चाहे उससे कितना भी भौतिक लाभ मिलता हो। पर्यावरण प्रदूषण का मूल कारण है हमारी भौतिक लिप्सा। धरती मानव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सक्षम है। हम यह भी नहीं सोच पा रहे हैं कि असीमित विदोहन जारी रहने से मानव की आने वाली सन्तति का भविष्य क्या होगा? आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य पृथ्वी का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो पृथ्वी भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। निश्चित ही इन सभी समस्याओं का समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम में मिलता है, श्रीराम के मन्दिर का उद्घाटन निश्चित ही रामराज्य की स्थापना की ओर अग्रसर होने का दुर्लभ अवसर है, इस अवसर पर हमें श्रीराम के प्रकृति-संरक्षण की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए देश ही नहीं, दुनिया की पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं सृष्टि-असंतुलन की समस्याओं से मुक्ति पानी चाहिए, यही सच्चे अर्थों में रामनवमी मनाने का सार्थक सन्देश होगा।

## संपादकीय

### पसमांदा के हित में

उम्मीद विधेयक राज्य सभा से भी पारित हो गया और अब इसके विधिवत कानून बनने में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की औपचारिकता भर रह गई है। इस पर करीब 13 घंटे की लंबी बहस राज्य सभा में भी हुई। सरकारी पक्ष ने अपने उन्हीं तकरे को और अधिक वजनदारी के साथ आगे बढ़ाया जो उसने लोक सभा में रखे थे। यहां उम्मीद थी कि विपक्ष के खामियों का समुचित जवाब देंगे जो खामियां इस विधेयक को लाने का कारण बनी, लेकिन मुस्लिम वक्ताओं के साथ-साथ विपक्षी वक्ता भी इसे असंवैधानिक बताते रहे। यानी वे मुसलमान के इसी तर्क की पुष्टि करते रहे कि वक्फ बोर्ड अल्लाह के लिए है, इस्लामी कानून के तहत है, शरीयत की विधियों से संचालित है। इसलिए इसमें दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस बहस ने कथित धर्मनिरपेक्षता का वह चेहरा फिर से उजागर कर दिया कि इस्लामी विधियों और प्रावधानों के साथ खड़े होना, भले ही वह आधुनिक युग में कितने भी निर्थक क्यों ना हो गई हो, धर्मनिरपेक्षता है। यह धर्मनिरपेक्षता अंततः उन्हें कहां ले जाएगी यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन हाल-फिलहाल इसकी बुरी तरह पराजय हुई है। विपक्ष अगर सचमुच इस मामले में अपनी साख बचाना चाहता है तो उसे यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वक्फ कानून नये संशोधनों के साथ अस्तित्व में आ गया है। अब उसको ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहिए कि इस नये कानून के आलोक में वक्फ बोर्ड भू-माफियाओं और निजी लाभ को पाने वाले स्वार्थी समूह की गिरफ्त से बाहर आए और उसका लाभ मुसलमान तक पहुंचे जो उसके वास्तविक हकदार हैं। विपक्ष को मुल्ला, मौलानाओं और मुसलमान की राजनीति करने वाले राजनेताओं का मोह त्याग कर पसमांदा और सबसे निचली पायदान पर खड़े मुसलमानों के हित की वास्तविक लड़ाई लड़नी चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि मुस्लिम राजनीति गरीब मुसलमानों की आंख पर पट्टी बांधकर उनका दोहन, शोषण करती रही है और उन्हें अपने राजनीतिक हितों का मोहरा बनती रही है। इन मुसलमानों को कट्टरपंथी और स्वार्थी समूहों के चंगुल से बाहर निकलना समय की मांग है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विपक्ष इस मांग को सुनेगा और अपनी मौजूदा नीति से बाहर निकाल कर निम्नवर्गीय मुसलमानों के हित में संघर्ष करेगा।



## चिंतन-मनन

### अज्ञान का आवरण

गुरू के पास डंडा था। उस डंडे में विशेषता थी कि उसे जिधर घुमाओ, उधर उस व्यक्ति की सारी खामियां दिखने लग जाएं। गुरू ने शिष्य को डंडा दे दिया। कोई भी आता, शिष्य डंडा उधर कर देता। सब कुरूप-ही-कुरूप सामने दीखते। अब भीतर में कौन कुरूप नहीं है? हर आदमी कुरूप लगता। किसी में प्रोध ज्यादा, किसी में अहंकार ज्यादा, किसी में घृणा का भाव, किसी में ईर्ष्या का भाव, किसी में द्वेष का भाव, किसी में वासना, उत्तेजना। हर आदमी कुरूप लगता। बड़ी मुसीबत, कोई भी अच्छा आदमी नहीं दिख रहा है।
उसने सोचा, गुरूजी को देखूं, कैसे हैं? गुरू को देखा तो वहां भी कुरूपता नजर आई। गुरू के पास गया और बोला कि महाराज! आप में भी यह कमी है। गुरू ने सोचा कि मेरे अस्त्र का मेरे पर ही प्रयोग! गुरू आखिर गुरू था। उसने कहा कि डंडे को इधर-उधर घुमाते हो, कभी अपनी ओर भी जरा घुमाओ। घुमाकर देखा तो पता चला कि गुरू में तो केवल छेद ही थे, यहां तो बड़े-बड़े गड्ढे हैं। वह बड़े असमंजस में पड़ गया।
कहने का अर्थ यह कि हमारी इन्द्रियों की शक्ति सीमित है। दूर की बात नहीं सुन पाते। भीतर की बात नहीं देख पाते। बहुत अच्छा है, अगर कान की शक्ति बढ़ जाए तो आज की दुनिया में इतना कोलाहल है कि नींद लेने की बात ही समाप्त हो जाएगी। देखने की शक्ति बहुत पारदर्शी बन जाए तो इतने बीभत्स दृश्य हमारे सामने आएंगे कि फिर आदमी का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। कुरूपता तो चेतना के भीतर होती है। प्रकृति की विशेषता है कि हमारा अज्ञान का आवरण टूट नहीं पा रहा है।

# भाजपा स्थापना दिवसः ध्येनिष्ठ कार्यकर्ताओं की शक्ति भाजपा



हेमेन्द्र क्षीरसागर

देश को एक समर्थ राष्ट्र बनाने की मीमांसा के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में की गई। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी।

**भारतीय जनसंघ**

गांधीजी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाकर देश में एक नया राजनीतिक षड्यंत्र रचा जाने लगा। सरदार पटेल के देहावसान के पश्चात कांग्रेस में नेहरू का अधिनायकवाद प्रबल होने लगा। गांधी और पटेल दोनों के ही नहीं रहने के कारण कांग्रेस नेहरूवाद की चपेट में आ गई तथा अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस- परमिट- कोटा राज, राष्ट्रीय सुरक्षा पर लापरवाही, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक विषय देश में राष्ट्रवादी नागरिकों को उद्विग्न करने लगे। नेहरूवाद तथा पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर भारत के चुप रहने से क्षुब्ध होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरु मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। इधर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ स्वयंसेवकों ने भी प्रतिबंध के दंश को झेलते हुए महसूस किया कि संघ के राजनीतिक क्षेत्र से सिद्धांततः दूरी बनाये रखने के कारण वे अलग-थलग तो पड़े ही, साथ ही संघ को राजनीतिक तौर पर निशाना बनाया जा रहा था। ऐसी परिस्थिति में एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल की आवश्यकता देश में महसूस की जाने लगी। फलतः भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय में हुई। नेहरू के अधिनायकवादी रवैये के फलस्वरूप डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कश्मीर की जेल में डाल दिया गया, जहां उनकी रहस्यपूर्ण स्थिति में मृत्यु हो गई। एक नई पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य पं दीनदयाल उपाध्याय के कंधों पर आ गया। भारत-चीन युद्ध में भी भारतीय जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ का पं दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई।

**जनता पार्टी में विलय**

सत्तर के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में निरंकुश होती जा रही कांग्रेस सरकार के विरूद्ध देश में जन-असंतोष उभरने लगा। जनान्दोलनों से घबराकर इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने जनता की आवाज को दमनचक्र से कुचलने का प्रयास किया। परिणामतः 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया गया। देश के सभी बड़े नेता या तो नजरबंद कर दिये गए अथवा जेलों में डाल दिए गये। समाचार पत्रों पर सेंसर लगा दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेक राष्ट्रवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हजारों कार्यकताओं को मीसा के तहत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। देश में लोकतंत्र पर खतरा मंडराने लगा। ये जनसंघर्ष को देखते हुए इंदिरा गांधी ने 18 जनवरी, 1977 को लोकसभा भंग कर दी। दौरान जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर एक नये राष्ट्रीय दल जनता पार्टी का गठन किया गया। आम चुनावों में कांग्रेस की करारी हार हुई। जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई। पूर्व घोषणा के अनुसार 1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने करीब 5000 प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया।

**पंचनिष्ठा प्रतिपादित**

भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। पार्टी ने अपनी पंचनिष्ठा व्यक्त की हैं।-




राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सर्व धर्म समभाव, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति। स्तुत्य, आज भाजपा देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है। देश के सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्प है। आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी, जो आज सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की उद्घोषणा के साथ गौरव सम्पन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही है। अभिभूत, राष्ट्रीय अध्यक्ष डां जेपी नड्डा के नेतृत्व में ध्येनिष्ठ कार्यकताओं की शक्ति भाजपा लगभग 12 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है।

# भूकंप : कांपती धरती और उपजते सवाल



योगेश कुमार गोयल



म्यांमार में 28 मार्च को रिक्टर स्केल पर आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे भीषण भूकंप बताया गया।
यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे द्वारा मौतों का आंकड़ा 10 हजार से भी ज्यादा होने की आशंका जताई गई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए। भूकंप के कारण म्यांमार की दुर्दशा को देखते हुए भारत में भी लोगों के मन में सवाल उमड़ रहे हैं कि कहीं देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार कांपती धरती किसी बड़ी तबाही का सिग्नल तो नहीं है। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के एक अध्ययन में बताया जा चुका है कि 20 भारतीय शहरों तथा कस्बों में भूकंप का खतरा सर्वाधिक है, जिनमें दिल्ली सहित नौ राज्यों की राजधानियां भी शामिल हैं।
हिमालयी पर्वत श्रृंखला क्षेत्र को दुनिया में भूकंप के मामले में सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट लाइन, मथुरा फॉल्ट लाइन तथा सोहना फॉल्ट लाइन मौजूद है। जहां फॉल्ट लाइन होती है, भूकंप का अधिकेंद्र वहीं बनता है। बड़े भूकंप फॉल्ट लाइन के किनारे ही आते हैं, और दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरी हिमालयन बेल्ट को भूकंप से ज्यादा खतरा है। एनसीएस के पूर्व प्रमुख डॉ. एके शुक्ला के मुताबिक, उत्तर भारत में हिमालयन बेल्ट से ज्यादा खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की शंका है। हालांकि ज्यादा तीव्रता का बड़ा भूकंप आने की आशंकाओं के बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है कि यह कब आ सकता है। दरअसल, भूकंप के सटीक पूवार्नुमान का अब तक न कोई उपकरण है, और न ही कोई मैकेनिज्म।
राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिक हालांकि बार-बार धरती के कांपने को लेकर अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि भू-जल का गिरता स्तर भी प्रमुख वजह के रूप में सामने आ रहा है जबकि अन्य कारण भी तलाशे जा रहे हैं। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, देहरादून तथा आईआईटी, कानपुर भी दिल्ली तथा आसपास के इलाकों का अध्यनन करते हुए एनसीएस की मदद कर रहे हैं। दिल्ली एनसीआर को तो भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील इलाका माना जाता है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। एक अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली में करीब 90 फीसद मकान कंक्रीट और सरिये से बने हैं, जिनमें से 90 फीसदी इमारतें रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता से तेज भूकंप को झेलने में समर्थ नहीं हैं। एनसीएस के एक अध्ययन के अनुसार दिल्ली का करीब 30 फीसद हिस्सा तो जोन-5 में आता है, जो भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील है।
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी बताया जा चुका है कि दिल्ली में बनी नई इमारतें 6 से 6.6 तीव्रता के भूकंप को झेल सकती हैं जबकि पुरानी इमारतें 5 से 5.5 तीव्रता का भूकंप ही सह सकती हैं। विशेषज्ञ बड़ा भूकंप आने पर दिल्ली में जान-माल का ज्यादा नुकसान होने का अनुमान इसलिए भी लगा रहे हैं क्योंकि दिल्ली में प्रति वर्ग किमी. में करीब दस हजार लोग रहते हैं, और कोई भी बड़ा भूकंप 300-400 किमी. की रेंज तक असर दिखाता है। भूकंप के झटकों को लेकर दुनिया भर के भूगर्भशास्त्रियों तथा भूकंप विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय धरती की टेक्टोनिक प्लेटें खिसक रही हैं, और उन्हीं के कारण इतने भूकंप आ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक कई बार जब दो टेक्टोनिक प्लेटों के बीच में बनी गैस या प्रेशर रिलीज होता है, तब भी भूकंप के झटके आते हैं। गर्मियों में यह स्थिति ज्यादा देखने को मिलती है। हिमालय में बड़े भूकंप की आशंका जताते हुए वैज्ञानिक कह चुके हैं कि हिमालय पर्वत श्रृंखला में सिलसिलेवार भूकंपों के साथ कभी भी बड़ा भूकंप आ सकता है, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर आठ से भी ज्यादा हो सकती है।
भूकंप वैज्ञानिकों के अनुसार 8.5 तीव्रता वाला भूकंप 7.5 तीव्रता के भूकंप के मुकाबले करीब 30 गुना ज्यादा शक्तिशाली होता है। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समक्ष हालांकि मनुष्य बेबस है क्योंकि ये आपदाएं बगैर चेतावनी के आती हैं, जिससे इनकी मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाती है लेकिन हम ऐसे प्रबंध तो कर ही सकते हैं, जिनसे भूकंप आने पर नुकसान की आशंका न्यूनतम रहे। जापान ऐसा देश है जहां सबसे ज्यादा भूकंप आते हैं, लेकिन उसने भवन निर्माण और बुनियादी सुविधाओं का ऐसा मजबूत ढांचा विकसित कर लिया है, जिससे भूकंपों के कारण कम नुकसान होता है। रिक्टर स्केल पर 5 तक की तीव्रता वाले भूकंप को खतरनाक नहीं माना जाता लेकिन यह भी क्षेत्र की संरचना पर निर्भर करता है। इसीलिए विशेषज्ञों का कहना है कि नई इमारतों को भूकंपरोधी बना कर तथा पुरानी इमारतों में अपेक्षित सुधार कर जान-माल के बड़े नुकसान से बचा जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## फिल्म फौजी पर आया अपडेट, फिर साथ नजर आएगी प्रभास के साथ इस अभिनेत्री की जोड़ी

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच उनकी एक और फिल्म फौजी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में प्रभास की जोड़ी उनकी फिल्म कल्कि 2898 एडी की एक अभिनेत्री के साथ नजर आएगी। क्या आप बता सकते हैं कि वह अभिनेत्री कौन हैं...

### फौजी में नजर आएगी दिशा के साथ प्रभास की जोड़ी



एक खबर के मुताबिक, फौजी एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। फौजी में प्रभास और दिशा पाटनी एक साथ नजर आ सकते हैं। इस फिल्म से पहले प्रभास और दिशा की जोड़ी को प्रशंसकों ने कल्कि 2898 एडी में खूब पसंद किया था। बहरहाल, इस फिल्म का आधिकारिक नाम अभी तक तय नहीं हुआ है, तब तक इस फिल्म का संभावित नाम फौजी है।

### फिल्म में होंगी दो अभिनेत्रियां

वैसे इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों के होने की बात सामने आई है, जिसमें इमानवी इस्माइल का नाम पहले से ही शामिल है और अब उनके अलावा इस फिल्म में दूसरी मुख्य अभिनेत्री के तौर पर दिशा पाटनी का नाम शामिल हो गया है। बहरहाल, अभी तक निर्माताओं की ओर से इस फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फौजी के अलावा साउथ अभिनेता प्रभास स्पिरिट, द राजा साब के अलावा भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगे। स्पिरिट का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। इस फिल्म में प्रभास एक पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, द राजा साब एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है।



# स्त्री 2 के बाद रेड 2 में आइटम नंबर करेंगी तमन्ना भाटिया, यो यो हनी सिंह भी बनेंगे गाने का हिस्सा



रेड 2 अपने एलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ रेड 2 के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है। इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है।

रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा।

तमन्ना और विजय की फिल्म यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही रेंजर पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना रेंजर के सेट पर शामिल होंगी।

### फिल्म की कहानी और कलाकार

राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है। फिल्म में वाणी कपूर, रजत कपूर, सुप्रिया पाठक, अमित सियाल और यशपाल शर्मा भी हैं। सौरभ शुक्ला सीतागढ़ के खूंखार डॉन ताऊजी की अपनी भूमिका को फिर से दोहराएंगे।

# तुम्बाड़ फेम निर्देशक के साथ काम करने जा रहीं हैं श्रद्धा



श्रद्धा कपूर ने हाल ही में हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 से दर्शकों का दिल जीता था। इसके बाद से उन्होंने अपनी अगली फिल्म की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। हालांकि, अब खबर आ रही है कि श्रद्धा जल्द ही तुम्बाड़ के निर्देशक राही अनिल बर्वे के साथ एक नया प्रोजेक्ट शुरू करने वाली हैं। इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर करेंगी।

### तुम्बाड़ के निर्देशक के साथ करने जा रहीं काम

हालांकि, अभी इसकी कहानी और नाम का खुलासा नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक श्रद्धा और एकता कपूर कई फिल्मों को लेकर बातचीत कर रही हैं। इनमें से एक हाई-कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म है, जिसे तुम्बाड़ फेम निर्देशक राही अनिल बर्वे ने तैयार किया है।

श्रद्धा को पसंद आई फिल्म की कहानी रिपोर्ट के मुताबिक स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और श्रद्धा इसकी अनोखी कहानी से बेहद प्रभावित हैं। उन्हें लगता है कि यह अनाम थ्रिलर स्त्री 2 के बाद उनके लिए एक शानदार फिल्म हो सकती है। श्रद्धा इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं।

लव स्टोरी फिल्म पर भी चल रही चर्चा इसके अलावा श्रद्धा एकता कपूर के साथ एक लव स्टोरी पर भी चर्चा कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन आशिकी 2 फेम निर्देशक मोहित सूरी करेंगे। खास बात यह है कि इसमें श्रद्धा की जोड़ी एक बार फिर आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आ सकती है। सूत्रों का कहना है कि श्रद्धा के पास कुछ और प्रोजेक्ट्स भी हैं, लेकिन उनकी डिटेल्स अभी गुप्त रखी गई हैं।

### नागिन ट्रिलॉजी की तैयारी में जुटी हैं अभिनेत्री

इन सबके बीच श्रद्धा कपूर नागिन ट्रिलॉजी की तैयारी में भी जुटी हैं। यह एक मेगा-बजट फिल्म है, जिसका निर्देशन विशाल फुरिया कर रहे हैं। इसमें श्रद्धा मुख्य किरदार नागिन के रूप में दिखेंगी। खास बात यह है कि इस फेंचाइजी में वीएफएक्स का भारी इस्तेमाल होगा, जिससे दर्शकों को कुछ अलग देखने को मिलेगा।



# एकता कपूर ने नागिन 7 पर लगाई मुहर

एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध नागिन सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने नागिन 7 को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है।

### कब आएगा नागिन 7

ईद के खास मौके पर एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता अपनी टीम के साथ कुछ खास बात करती नजर आईं। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, यह ईद है। ईद मुबारक। ईद मुबारक। मुझे सभी को ईदी देनी है। आगे एकता ने कहा, नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द। एकता के इस वीडियो ने फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।

### ईशा मालवीय हो सकती हैं अगली नागिन



एक खबर के मुताबिक, एकता के नागिन 7 में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। उडारियां और बिग बॉस 17 से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर नागिन 7 में आती हैं, तो यह उनके करियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी।

### नागिन सीरियल की शुरुआत

एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को नागिन 7 के आने का इंतजार है।

### नागिन सीरियल ने कई अभिनेत्रियों को दिलाई पहचान

नागिन टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब नागिन 7 के आने का बेसब्री से इंतजार है।



# कॉमेडी करते-करते कैसे खूंखार विलेन बने राघव जुयाल

आईफा 2025 में फिल्म 'किल' के लिए बेस्ट नेगेटिव रोल का अवॉर्ड जीतने वाले अभिनेता राघव जुयाल ने हाल ही में खास बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वो इंडस्ट्री में हर तरह के किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। साथ ही राघव ने बताया कि वो अपने किरदारों के लिए कैसे तैयारी करते हैं। बातचीत में फिल्म 'किल' के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए राघव ने कहा, मेरा मानना है कि कोई भी किरदार आए, एक्टर को उस किरदार में घुस जाना चाहिए और खुद पर भरोसा रखना चाहिए। इससे धीरे-धीरे वो किरदार में ढलने लगता है और उसे अपने किरदार की समझ आने लगती है। जो बाद में रोल को असरदार बनाने में मददगार साबित होता है।

### मैं सभी ऑफर ठुकरा रहा हूं

बॉलीवुड में अक्सर जब किसी अभिनेता का एक किरदार हिट हो जाता है तो फिर उसे एक जैसे रोल ऑफर होने लगते हैं। टाइपकास्ट होने के डर पर बात करते हुए राघव ने कहा, मैं एक जैसे सभी ऑफर ठुकरा रहा हूं। मैं हर बार कुछ अलग और नया करना चाहता हूं। मैं एक जैसे किरदार बार-बार नहीं निभाना चाहता।

### एक जैसे किरदार नहीं करूंगा

राघव ने आगे कहा, अगर आप मेरी जर्नी देखें तो मैंने बैक डांसर के तौर पर शुरूआत की, फिर मैं डांसर बना। उसके बाद मैंने शो होस्ट किया और अब एक्टिंग कर रहा हूं। जब मैं इंडस्ट्री में रहकर इतने प्रोफेशन बदल चुका हूं, तो मैं एक जैसे किरदार तो बिल्कुल भी नहीं करूंगा।

### 'किल' के किरदार के लिए की काफी मेहनत

अब तक चुलबुले अंदाज में दिखने वाले राघव ने इतने खतरनाक विलेन की भूमिका कैसे निभाई? पूछा जाने पर राघव कहते हैं- मुझे खुद नहीं पता कैसे हुआ, बस हो गया। मैंने बस अपने किरदार पर काफी काम किया, काफी मेहनत की। शायद उसी मेहनत का नतीजा है कि ये हो गया।

### सफल रही थी 'किल'

साल 2024 में आई फिल्म 'किल' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में काफी हिंसक एक्शन दिखाया गया है। फिल्म में राघव जुयाल ने 'फनी' नाम के किरदार की भूमिका निभाई है, जो फिल्म का खलनायक है। निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राघव के अलावा लक्ष्य, तान्या मानिकतला, आशीष विद्यार्थी, अद्रिजा सिन्हा, हर्ष छाया और अभिषेक चौहान प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

# टेस्ट की रिलीज से पहले 'टॉक्सिक' की शूट के लिए मुंबई पहुंचीं नयनतारा?

साउथ अभिनेत्री की फिल्म 'टेस्ट' 4 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी। इस बीच अभिनेत्री को मुंबई में एयरपोर्ट पर देखा गया। दरअसल, नयनतार 'केजीएफ' फेम अभिनेता यश गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'टॉक्सिक' का हिस्सा हैं। इस फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो रही है। संभवतः अभिनेत्री इसी के सिलसिले में वहां पहुंची हैं। हालांकि, फिल्म से अभिनेत्री की भूमिका के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसा कहा जा रहा है कि उनका किरदार एक गेम चेंजर होगा। फिल्म में कियारा आडवाणी फीमेल लीड हैं, उनके साथ हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और अक्षय ओबेरॉय भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'टॉक्सिक' को कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के बड़े बजट में बनाया जा रहा है। फिल्म को अंग्रेजी समेत कई भारतीय भाषाओं में 19 मार्च 2026 में रिलीज किया जाएगा।



# आईपीएल में आज मुंबई और लखनऊ के बीच रोमांचक मुकाबले के आसार

**लखनऊ (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जॉइंट्स अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस का मुकाबला करेगी। इस मैच में सुपर जॉइंट्स का लक्ष्य जीत हासिल कर वापसी करना रहेगा। अब तक हुए तीन मैचों में से उसे दो मुकाबलों में हार मिली है। पिछले मैच में उसे पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर भी सभी की नजरें रहेंगी। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी होने बाद भी ऋषभ अभी तक रन नहीं बना पाये हैं। तीन मैचों को मिला भी दें तो भी उनके 30 से कम रन हैं। इस मैच में अगर लखनऊ को जीत दर्ज करनी है तो कप्तान को रन बनाने होंगे। वहीं दूसरी ओर मुम्बई इंडियंस का सफर भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसे भी केवल एक ही मैच में जीत मिली है। मुम्बई के भी अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा का भी बल्ला अब तक खामोश हैं। ऐसे में वह भी इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाने के इरादे से उतरेंगे।

इस मैच में उतर रही दोनो ही टीमों की हालत तकरीबन एक ही है। मुंबई को अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने का भी नुकसान हुआ है। बुमराह चोटिल होने के कारण इस आईपीएल सत्र से बाहर हैं।

बुमराह की जगह बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी जिससे मुम्बई को राहत मिली है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर 4 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज ने घरेलू क्रिकेट में केवल चार टी20 मैच खेलने के बाद मुंबई की ओर से आईपीएल में पदार्पण करते हुए अजिंक्य रहाणे, मनीष पांडे, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे स्टार बल्लेबाजों के विकेट लिए थे।

मुंबई को अगर सुपर जॉइंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करनी है तो रोहित के अलावा अन्य बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। वहीं लखनऊ की टीम भी अपने गेंदबाजों के चोटिल होने से परेशान हैं मयंक यादव सहित उसके प्रमुख




गेंदबाज फिट नहीं होने के कारण बाहर हैं। शार्दुल ठाकुर के टीम से जुड़ने से हालांकि उसके राहत मिली है। वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरण के फार्म में आने से भी टीम को लाभ हुआ है। पूरन ने अब तक तीन मैच में 189 रन बनाए हैं पर उन्हें कोई जोड़ीदारी नहीं मिला है। टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो कप्तान ऋषभ के साथ ही अन्य सभी खिलाड़ियों को एकजुट होकर खेलना होगा। टीम के पास स्पिनर रवि बिश्नोई है पर वह भी अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। उन्हें भी इस मैच में अपना प्रदर्शन ठीक करना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** - ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आकाश दीप, आकाश सिंह, अवेश खान, आयुष बदोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, आर्यन जुयाल, अर्शिन कुलकर्णी, एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, डेविड मिलर, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, शाहबाज़ अहमद, मणिमारन सिद्धार्थ, शार्दुल ठाकुर, मयंक यादव।

**मुंबई इंडियंस** -हार्दिक पंड्या (कप्तान), अश्वनी कुमार, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रित बुमरा, दीपक चाहर, विल जैक्स, बेवॉन जैकब्स, रॉबिन मिंज, मुजीब उर रहमान, नमन धीर, विग्नेश पुथुर, सत्यनारायण राजू, रयान रिकेलटन, मिशेल सेंटनर, कर्ण शर्मा, रोहित शर्मा, कृष्णन श्रीजीत, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, रीस टॉपले, सूर्यकुमार यादव।

# भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु में रचा इतिहास, आईपीएल में ड्वेन ब्रावो की बराबरी की




**बेंगलुरु (कर्नाटक) (एजेंसी)।** अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपना नाम इतिहास की किताब में दर्ज करा लिया है और मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अपने शानदार स्पेल के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

बेंगलुरु के घरेलू मैदान में रजत पटडियार को आरसीबी कप्तान के रूप में पहली हार का सामना करना पड़ा। टाइटन्स ने 170 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और 8 विकेट की शानदार जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा। अपने घरेलू मैदान पर हारने के बावजूद वे कुछ सकारात्मक चीजें हासिल करने में सफल रहे जिनमें भुवनेश्वर का शानदार स्पेल भी शामिल था। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल का पूरा कोटा फेंका, तज्ञ के कप्तान शुभमन गिल को आउट करके शुरुआती बढ़त हासिल की और 1/23 के आंकड़े के साथ लौटे।

भले ही उनके शुरुआती प्रयास व्यर्थ गए लेकिन भुवनेश्वर ने रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने के लिए पर्याप्त प्रभाव डाला। उन्होंने ड्वेन ब्रावो के 183 स्कैलप के टैली की बराबरी करने के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में स्टेडियम छोड़ा। पूर्व कैरेबियाई स्टार ने 161 मैचों में 183 विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर ने 178 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की।

कुल मिलाकर वह कैश-रिच लीग में सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उनके टैली से केवल युजवेंद्र चहल (206) और पीयूष चावला (192) बेहतर हैं। भुवनेश्वर ने अपने कौशल सेट पर भरोसा किया और इसे पूर्णता के साथ निष्पादित किया। उन्होंने अपनी ताकत का फायदा उठाया और मेजबान टीम के लिए सबसे किफायती गेंदबाज बनकर उभरे, उन्होंने महज 5.80 रन दिए।

# टी20 क्रिकेट में कैसे बने बेहतर बल्लेबाज, साई सुदर्शन ने खोला राज

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में गुजरात टाइटंस की तरफ से मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने से उन्हें टी20 क्रिकेट में बेहतर बल्लेबाज बनने में मदद मिली। सुदर्शन में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेल कर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।




सुदर्शन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह (आईपीएल में) मेरा चौथा साल है, इसलिए मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी अनुभव मिला है। मुझे कुछ मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला। गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नेट्स में मुझे काफी तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज जिसने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की है या जिस तरह से मैंने अपनी टी20 बल्लेबाजी में सुधार किया है, वह खेल का समय है जो मुझे यहां मिलता है और टाइटंस के साथ मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के साथ अभ्यास का मौका मिलता है।'

आईपीएल के वर्तमान सत्र में अभी तक 186 रन बनाने वाले सुदर्शन ने कहा, 'इन तीन वर्ष में मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि इससे मुझे खेल को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है और खेल की बुनियादी बातों को भी समझने में मदद मिली है।' इस बीच आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि पहले सात ओवरों में चार विकेट खोने से उनकी टीम के लिए परिस्थितियां मुश्किल हो गई थी। फ्लावर ने कहा, 'हमने पावर प्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की लेकिन इस बीच हमने कुछ महत्वपूर्ण विकेट गंवाए। इससे मैच का पासा पलट गया। अगर आप पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो इससे आपके लिए परिस्थितियां मुश्किल हो जाती हैं।'

# पिच को लेकर सत्र से पहले ही क्यूरेटर को बताएं फ्रैंचाइजी : बीसीसीआई

**-बीच सत्र में बदलाव संभव नहीं**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी फ्रैंचाइजियों से कहा है कि कि वे पिच को लेकर जो भी बातें कहनी हैं वह सत्र से पहले ही क्यूरेटर को बता दे। सत्र के बीच में इस बारे में कुछ न कहें। बोर्ड ने ये बात हाल ही में आये उस बयान के बाद कही है जिसमें लखनऊ सुपरजायंट्स के मुख्य कोच जहीर खान ने कहा था कि पिच घरेलू हालातों के अनुसार नहीं बनी है। जहीर ने यहां तक कहा था कि इस पिच को देखकर ऐसा लगा जैसे पंजाब के किसी क्यूरेटर ने इसे तैयार किया हो। आईपीएल में अभी तक हुए मैचों में सुपरजायंट्स ही नहीं कई अन्य टीमों ने भी पिच पर सवाल उठाये हैं। इन टीमों का कहना था कि उन्हें घरेलू मैदान का लाभ नहीं मिलता दिखा।




बोर्ड के बयान से साफ है कि बीसीसीआई आईपीएल मैचों की पिच को लेकर संतुष्ट है और उसे इनसे कोई परेशानी नहीं है। बोर्ड की एक रिपोर्ट में बताया है कि फ्रैंचाइजी पिच को लेकर अपनी जरूरतों के बारे में पहले से बताये क्योंकि किसी भी प्रकार का बदलाव एक ही सप्ताह में नहीं हो सकता। इसमें कहा गया है कि पिचें अबतक अच्छी रही हैं। वे ऐसी पिच की मांग कर सकते हैं जो गेंदबाजों को ज्यादा फायदा पहुंचाए पर इसके लिए फ्रैंचाइजी और क्यूरेटर्स के बीच में बेहतर संवाद की जरूरत है। ये सब एक सप्ताह में नहीं हो सकता।

बीसीसीआई की गाउडलाइंस के मुताबिक, पिच का नेचर क्या हो, इसमें न तो किसी फ्रैंचाइजी की चलेगी और न ही किसी खिलाड़ी की। क्यूरेटर को ऐसी पिच तैयार करनी है जिससे तेज गेंदबाजों को भी सहायता मिले और स्पिनर्स को भी जिससे इनमें अच्छा संतुलन बना रहे। आईपीएल के इस सत्र में शुरुआती दौर में ही घरेलू मैदान की पिच को लेकर कई फ्रैंचाइजी ने असंतोष जताया है। लखनऊ के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी मांग की है कि ईडन गार्डन्स की पिच ऐसी हो जो स्पिनर्स की सहायता करे। वहीं दिल्ली कैपिटल्स का प्रबंधन भी अपने शुरुआती दो मैचों की पिच को लेकर क्यूरेटर से नाराज है। कुछ ऐसा ही हाल चेन्नई सुपर किंग्स का भी जो घरेल पिच से संतुष्ट नहीं है।

# रामलला के दर्शन करने पहुंचे सूर्यकुमार यादव, हनुमानगढ़ी मंदिर में भी की पूजा

**अयोध्या (एजेंसी)।** टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुंबई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किए। सूर्य कुमार यादव आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुंबई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लखनऊ और मुंबई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जाएगा।

मैच की पूर्व संध्या पर उन्होंने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे।

इस अवसर पर उन्होंने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है। आईबी के निदेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई.जी. प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।



# आरसीबी की हार का कारण बने उसके ही पुराने गेंदबाज सिराज

बेंगलुरु । तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 18 वें सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 8 विकेट से हरा दिया। सिराज पिछले सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में शामिल थे



पर इस बार वह गुजरात की ओर से खेल रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस बार रिटेन न कर आरसीबी पछता रही होगी। इस मैच में सिराज के सामने आरसीबी के गेंदबाज टिक नहीं पाये। सिराज ने बहुत ही कसी हुई गेंदबाजी की और आरसीबी के 3 बड़ विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर में केवल 19 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इसी कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला। वहीं पिछले सत्र में जब गुजरात और आरसीबी का पहला मुकाबला हुआ था तब भी सिराज ही प्लेयर ऑफ द मैच थे पर उस समय वह गुजरात की ओर से खेल रहे थे। आरसीबी ने इस बार सिराज को रिलीज कर दिया था। इसके बाद हुई नीलामी में टाइटंस ने उन्हें 12.5 करोड़ की बोली लगाकर उन्हें खरीदा था। इस बार मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। वहीं गुजरात ने जोस बटलर और साई सुदर्शन की विस्फोटक पारियों की सहायता से 18वें ओर में ही 8 विकेट से मैच जीत लिया।

# बुमराह की वापसी को लेकर संशय बरकरार




मुम्बई । भारतीय टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की खेल में वापसी को लेकर संशय बना हुआ है। बुमराह चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से ही टीम से बाहर हैं। इसी कारण वह चैम्पियंस ट्रॉफी भी नहीं खेल पाये। अब उनके इंग्लैंड के खिलाफ जून में होने वाली टेस्ट सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की संभावनाएं हैं। फिट नहीं होने के कारण ही वह आईपीएल से भी बाहर हैं। उनके अप्रैल के पहले सप्ताह तक पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद थी पर अब इसकी संभावना नहीं हैं। ऐसे में उनके प्रशंसकों को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम उनकी वापसी को लेकर किसी प्रकार की जल्दबाजी नहीं करना चाहती। मेडिकल टीम नहीं चाहती कि मैदान पर वापसी के बाद उनके फिर चोटिल होने का खतरा हो। वहीं सकारात्मक बात ये है कि बुमराह ने नेट पर गेंदबाजी शुरू कर दी है पर अभी वह पूरी ताकत और क्षमता से गेंद नहीं फेंक रहे हैं। सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। टीम उनकी क्रिकेट के मैदान पर वापसी को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी के पक्ष में नहीं है क्योंकि इसमें जोखिम हो सकता है। इससे वह स्ट्रेस फैक्टर का शिकार हो सकते हैं। मेडिकल टीम का मानना है कि बुमराह को 100 प्रतिशत फिट होने पर ही वापसी करनी चाहिये। वहीं एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार बुमराह की चोट थोड़ी ज्यादा गंभीर है। मेडिकल टीम ये पक्का करना चाहती है कि वह फिर स्ट्रेस फैक्टर का शिकार न हों। बुमराह स्वयं भी इस मामले में सावधानी रख रहे हैं।

# आईपीएल : करोड़ों की रकम मिली पर अब तक फ्लाप रहे ये क्रिकेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में ऋषभ पंत, वेंकटेश अय्यर सहित पांच स्टार खिलाड़ी करोड़ों की रकम पाने के बाद भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। इस सत्र के लिए हुई मेगा निलामी में इन 5 खिलाड़ियों को 13 या इससे ज्यादा रुपये मिले पर इनका प्रदर्शन उसके करीब भी नहीं रहा।

**ऋषभ पंत:** आईपएल नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे बड़ी बोली 27 करोड़ रुपये लगाकर ऋषभ पंत को अपने साथ जोड़ा और कप्तान भी बनाया पर वह तीन मैचों में अब तक सिर्फ 17 रन बना पाए हैं। पहले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाये जबकि दूसरे में 15 और तीसरे में केवसल 2 रन उन्होंने बनाए हैं। कप्तान के तौर पर वे तीन में से दो मैच हारे हैं। एक एक मैच ही वह जीत पाये हैं।

**वेंकटेश अय्यर:** कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा था पर तीन मैचों की दो पारियों में वे केवल 9 रन रन बना पाए हैं। पहले मैच में 6 रन, दूसरे में बल्लेबाजी का अवसर नहीं मिला और तीसरे में 3 रन बनाए हैं।




**रोहित शर्मा :** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को इस सत्र के लिए मेगा ऑक्शन के पहले रिटेंशन के तौर पर 16 करोड़ 30 लाख रुपये मिले। हालांकि, उनका प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा है। पहले मैच में शून्य , दूसरे मैच में 8 रन और तीसरे मैच में केवल 13 रन उनके नाम हैं। वे कुल 21 रन तीन मैचों में बना पाए हैं।

**रिंकू सिंह:** रिंकू सिंह अभी तक आईपीएल में सिर्फ लाखों रुपयों में खेल रहे थे पहली बार उन्हें आईपीएल 2025 के रिटेंशन में केकेआर ने 13 करोड़ रुपये में बनाये रखा। रिंकू हालांकि इसके हिसाब से प्रदर्शन नहीं कर पाये। वह 3 मैचों की 2 पारियों में 29 रन रन बना सके हैं। एक मैच में उन्होंने 12 और एक मैच में 17 रन बनाए हैं।

**यशस्वी जायसवाल :** यशस्वी जायसवाल को राजस्थान रॉयल्स ने 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। हालांकि, आईपीएल 2025 के तीन मैचों में उन्होंने सिर्फ 34 रन ही बनाए हैं। पहले मैच में वे सिर्फ 1 रन बना पाए थे। दूसरे मैच में जरूर 29 बनाए, लेकिन अगले मैच में फिर से 4 रन पर आउट हो गए।

# नितीश रेड्डी बोले- 295 ट्वंटी-20 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज को पीटने का है इरादा




नई दिल्ली - सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपने भारतीय साथी जसप्रीत बुमराह के साथ मुकाबला करने के लिए उत्साहित हैं। रेड्डी और बुमराह इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में एक साथ खेले थे। 21 वर्षीय जो अब अंतरराष्ट्रीय अनुभव का दावा करता है, प्रीमियर पेसर के खिलाफ रन बनाने के बारे में सोच रहा है, जो वर्तमान में पीठ के निचले हिस्से की चोट के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (पूर्व में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में रिहैब से गुजर रहा है। बुमराह दुबई में भारत के खिताब जीतने वाले चैंपियंस ट्रॉफी अभियान से चूक गए थे, लेकिन आईपीएल में किसी समय उनकी वापसी होने की उम्मीद है। सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला 17 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। रेड्डी ने जियो हॉटस्टार के शो जेन बोल्ड पर कहा कि मैं इस चुनौती के लिए आभारी रहूंगा। वह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं और उनका सामना करना एक रोमांचक मुकाबला होगा। अगर मैं उनके खिलाफ कुछ रन बनाने में कामयाब हो जाता हूं, तो मुझे बहुत खुशी होगी। बुमराह जैसे शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना ही खेल को रोमांचक बनाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट की इस पीढ़ी को विराट कोहली, रोहित शर्मा और अन्य दिग्गजों ने आकार दिया है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और हम उनकी विरासत को आगे ले जाने की आकांक्षा रखते हैं। जसप्रीत, रोहित और विराट जैसे खिलाड़ी वास्तव में भारतीय क्रिकेट के लिए स्वर्णिम संपत्ति हैं। एमएस धोनी, कोहली और रोहित से सीखे जाने वाले किसी एक कौशल के बारे में रेड्डी ने कहा कि धोनी से मैं उनकी कप्तानी कौशल सीखना चाहूंगा। कोहली से मैं उनकी आक्रामकता और खेल के प्रति जुनून की प्रशंसा करता हूं। और रोहित से मैं उनके पुल शॉट में महारत हासिल करना चाहूंगा - यह बेहतरीन है।

# ईशान को इस बार भी बीसीसीआई अनुबंध मिलने की संभावना नहीं : रिपोर्ट




मुम्बई । पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन आजकल आईपीएल खेल रहे हैं। ईशान का इसमें अब तक का प्रदर्शन मिलाजुला रहा है। पहले ही मैच में उन्होंने शतक लगाया था पर बाद के मैचों में वह रन नहीं बना पाये। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड आने समय में केन्द्रीय अनुबंध देने जा रहा है। इसमें इस बार भी ईशान को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ईशान को घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण पिछले बार भी अनुबंध नहीं मिला था। ईशान केअलावा श्रेयस अय्यर को भी पिछले साल अनुबंध नहीं मिला था पर इस बार जहां श्रेयस की वापसी तय है, वहीं ईशान को अभी इंतजार करना होगा। श्रेयस ने बीसीसीआई की फटकार के बाद घरेलू क्रिकेट खेल लिया था और इससे उनकी भारतीय टीम में भी वापसी हो गयी थी। अभी श्रेयस आईपीएल में भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं बीसीसीआई अनुबंध सूची अभी जारी नहीं हुई है पर कहा जा रहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को इसमें ए प्लस में ही बनाये रखा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई श्रेयस को अपना अनुबंध वापस दे सकती है। दूसरी ओर ईशान को अनुबंध वापस पाने के लिए अभी इंतजार करना पड़ सकता है। किशन ने नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में आखिरी बार भारतीय टीम की ओर से खेला था। ईशान बोर्ड की फटकार के बाद घरेलू क्रिकेट खेलने लगे हैं पर अभी तक उनका प्रदर्शन ऐसा नहीं हुआ है कि उन्हें जगह मिल सके।

# स्टोक्स के चोटिल होने से इंग्लैड टीम को लगा झटका

लंदन । इंग्लैड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स चोटिल हो गये है। इससे इंग्लैड की टीम को करारा झटका लगा है क्योंकि उसे भारत के खिलाफ जून में टेस्ट सीरीज खेलनी है जिसके लिए उसे तैयारी करनी है। स्टोक्स हैमस्ट्रिंग की इस चोट के कारण डरहम के काउंटी चैंपियनशिप से बाहर हो गए है है। वह हालांकि हैमस्ट्रिंग सर्जरी से उबर रहे हैं। मुख्य कोच रयान कैंपबेल को हालांकि भरोसा है कि वह भारतीय टीम के दौरे तक उबर जाएंगे। स्टोक्स छह महीने में दूसरी बार हैमस्ट्रिंग से जूझ रहे हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड में इंग्लैंड के अंतिम टेस्ट के दौरान भी वह चोटिल हो गए थे, तब से लेकर स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है। एक रिपोर्ट के अनुसार स्टोक्स शुक्रवार से शुरू हो रही काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। उनके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद डरहम और इंग्लैंड के उनके साथी खिलाड़ी ब्रायडन कार्से भी नहीं खेलेंगे। वह भी पैर की अंगुली की चोट से उबर रहे हैं जिसके कारण वह भी पिछले महीने चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे। मुख्य कोच ने कहा, 'वे फिलहाल गंभीर चोटों से उबर रहे हैं। हालांकि उन्हें टेस्ट मैचों के शुरू होने से पहले अपने आप को फिट रखना होगा। इंग्लैंड को 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होगा, उसके बाद भारत के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज होगी। ऑस्ट्रेलिया के एशेज दौरे के देखते हुए स्टोक्स आठ महीनों में 11 टेस्ट को खेलने के लिए अपनी वापसी को जरुरी मानते हैं। ऑलराउंडर स्टोक्स ने डरहम में अपनी रिकवरी जारी रखते हुए फिर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। दस दिन पहले ही उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट को साझा किया था जिसमें वह नेट् अभ्यास में गेंदबाजी करते दिख रहे थे।

# कैरम बॉल पर पिछले 3-4 वर्षो से काम कर रहा था: साई किशोर



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले तीन-चार वर्षो से काम कर रहे थे।

किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पांड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था।

किशोर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, 'टी20 क्रिकेट में प्रासंगिक बने रहने के लिए आपको हमेशा अपने खेल में कुछ नया जोड़ना होगा। मैं पिछले तीन-चार वर्षो से इसका अभ्यास कर रहा था लेकिन मैंने कहीं भी इसका उपयोग नहीं किया था।' उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल में इसका उपयोग करने को लेकर आश्वस्त था और मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा।'

गौर हो कि आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आखिरकार हार का स्वाद चखना पड़ा है। घरेलू मैदान पर पहला ही मुकाबला खेल रही आरसीबी को गुजरात टाइटंस ने जोस बटलर के 73 रनों की बदौलत 8 विकेट से हरा दिया। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया था। 42 रन पर चार विकेट गिरने के बाद लिविंगस्टन ने 40 गेंदों पर 54, जितेश शर्मा ने 33 तो टिम डेविड ने 18 गेंदों पर 32 रन बनाकर स्कोर 169 तक पहुंचा दिया।

जवाब में खेलने उतरी गुजरात ने साईं सुदर्शन के 49 तो जोस बटलर के 39 गेंदों पर 73 रनों की बदौलत 18वें ओवर में ही 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। गुजरात इसी के साथ तीन मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गया है। पहले पर पंजाब किंग्स बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाशिंगटन : चाकू से हमले में छह लोग जख्मी, हिरासत में लिया गया संदिग्ध

**वाशिंगटन, एजेंसी।** वाशिंगटन में एक व्यक्ति ने लोगों पर चाकू से हमला किया। इस हमले में छह लोग घायल हो गए। कथित तौर पर हमलावर नशे की हालत में था और उसकी मनोदशा ठीक नहीं थी। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध अब हिरासत में है। यह घटना गुरुवार को दोपहर करीब 3:22 बजे मोंटेलो एवेन्यू और मेग्स प्लेस एनई के पास हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। वाशिंगटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ के अनुसार, संदिग्ध ने पहले सड़क पर चलते समय खुद को चाकू मारा और फिर अपने साथ मौजूद एक महिला परिचित पर हमला किया। इसके बाद उसने दूसरों पर भी चाकू से हमला किया, इनमें दो वो लोग भी शामिल थे जो इस हमले को रोकने की कोशिश में थे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने एक्स पर घोषणा की: अलर्ट: हम मोंटेलो एवेन्यू और सिम्स प्लेस एनई के इलाके में चाकू से हमला करने की घटना की जांच कर रहे हैं। अगर आपके पास कोई जानकारी है, तो 202-727-9099 पर कॉल करें या 50411 पर टेक्स्ट करें। स्मिथ ने कहा कि बेवजह हमले के परिणामस्वरूप चार महिलाओं और दो पुरुषों को क्षेत्रीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि इनमें एक दादी और उनकी दो पोतियां शामिल हैं। स्मिथ के अनुसार, पीड़ितों की हालत स्थिर है और उनकी चोटें जानलेवा नहीं हैं। उनकी उम्र का खुलासा नहीं किया गया है। स्मिथ के अनुसार, पुलिस ने संदिग्ध को आस-पास के क्षेत्र में जमीन पर पड़ा पाया। हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू उससे कुछ फीट की दूरी पर बरामद किया गया। संदिग्ध, जिसका नाम जारी नहीं किया गया है, को अस्पताल ले जाया गया और वर्तमान में उसकी सर्जरी की जा रही है। स्मिथ ने कहा, यह घटना समाज में मादक द्रव्यों के सेवन के मुद्दों को लेकर फिक्रमंद होने की ओर इशारा करती है और इस पर तत्काल एक्शन लेने की आवश्यकता पर जोर देती है। घटना के बाद आस-पास की कई सड़कें बंद हैं। जांच जारी रहने के कारण आगे के विवरण की प्रतीक्षा है।

### थाईवान के नागरिकों की सुरक्षा के लिए उपाय आवश्यक हैं : चीनी प्रवक्ता

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी राज्य परिषद के थाईवान कार्यालय की प्रवक्ता ज्यू फेंगलियान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि चीनी जन मुक्ति सेना यानी पीएलए ने थाईवान द्वीप के आसपास संयुक्त अभ्यास किया और थाईवान जलडमरूमध्य के मध्य और दक्षिणी भागों में प्रासंगिक जल में स्ट्रेट थंडर-2025ए अभ्यास का आयोजन किया। यह राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा के लिए एक आवश्यक उपाय है और देश को विभाजित करने का प्रयास करने वालों को दंडित करना न्यायोचित कार्य है। यह थाईवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता तथा थाईवान के नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए एक दृढ़ सुरक्षा उपाय है। प्रवक्ता ज्यू फेंगलियान ने कहा कि दुनिया में केवल एक चीन है और थाईवान चीन का एक हिस्सा है। यह थाईवान जलडमरूमध्य की वास्तविक यथास्थिति है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के अधिकारी थाईवान स्वतंत्रता के भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं, लगातार स्वतंत्रता के लिए उकसावे की कोशिश कर रहे हैं और इस यथास्थिति को बदलने की कोशिश कर रहे हैं कि थाईवान जलडमरूमध्य के दोनों किनारे एक चीन के हैं। इससे थाईवान जलडमरूमध्य की शांति और स्थिरता को गंभीर नुकसान पहुंचा है तथा थाईवान के नागरिकों के हितों और कल्याण को गंभीर क्षति पहुंची है। यदि इसे विकसित होने दिया गया तो यह हमारे थाईवान के देशवासियों को युद्ध की खतरनाक स्थिति में धकेल देगा। हमें दृढ़तापूर्वक इसका दमन करना होगा और इसे दंडित करना होगा। प्रवक्ता ज्यू फेंगलियान ने यह भी कहा कि थाईवान का मुद्दा पूरी तरह से चीन का आंतरिक मामला है और वह किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करता है। अमेरिका को एक-चीन सिद्धांत और तीन चीन-अमेरिका संयुक्त विज्ञप्तियों के प्रावधानों का पालन करना चाहिए, थाईवान स्वतंत्रता का विरोध करना चाहिए और चीन के पुनः एकीकरण का समर्थन करना चाहिए।

### इजराइल के हवाई हमले में गाजा में 100 लोग मारे गए : फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारी

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी में बृहस्पतिवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 100 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें 27 लोगों ने उत्तरी क्षेत्र के एक स्कूल में शरण ले रखी थी। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल की सेना ने कहा है कि उसने आक्रामक कार्रवाई तेज कर दी है जिसका इरादा हमास पर नया दबाव डालना और उसे आखिरकार खदेड़ देना है। फलस्तीन स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता जहेर अल-वाहिदी ने बताया कि गाजा शहर के तुफ्फाह में स्थित एक स्कूल से 14 बच्चों और पांच महिलाओं के शव बरामद किए गए लेकिन मृतकों की संख्या अभी बढ़ सकती है, क्योंकि 70 घायलों में कुछ की स्थिति नाजुक है। उन्होंने अहली अस्पताल के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए बताया कि निकटवर्ती हिजाय्याह इलाके में घरों पर हुए हमलों में 30 से अधिक अन्य गाजा निवासी मारे गए। इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को उत्तरी गाजा के कुछ हिस्सों में रहने वाले निवासियों को गाजा शहर के पश्चिमी हिस्से में शरण लेने का आदेश दिया। उसने चेतावनी भी दी कि वह इलाके में अत्यधिक बल के साथ काम करने की योजना बना रही है। लक्षित क्षेत्र से निकलने वाले कई फ़लस्तीनी पैदल ही निकले, कुछ ने अपना सामान अपनी पीठ पर लाद रखा था।

# पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू, सैंकड़ों को पकड़ कर शिविरों में भेजा



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने अफगान नागरिकों के खिलाफ एक बड़ी राष्ट्रव्यापी कार्रवाई शुरू की है। इसके तहत अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों सहित सैकड़ों अवैध विदेशियों को गिरफ्तार किया गया, और फिर उन्हें अफगानिस्तान वापस भेजने के लिए शिविरों में भेज दिया गया। पाकिस्तान में अफगान नागरिकों की स्वैच्छिक वापसी के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय-सीमा के बाद सैकड़ों अफगान नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और उनके परिवारों के साथ उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि सुरक्षा बलों को जारी निर्देशों से पता चलता है कि यदि कोई भी अफगान नागरिक आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो पूरे परिवार को निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। काबुल में तालिबान सरकार ने इस्लामाबाद से पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के प्रत्यावर्तन की प्रक्रिया में देरी का अनुरोध किया था, लेकिन इस्लामाबाद इसमें ढील देने के मूड में नहीं है। अफगान सरकार ने कहा, उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने नए सिरे से कार्रवाई की घोषणा की है, जिसमें कहा गया कि वह बिना कानूनी निवास परमिट वाले व्यक्तियों को निर्वासित करेगा, जबकि वैध कार्डधारकों को अनिश्चितता का सामना करना पड़ेगा। पाकिस्तान में यूएनएचसीआर की प्रतिनिधि फिलिप कैंडलर ने कहा, पाकिस्तान से यह अपेक्षा नहीं की जा सकती कि वह अनिश्चित काल तक अफगान शरणार्थियों की मेजबानी की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाए। मानवीय सहायता की जरूरत है, न केवल अल्पकालिक राहत के लिए बल्कि दीर्घकालिक विकास पहलों को समर्थन देने के लिए भी। समय सीमा को आगे न बढ़ाने और कार्रवाई शुरू करने का निर्णय पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन रजा नकवी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच हुई बैठक के दौरान लिया गया। सरकारी प्राधिकारियों ने कड़ी चेतावनी जारी की थी कि 31 मार्च तक देश नहीं छोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में अफगान शरणार्थियों को रखने के लिए कम से कम 43 शिविर स्थापित किए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि अधिकारी छापेमारी करेंगे और देश में अवैध रूप से रह रहे अफगानों को हिरासत में लेंगे, जिन्हें फिर शरणार्थी शिविरों में स्थानांतरित किया जाएगा। फिर उन्हें प्रत्यावर्तन के लिए तोरखम पाक-अफगान सीमा पर लांडी कोटल क्षेत्र में ले जाने से पहले सूचीबद्ध किया जाएगा। आंकड़े बताते हैं कि देश में कम से कम 13,44,584 अफगान नागरिक हैं, जिनमें से कम से कम 7,09,278 अफगान नागरिक केपी में रहते हैं, जिनके पास पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) है। प्रांतीय आंकड़ों से पता चलता है कि बलूचिस्तान में कम से कम 3,17,000 पंजीकृत अफगानी हैं, सिंध में 74,117, पंजाब में 1,96,000, राजधानी इस्लामाबाद में 42,718 और देश के अन्य हिस्सों में 4,448 अफगान शरणार्थी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के बाढ़ प्रभावित इलाके में थमी बारिश, राहत कार्यों में तेजी की उम्मीद

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के बाढ़ प्रभावित इलाके में भारी बारिश थम गई है। हालांकि बाढ़ की कई हफ्तों तक जारी रहने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने गुरुवार को बताया कि क्वींसलैंड राज्य के दक्षिण-पश्चिम और मध्य इलाकों में जो भारी बारिश हुई थी, अब वह बारिश खत्म हो गई है। बीओएम के डीन नैरामोर ने कहा, यह अच्छा है कि दक्षिण-पश्चिम क्वींसलैंड में अब बारिश का सिलसिला खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, हालांकि बारिश रुक गई है, लेकिन दक्षिण-पश्चिम क्वींसलैंड में बाढ़ कई दिनों, या शायद हफ्तों तक जारी रह सकती है। न्यू साउथ वेल्स राज्य के आकार का एक क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुआ है, कुछ स्थानों पर बाढ़ का पानी 1974 में स्थापित रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया है, तथा दक्षिण-पश्चिम क्वींसलैंड की प्रत्येक नदी बाढ़ के उच्च स्तर पर है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों (जो मुख्यतः पशुपालन से जुड़े हैं) को पहले ही घर छोड़ देने के लिए कह दिया गया था। सैकड़ों घर बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। बुधवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए क्वींसलैंड के प्रीमियर डेविड क्रिसफुली ने ब्रिसबेन से लगभग 1,000 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में लॉन्गरीच शहर में मीडिया से कहा कि बाढ़ में 150,000 से अधिक मवेशी या तो मर गए हैं या लापता हैं।

### महिला के दरवाजे पर पड़ा था 7 करोड़ साल पुराना पत्थर, बेचा तो करोड़ों में निकली कीमत



**बुखारेस्ट, एजेंसी।** एक महिला पूरी जिंदगी जिस पत्थर को केवल दरवाजा रोकने के लिए इस्तेमाल करती रही, उसकी असलियत पता चली तो लोग सन्न रह गए। कहते हैं कि किस्मत पलटते देर नहीं लगती। एक पत्थर ने उसके मालिक की किस्मत पल भर में ऐसी पलटी कि देखते ही देखते उसके दिन ही बदल गए। रोमानिया की रहने वाली एक महिला ने कई दशकों से एक 3.5 किलो के पत्थर को अपने दरवाजे के पास रखा हुआ था। वह अकसर दरवाजे को अड़ाने के लिए इसका इस्तेमाल कर लेती थी। जानकारी के मुताबिक उसे वह पत्थर एक नदी के किनारे मिल गया था। अब जाकर पता चला है कि यह एम्बर पत्थर है। इसे दुनिया का बेहद बेशकीमती पत्थर माना जाता है। इसकी कीमत लगभग 9 करोड़ रुपये के आसपास है। यह भी पता चला कि लाल रंग का यह पत्थर लगभग 7 करोड़ साल पुराना है। दरअसल एम्बर पत्थर पेड़ों से निकलने वाली गोंद के जमाव से बनता है। अकसर यह सुनहरा या फिर लाल होता है। रोमानिया के कोल्टी में इस तरह के पत्थर पाए जाते हैं। यहां एम्बर पत्थर की तलाश के लिए 100 सालों से खुदाई की जाती है। महिला के घर पर मौजूद पत्थर को रूमेनाइट कहा जाता है। जानकारी के मुताबिक महिला के घर पर एक बार चोरी भी हुई थी। चोर कई कीमती सामान उड़ा ले गए थे लेकिन तब भी यह पत्थर दरवाजे पर ही पड़ा रह गया। चोर भी अंदाजा नहीं लगा पाए कि यह पत्थर कितना कीमती हो सकता है। 1991 में महिला की मौत के बाद उसके रिश्तेदार इस पत्थर को ले गए। उन्हें लगा कि पत्थर में कुछ तो खास है और इसे बेचकर कुछ कमाई हो सकती है। उन्होंने इसे रोमानिया की सरकार को बेच दिया।

### कनाडा में हिंदू मंदिर फिर बना निशाना, ओंटारियो पुलिस को दो आरोपियों की तलाश

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा में पिछले कुछ समय से हिंदू मंदिरों पर हमले आम हो गए हैं। ओंटारियो में पुलिस ऐसे दो आरोपियों की तलाश कर रही है, जिन्होंने ग्रेटर टोरंटो एरिया में हिंदू श्री कृष्ण वृंदावन मंदिर में तोड़ फोड़ की थी। आस पास के हिंदू समुदाय के लोगों ने इस हमले की आलोचना करते हुए इसके विरोध में केस दर्ज करवाया था। गुरुवार को जारी एक बयान में पुलिस की तरफ से कहा गया कि हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। रविवार को लगभग 1 बजे हुड वाली स्वेटशर्ट पहने दो संदिग्ध लोगों को डाउनटाउन एरिया के एक पब से मंदिर की ओर जाते देखा गया। इसके बाद इन लोगों ने वहां पर पहुंचकर मंदिर की दीवारों पर लगे साइन बोर्ड को फाड़ दिया और मंदिर परिसर को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक उन्होंने मामले की जांच तेजी के साथ शुरू कर दी है। फिलहाल वह दोनों आरोपियों को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस के बयान में कहा गया कि उन्हें पकड़ने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए उनकी तस्वीरें जारी कर दी गई है। हिल्स टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला क्षेत्र में बढ़ते हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। अपराधियों ने मंदिर के सामने लगे साइनबोर्ड को बेहद क्रूरता के साथ फाड़ डाला।

# लंदन से मुंबई आ रहे यात्री अब भी तुर्किये में फंसे, आपात लैंडिंग के बाद छलका दर्द

**लंदन, एजेंसी।** लंदन से मुंबई जा रहे वर्जिन अटलांटिक विमान की बीते दिन तुर्किये में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई थी। इसके बाद कई भारतीयों समेत 250 से अधिक यात्री तुर्किये के दियारबाकिर हवाई अड्डे पर 30 घंटे से अधिक समय से फंसे हुए हैं। दरअसल, विमान वीएस358 ने 2 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 11:40 बजे लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और इसे 3 अप्रैल को सुबह 1:40 बजे मुंबई में उतरना था। हालांकि, विमान ने मेडिकल इमरजेंसी की वजह से स्थानीय समयानुसार शाम 7 बजे दियारबाकिर हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग की। बताया गया कि सफर के दौरान एक यात्री की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, जिससे उसे तत्काल चिकित्सकीय मदद मुहैया कराने के लिए विमान को तुर्किये की ओर मोड़ना पड़ा।

**यात्रा की आपबीती एक्स पर साझा की :** हालांकि, वहां फंसे हुए यात्रियों ने अपनी भयावह यात्रा की आपबीती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की है। यात्रियों ने भोजन, शौचालय सुविधाओं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए चार्जिंग पॉइंट की कमी सहित बुनियादी सुविधाओं की कमी उजागर की है। मामले में आप नेता प्रीति शर्मा-मेनन ने एक्स पर मामले को उठाया और सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने लिखा, 24 घंटे हो गए हैं और एक भी एयरलाइन प्रतिनिधि यात्रियों से नहीं मिला है। उनके पास बमुश्किल ही भोजन है, 275 यात्रियों के बीच एक शौचालय है, फोन की



बैटरी खत्म हो रही है, क्योंकि उनके पास तुर्किये के लिए जरूरी एडाप्टर नहीं है। इस परेशानी में बच्चे, गर्भवती महिलाएं, मधुमेह रोगी और बुजुर्ग लोग शामिल हैं।

**वर्जिन अटलांटिक एयरलाइंस की सफाई :** वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, जरूरी कार्रवाई पूरी होने के बाद हम आज 12 बजे विमान को मुंबई के लिए रवाना करने की तैयारी कर रहे हैं। अगर आज मंजूरी नहीं मिलती है तो हम कल अपने ग्राहकों को मुंबई की यात्रा पूरी करने के लिए किसी दूसरे तुर्किये एयरपोर्ट पर ले जाएंगे और वैकल्पिक विमान से आगे रवाना करेंगे। दूसरे एयरपोर्ट के लिए यात्रियों को बस मुहैया कराई जाएगी। इस बीच यात्रियों को तुर्किये में रात भर होटल में ठहरने और जलपान की सुविधा दी जा रही है।

**भारतीय दूतावास की मामले पर नजर :** तुर्किये में भारतीय दूतावास ने भी मामले पर प्रतिक्रिया दी थी। उनकी ओर से कहा गया कि वह हवाई अड्डे और अन्य अधिकारियों के संपर्क में है। बयान में कहा गया, अंकारा स्थित भारतीय दूतावास वर्जिन अटलांटिक एयरलाइंस, दियारबाकिर हवाई अड्डा निदेशालय और तुर्की के विदेश मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में है। मिशन यात्रियों को उचित देखभाल की व्यवस्था कर रहा है। हम इस मामले को शीघ्र सुलझाने और फंसे हुए यात्रियों के लिए मुंबई के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे हैं।

## थाईलैंड में म्यांमार के जनरल से पीएम मोदी की मुलाकात, भूकंप से उबरने में हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

**बैंकॉक, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाईलैंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी थाईलैंड में आयोजित हो रहे बिम्सटेक सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। बिम्सटेक सम्मेलन से इतर शुक्रवार को पीएम मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लेइंग से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना जताई और साथ ही हरसंभव मदद का भी भरोसा दिया।

**जनरल मिन के साथ पीएम मोदी की यह पहली मुलाकात :** प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार के सैन्य जनरल से मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि बैंकॉक में हो रहे बिम्सटेक सम्मेलन से इतर म्यांमार के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लेइंग से मुलाकात की। एक बार फिर मैंने हालिया भूकंप में जान-माल की हानि के लिए संवेदना प्रकट की। भारत अपने भाई और बहनों की मदद के लिए इस मुश्किल समय में जो कर सकता है, वो हरसंभव मदद कर रहा है। जनरल मिन



फरवरी 2021 में तख्तापलट कर म्यांमार की सत्ता पर काबिज हुए थे, उसके बाद यह पीएम मोदी के साथ उनकी पहली मुलाकात है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और खासकर कनेक्टिविटी, क्षमता निर्माण, बुनियादी ढांचे के विकास और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा की।

**म्यांमार के शासक ने भारत की मदद की तारीफ की :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जनरल मिन आंग ह्लेइंग ने राहत सहायता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने गुजरात के भुज भूकंप के दौरान प्रधानमंत्री के पुनर्निर्माण कार्य और नेतृत्व की भी सराहना की और म्यांमार और अन्य देशों के लिए इससे मिली सीख की भी सराहना की। गौरतलब है कि भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। दोनों नेताओं के बीच करीब 35 मिनट बातचीत चली। इस दौरान म्यांमार के शासक ने 28 मार्च को आए भूकंप के तुरंत बाद भारत के तेजी से मदद भेजने की भी तारीफ की।

भारत ने म्यांमार में मेंडले के पास सैन्य फील्ड अस्पताल बनाए हैं, जहां जरूरतमंदों का इलाज किया जा रहा है। म्यांमार सरकार ने भी इसकी तारीफ की है। साथ ही एनडीआरएफ के जवान भी म्यांमार में राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं। म्यांमार में आए भूकंप में तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं और पांच हजार के करीब लोग घायल हुए हैं। देशभर में 370 से ज्यादा लोग लापता हैं।

## मार्शल लॉ लागू करने के लिए राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाया गया, संवैधानिक अदालत का फैसला

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक योल को पद से हटाने का आदेश दिया है। यून सुक योल पर देश में मार्शल लॉ लागू करने और संसद में सेना भेजने का आरोप है। इसके चलते दक्षिण कोरिया में राजनीतिक उथल-पुथल मच गई थी। मार्शल लॉ लागू करने के चार महीने बाद शुक्रवार को संवैधानिक अदालत ने राष्ट्रपति को पद से हटाने का आदेश दिया।

**दो महीने में दक्षिण कोरिया में होंगे चुनाव :** विपक्ष द्वारा नियंत्रित नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई की थी। अब उसके तीन महीने बाद संवैधानिक अदालत ने सर्वसम्मति से राष्ट्रपति को पद से हटाने का फैसला दिया है। अब दक्षिण कोरिया को दो महीने के भीतर नए राष्ट्रपति को चुनना होगा और राष्ट्रीय चुनाव कराने होंगे। विभिन्न सर्वेक्षणों से पता चला है कि विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे म्यांग, देश का अगला राष्ट्रपति बनने की रेस में सबसे आगे हैं। जब संवैधानिक अदालत ने यून सुक योल को राष्ट्रपति पद से हटाने का फैसला सुनाया तो उस वक्त राजधानी सियोल में यून सुक योल के खिलाफ एक रैली आयोजित हो रही थी। जैसे ही अदालत ने यून सुक योल को पद से हटाने का फैसला सुनाया तो रैली में लोग खुशी से झूम उठे और नाचने लगे। हालांकि बड़ी



संख्या में लोग यून सुक योल का समर्थन भी कर रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में योल के समर्थन में रैलियां भी बढ़ सकती हैं। इससे देश में विभाजन बढ़ सकता है। राष्ट्रपति यून सुक योल ने बीते साल 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था और सैंकड़ों सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को नेशनल असेंबली भेज दिया था। यून सुक योल ने तर्क दिया कि उन्होंने सिर्फ सदन में व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसा किया था, लेकिन जांच के दौरान सैन्य अधिकारियों ने बताया कि यून ने उन्हें विपक्षी सांसदों को सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया था ताकि वे यून के आदेश के खिलाफ मतदान न कर सकें। हालांकि विपक्षी सांसद किसी तरह सफल रहे और उन्होंने योल के आदेश के खिलाफ मतदान कर उसे रद्द करा दिया।

## भूकंप का दंश झेल रहे म्यांमार की मदद को आगे आए क्वाड देश, दो करोड़ अमेरिकी डॉलर की देंगे सहायता

**वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भूकंप का दंश झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए अब क्वाड देश भी आगे आए हैं। क्वाड में शामिल भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने म्यांमार को दो करोड़ अमेरिकी डॉलर (20 मिलियन) से अधिक की मानवीय सहायता देने का एलान किया है। क्वाड देश लगातार भूकंप से प्रभावित लोगों के लिए म्यांमार को राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा दल की तैनाती कर रहे हैं। क्वाड देशों ने एक संयुक्त बयान में भूकंप के बाद म्यांमार और थाईलैंड के लोगों के प्रति सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। बयान में कहा गया कि म्यांमार में पहले से ही गंभीर मानवीय स्थिति में जानमाल की हानि और बुनियादी ढांचे के व्यापक विनाश ने इसे और खराब कर दिया है। क्वाड का प्रयास है कि हमारी प्रतिक्रिया से कुशलता से सहायता पहुंचाई जाए और प्रभावित समुदायों की जरूरतों को पूरा करे। क्वाड की मानवीय सहायता और आपदा राहत भागीदारी ने एक समन्वय समूह स्थापित किया है जो आपदा प्रबंधन पर मानवीय सहायता के लिए आसियान समन्वय केंद्र सहित अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। क्वाड राष्ट्रों ने अस्थायी, आंशिक युद्धविराम का स्वागत किया। उन्होंने सभी पक्षों से उपाय लागू करने, विस्तारित करने और व्यापक बनाने का आह्वान किया। ताकि पूरे म्यांमार में जीवन रक्षक मानवीय सहायता के समय पर वितरण की सुविधा के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। बयान में कहा गया है कि क्वाड सहयोग की उत्पत्ति 2004 के हिंद महासागर भूकंप और सुनामी के बाद हुई है। तब हमने इंडो-पैसिफिक में जरूरत के समय में व्यावहारिक और प्रभावी मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की है। राष्ट्रों ने एक साथ काम



करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

**अब तक तीन हजार लोगों की मौत :** बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारतें जमींदोज हो गईं। भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। मृतकों की संख्या 3145 हो गई है। वहीं इस विनाशकारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं। प्रभावित इलाकों में बिजली और पानी की आपूर्ति ठप है। दूरसंचार और इंटरनेट सुविधा भी बाधित है। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

## बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, मौके पर ही कर दिया ढेर

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा यानी बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। शुक्रवार देर रात को संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद बीएसएफ की तरफ से कार्रवाई की गई। बीएसएफ के एक प्रवक्ता के यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, बीएसएफ के सतर्क जवानों ने चार और पांच अप्रैल की दरमियानी रात को एक घुसपैठिए को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते देखा। एक घुसपैठिया अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। बीएसएफ जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन वह नहीं रुका और आगे बढ़ता रहा। खतरे को भांपते हुए बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। बिलावर के धनु परोल से सटे इलाके में शुक्रवार रात करीब 10 बजे आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग हुई। इलाके में घेराबंदी बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त सुरक्षाबल को मौके पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, परोंटे माता मंदिर के पास जंगल में कुछ संदिग्ध हलचल देखी गई थी। खुफिया सूत्रों के अनुसार यह वही इलाका है जहां दो दिन पहले तीन संदिग्धों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर खाना मांगा था। सुरक्षाबलों ने इलाके में जगह-जगह नाकेबंदी कर रखी है। आतंकियों की आवाजाही के संभावित रूट पर सेना, एसओजी, पुलिस और सीआरपीएफ की ओर से लगातार सर्च ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं। यह इलाका उज्ज दरिया से पहाड़ों को जाने वाले रूट पर है।

## झारखंड में शोभायात्रा के दौरान बिजली काटने की दे दी अनुमति

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और उसकी बिजली वितरण कंपनी को रामनवमी के दौरान निकलने वाली शोभायात्रा के मार्गों पर बिजली आपूर्ति रोकने की अनुमति दे दी, ताकि किसी को करंट न लग सके। शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर विचार करते हुए दिया है, जिसमें रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्राओं के दौरान बिजली की आपूर्ति काटने से रोक दिया था। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार व के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में संशोधन किया। कोर्ट ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड से हाईकोर्ट में हलफनामा देने का आदेश दिया कि शोभायात्रा मार्ग पर यात्रा के दौरान कम से कम बिजली काटी जाएगी।

## आरएसएस नेता की हत्या के मामले में 7 लाख का ईनामी शमनाद पकड़ाया

पलक्कड़ (एजेंसी)। पिछले तीन साल से फरार शमनाद और पीएफआई नेताओं के सानिध्य में पहचान छिपाकर रह रहा था। आधिकारिक बयान में कहा गया कि शमनाद कई अन्य मामलों में भी आरोपी था और एनआईए की फरार ट्रैकिंग टीम के लगातार प्रयासों के बाद उसे एर्णाकुलम से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी कथित रूप से प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के संरक्षण में था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता श्रीनिवासन की जघन्य हत्या के बाद से गुप्त पहचान के साथ रह रहा था। बयान में दावा किया गया कि सितंबर 2022 में दर्ज मामले में एनआईए की जांच से पता चला है कि हत्या की साजिश कथित तौर पर पीएफआई नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के उद्देश्य से रची गई थी। केरल के पलक्कड़ में 2022 में हुई आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्य मामले में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने केरल के मलाप्पुरम के मंजेरी निवासी हत्या के आरोपी शमनद ई उर्फ शमनद इल्लीकल को गिरफ्तार कर लिया है। इल्लीकल पर एनआईए ने सात लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। एनआईए लंबे समय से उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी। वह कई अन्य मामलों में भी वॉन्टेड था। जानकारी के मुताबिक एनआईए ने शमनाद को पकड़ने के लिए खुफिया जाल बिछाया था। एर्नाकुलम में कई बार एनआईए ने छापे डाले हालांकि वह पकड़ में नहीं आ रहा था। शमनाद पहचान छिपाकर देश में सांप्रायिक हिंसा की साजिश रच रहा था।

## मप्र समेत 8 राज्यों में अगले 6 दिन हीट वेव

### -4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ने का अनुमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में तेज गर्म का मौसम बना रहा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले 6 दिन राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, पंजाब और गुजरात में हीट वेव की आशंका जताई है। इससे तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने मुंबई में आंधी और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवाएं 30 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेंगी। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं, केरल में भी तेज बारिश के आसार है। आईएमडी ने इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़ और मलप्पुरम जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, छत्तीसगढ़ में अप्रैल महीने के दूसरे सप्ताह से फिर बारिश का दौर शुरू होने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक 8 अप्रैल से मौसम बदलने के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश में अगले 72 घंटे तक हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

**अगले 2 दिन कैसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार, 6 अप्रैल तक केरल, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश और ओले गिरने का अनुमान है। उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में अगले 6-7 दिनों में 2-4 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ेगा। दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात राज्यों के तापमान में अगले कुछ दिन बढ़ोतरी होगी।

# मणिपुर में शांति बहाली पर दिल्ली में हुई बैठक

### मैतेई-कुकी समुदाय स्थायी शांति के लिए तैयार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को दिल्ली में मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का मकसद दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाली और स्थायी शांति स्थापना था। बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सामुदायिक मेल-मिलाप की रणनीति पर चर्चा हुई। मैतेई समुदाय की ओर से ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गेनाइजेशन और फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन के 6 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जबकि कुकी समुदाय की ओर से 9 प्रतिनिधि शामिल हुए। इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर ए.के. मिश्रा केंद्र सरकार के वार्ताकार के तौर पर मौजूद रहे।

गृह मंत्री अमित शाह ने 3 अप्रैल को लोकसभा में कहा था कि मंत्रालय मैतेई और कुकी संगठनों के साथ पहले भी बातचीत कर चुका है और जल्द ही संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता मणिपुर में शांति बहाल करना है। मई 2023 में मैतेई समुदाय को एसटी दर्जा देने के खिलाफ हुए आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद हिंसा भड़क उठी थी। अब तक लगभग 250 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। 50 हजार से ज्यादा विस्थापित हैं। राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। विधानसभा को निलंबित किया गया था। पूर्व गृह सचिव रह चुके मणिपुर के नए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला लोगों से मिलकर शांति बहाली के प्रयास कर रहे हैं।

**राहत शिविरों की स्थिति दयनीय**

21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों की टीम ने मणिपुर का दौरा किया था। राहत शिविरों का दौरा किया था। टीम में जस्टिस कोटेश्वर सिंह, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन शामिल थे। उम्मीद जताई गई थी कि जजों के दौरे के बाद राहत शिविरों में रह रहे विस्थापितों की जिंदगी में आसानी आएगी, लेकिन दौरे के 15 दिन बीतने के बाद राहत शिविरों की हालत में बदलाव नहीं हुआ।

## जल्द कटरा से श्रीनगर तक चलेगी वंदे भारत, 19 को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

जम्मू। देशभर में कई रूट्स पर वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं। अब सभी को जम्मू से कश्मीर तक चलने वाली वंदे भारत का इंतजार है, जोकि अप्रैल माह से चलने वाली है। पीएम मोदी 19 अप्रैल को जम्मू के कटरा से श्रीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस ट्रेन के चलने से यात्री महज तीन घंटे में ही कश्मीर घाटी पहुंच जाएंगे, जबकि पहले यहां पहुंचने में सात से आठ घंटे लगते थे। ऊंची-ऊंची पहाड़ियों के बीच से वंदे भारत ट्रेन गुजरेगी। यह चेयर कार है। यह कश्मीर तक हाल ही में तैयार हुए उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक प्रोजेक्ट पर दौड़ेगी। इसी प्रोजेक्ट पर रियासी सेक्टर में दुनिया का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज भी चिनाब नदी पर बना है। इस वंदे भारत की शुरुआत 19 अप्रैल से होगी। यह वैष्णो देवी कटरा से चलकर श्रीनगर पहुंचेगी। इसमें आठ कोच हैं और इसमें कई मॉडर्न फीचर्स दिए गए हैं। बेहद ही ठंडे तापमान से गुजरने की वजह से ट्रेन में पानी को भी गर्म रखने की व्यवस्था है, जिससे यात्रियों को कोई दिक्कत ना हो। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अभी यह ट्रेन कटरा से श्रीनगर तक चलेगी, लेकिन बाद में इसे जम्मू तक कर दिया जाएगा। कश्मीर तक जाने वाली वंदे भारत से यात्रियों के तीन से चार घंटे तक बच जाएंगे। इससे कई इलाकों में भी भविष्य में विकास होने की संभावना है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत तीन दशक पहले हुई थी और अब यह बनकर तैयार है। 119 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग में कुल 38 सुरंगें रखी गई हैं, जिनके जरिए ट्रेनें गुजरकर कश्मीर पहुंचेंगी।

## योगी सरकार का बड़ा कदम, रोडवेज बसों में 5000 महिलाएं कंडक्टर की भर्ती होगी



### -उनके अपने जिले में ही नौकरी मिलेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने में जुट गई है। योगी सरकार राज्य की रोडवेज बसों में अब 5000 महिलाएं कंडक्टर की भर्ती करने का फैसला लिया है। यह भर्ती यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के तहत संविदा के आधार पर होगी। योगी सरकार के फैसले से न सिर्फ महिलाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक मिसाल बनेगा।

महिलाओं की सुविधा के लिए योगी सरकार ने खास इंतजाम किया है। इन महिला कंडक्टरों को उनके अपने जिले में ही नौकरी मिलेगी। इससे उन्हें घर से दूर नहीं जाना होगा और वे अपने परिवार के साथ रहकर काम कर सकेंगी।

इन महिला कंडक्टरों को यूपी परिवहन निगम के नियमों के हिसाब से वेतन मिलेगा। साथ ही, उन्हें काम करने के लिए जरूरी सारी सुविधाएं भी मिलेगी। योगी सरकार का मकसद है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें।

भर्ती प्रक्रिया को तेजी और पारदर्शिता से पूरा करने के उद्देश्य से, राज्य के विभिन्न जिलों में रोजगार मेलों का आयोजन हो रहा है। परिवहन मंत्री ने बताया कि ये मेले निम्नलिखित तिथियों और स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

सरकार उठाएगी ट्रेनिंग का पूरा खर्च

चयन के बाद महिलाओं को काम सीखने के लिए ट्रेनिंग मिलेगी। यह ट्रेनिंग यूपी कौशल विकास मिशन के तहत होगी। अगर कोई खास ट्रेनिंग चाहिए होगी, तब परिवहन निगम उसका इंतजाम करेगा। ट्रेनिंग से संबंधित सभी खर्चे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) द्वारा उठाए जाएंगे। यह कदम महिलाओं को नौकरी के लिए तैयार करेगा और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा।

# ममता का बढ़ा टेंशन- रामनवमी पर शोभायात्रा में डेढ करोड़ हिंदू होंगे शामिल, अलर्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को चौतरफा घेरने के प्रयास होते रहे हैं। एक बार फिर रामनवमी पर सीएम ममता बनर्जी का टेंशन बढ़ गया है। वजह ये है कि यहां रामनवमी पर हिंदू संगठन शोभायात्रा निकालने जा रहे हैं। इसमें करीब डेढ करोड़ हिंदुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके मद्देनजर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी समुदाय के लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। राज्य सरकार ने रामनवमी के लिए सुरक्षा कड़ी कर संवेदनशील क्षेत्रों में 29 आईपीएस अफसरों को तैनात किया है। साथ ही कोलकाता में पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात करने का भी निर्देश दिया गया है। रामनवमी जुलूसों की तस्वीरें लेने और वीडियो बनाने का भी फैसला किया है।

पश्चिम बंगाल में छह अप्रैल को रामनवमी पर हिंदू संगठन को हाईकोर्ट ने शोभायात्रा निकालने की सशर्त इजाजत दे दी है। इस आदेश के बाद शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुरक्षा



एजेंसियों को हाई अलर्ट पर कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, रामनवमी की आड़ में अशांति फैलाने की साजिश की खुफिया रिपोर्ट मिलने पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसमें कोलकाता, मुर्शिदाबाद, हावड़ा, पश्चिमी मेदिनीपुर, उत्तर-दक्षिण 24 परगना, अलीपुरद्वार, कूचबिहार आदि में अतिरिक्त पुलिस बल व रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। रविवार को रामनवमी पर राज्य में इस बार दो हजार रैलियों का ऐलान हुआ है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने डेढ़ करोड़ हिंदुओं के घरों से निकलने का दावा किया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। रैलियों पर ड्रोन से निगाह रखने की तैयारी है।

रामनवमी को लेकर बंगाल में सियासत भी तेज हो गई है। शुभेंदु ने नंदीग्राम में अयोध्या के तर्ज पर राममंदिर बनाने का ऐलान किया है। इसकी आधारशिला रामनवमी पर रखेंगे। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि रैलियों पर हमले हुए तो विरोध करेंगे। राज्य में पिछले 2 सालों में रामनवमी जुलूस में हिंसा की घटनाएं हो चुकी हैं। 2023 में हुगली और हावड़ा में जुलूस के दौरान पत्थरबाजी की घटना के बाद तीन लोगों की मौत हो गई थी। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य पुलिस को रामनवमी पर अलर्ट पर रहने को कहा है। शहर पुलिस के सभी यूनिट कमांडरों व पुलिस अधीक्षकों को कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए जवानों को अलर्ट पर रखने को कहा गया है।

## अभिनेता सैफ अली खान हमला मामले में अगली सुनवाई 9 अप्रैल को

### -पुलिस ने अदालत से आरोपी की जमानत अर्जी खारिज करने का अनुरोध किया

मुंबई। कुछ महीने पहले अभिनेता सैफ अली खान पर जानलेवा हमला हुआ था। एक चोर आधी रात को उनके घर में घुस आया और उन पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में सैफ गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। अंतत: पुलिस मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को गिरफ्तार करने में सफल रही। बांग्लादेश से आया आरोपी तब से हिरासत में है। कुछ दिन पहले शरीफुल ने जमानत के लिए आवेदन किया था। पुलिस ने शरीफुल की जमानत याचिका का विरोध किया है और अदालत से इसे खारिज करने का अनुरोध किया है। सैफ अली खान हमला मामले में हाल ही में कोर्ट में सुनवाई हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद एक बांग्लादेशी नागरिक है और अवैध रूप से भारत में रह रहा है। यदि आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया तो वह बांग्लादेश भाग सकता है और जांच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। इसके अलावा, इसके बाद भी वह दोबारा कोई गंभीर अपराध कर सकता है। सैफ पर उसका हमला बहुत गंभीर अपराध है और उसके खिलाफ ठोस सबूत हैं। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अदालत से आरोपी की जमानत याचिका खारिज करने का अनुरोध किया ताकि जांच सही दिशा में आगे बढ़ सके। इस मामले में अगली सुनवाई अब 9 अप्रैल को होगी। इस दिन कोर्ट अपना अंतिम फैसला सुनाएगा। दरअसल आरोपी शरीफुल ने 29 मार्च को अदालत में जमानत याचिका दायर की थी। उसने अपनी अर्जी में कहा था कि वह निर्दोष है और उसके खिलाफ झूठे आरोप लगाए गए हैं। मालूम हो कि सैफ अली खान पर इस साल 16 जनवरी की सुबह उन घर में हमला हुआ था।

## हमारी सरकार आई तो वक्फ बिल को कूड़ेदान में फेंक देंगे: तेजस्वी

### -बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र पर किया बड़ा हमला



**पटना (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर देशभर में उठे विरोध के सुरों के बीच बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र पर जमकर हमला बोला है। तेजस्वी ने कहा, कि अगर हमारी सरकार बनी तो वक्फ संशोधन बिल को बिहार में लागू नहीं होने देंगे। उसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेजस्वी ने केंद्र सरकार और बीजेपी को निशाने पर लिया।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने वक्फ संशोधन बिल को असंवैधानिक करार देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा देश को धार्मिक आधार पर बांटने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, बेरोजगारी, पलायन, गरीबी, शिक्षा जैसे असल मुद्दों से ध्यान भटकाकर भाजपा ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। यह वक्फ बिल उसी का हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा, कि आरएसएस और बीजेपी संविधान का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। नागपुरिया कानून को पूरे देश में थोपना चाहते हैं। हम समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष उसूलों की राजनीति करते हैं। सत्ता में रहें या न रहें, विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया है।

**सुप्रीम कोर्ट में चुनौती**

तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी खुलासा किया कि राजद की ओर से वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, ठीक वैसे ही जैसे पार्टी ने आरक्षण पर केंद्र के फैसले को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ सड़क पर नहीं, अदालत में भी जारी है। भाजपा की असली साजिश मुसलमान, दलित और पिछड़ों को मुख्यधारा से दूर करने की है। इस दौरान तेजस्वी ने उन राजनीतिक दलों पर भी सवाल उठाए जो खुद को धर्मनिरपेक्ष बताते हैं लेकिन वक्फ बिल का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब इन पार्टियों का असली चेहरा सामने आ गया है। ये देश के लिए नहीं, सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिए काम करते हैं।

## महाराष्ट्र के बड़े वक्फ घोटाले में कांग्रेस के बड़े नेता शामिल, सीएम फडणवीस ने दिए कार्रवाई के संकेत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई, (ईएमएस)। वक्फ संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद में गरमागरम बहस के बाद पारित हो गया। इस विधेयक पर लोकसभा और राज्यसभा में जोरदार बहस हुई। इसके बाद वक्फ संशोधन विधेयक बहुमत से पारित हो गया। इसके बाद अब यह विधेयक मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। इसके बाद यह कानून बन जाएगा। दूसरी ओर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चेतावनी दी है कि महाराष्ट्र में बड़ा वक्फ भूमि घोटाला हुआ है और हम इस संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक अखबार को दिए एक साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र सरकार महाराष्ट्र में वक्फ घोटाले के खिलाफ कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार वर्ष 2000 से 2014 के बीच महाराष्ट्र में हुए बड़े वक्फ भूमि घोटाले के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई करेगी। वक्फ संशोधन विधेयक का हिंदुत्व से कोई लेना-देना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक भारत के लोकतांत्रिक, समाजवादी गणराज्य की संवैधानिक भावना के अनुरूप है और समाज के हित में इस विधेयक को पारित करने का निर्णय ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने यह भी कहा कि यदि संपत्ति अल्लाह के नाम पर है तो इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए और इसका उपयोग लोगों के लाभ के लिए होना चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया, वक्फ की पूरी जमीन कांग्रेस ने हड़प ली है। 2000 से 2014 के बीच बड़ा घोटाला हुआ। इसमें कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं का नाम आया। मैंने विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया था। एक जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने रिपोर्ट दी थी कि इन नेताओं ने यह जमीन हड़पी है। अब हम इस मामले में कार्रवाई करेंगे। इस बीच, जब इस घोटाले में शामिल कांग्रेस नेताओं के नाम के बारे में पूछा गया तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि उन्हें नाम याद नहीं हैं, लेकिन कई बड़े नेताओं के नाम हैं।

# चारधाम यात्रा के लिए देशी के साथ विदेशी श्रद्धालु में भी खासा उत्साह

### -अब तक 10,796 विदेशी श्रद्धालु पंजीकरण कर चुके

**देहरादून (एजेंसी)।** चारधाम यात्रा में शामिल होने के लिए भारतीय के साथ-साथ विदेशी श्रद्धालु में भी खासा उत्साह दिख रहा है। यात्रा में शामिल होने के लिए अब तक 10,796 विदेशी श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। इसमें केदारनाथ के लिए सर्वाधिक 3,674 विदेशी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया। जबकि ब्रदीनाथ के लिए 3,045 पंजीकरण हुए। जबकि यमुनोत्री के लिए 1,918 और गंगोत्री के लिए 2,105 विदेशी श्रद्धालु ने पंजीकरण कराया। वहीं, हेमकुंड साहिब के लिए 54 विदेशी श्रद्धालु पंजीकृत हुए।

राज्य में आगामी 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए 20 मार्च को आनलाइन आधार आधारित पंजीकरण शुरू किया था। इससे श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के अपनी पंजीकृत तिथि पर दर्शन लाभ प्राप्त हो सके।

पर्यटन विभाग ने इस साल पहली बार आधार कार्ड से लिंक पंजीकरण शुरू किया है। ताकि यात्रियों की निगरानी हो सके और उन्हें अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। वहीं, विदेशी श्रद्धालुओं का पंजीकरण पासपोर्ट के माध्यम से किया जा रहा हैं, जिससे कोई दिक्कत नहीं हो।

यूटीडीबी के संयुक्त निदेशक और चारधाम यात्रा के नोडल अधिकारी योगेंद्र गंगवार ने बताया कि देशी श्रद्धालुओं के साथ-साथ विदेशी श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल होने के लिए खूब पंजीकरण करा रहे हैं। आने वाले दिनों में पंजीकरण की संख्या में और अधिक बढ़ेगी।

गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को खुलने है। जबकि दो मई को केदारनाथ और चार मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट के खुलने के साथ यात्रा पूर्ण स्वरूप में शुरू होगी। आखिर में 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने है। केदारनाथ के श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक होने से दो मई से राज्य में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ में इजाफा देखने को मिलेगा। चारधाम यात्रा के लिए वेबपोर्टल के माध्यम से अब तक 11,61,557 पंजीकरण हुए। जबकि मोबाइल एप से 47,005 श्रद्धालु ने पंजीकरण कराया। वहीं, यात्रा के लिए 15,128 निजी वाहन और चार व्यवसायिक वाहन पंजीकृत हुए।

चारधाम यात्रा में पंजीकरण और यात्रा संबंधी समस्याओं व पूछताछ के लिए यूटीडीबी ने टोल फ्री नंबर (0135-1364) जारी किया है। जिसके माध्यम से 24 घंटे श्रद्धालुओं की समस्याओं का



समाधान किया जा रहा है। वहीं, अब तक 9,326 श्रद्धालुओं ने टोल फ्री नंबर में फोनकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराया है।